वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 10 अगस्त , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 34, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



कंपनियों की पूंजी 1.43 लाख करोड़ बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। } 10

अमित शाह ने पुडुचेरी पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज (प्रेसिडेंट्स कलर) प्रदान किया। उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में बल की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की। } 12

विकास, विरासत और भारत की आन बान-शान का प्रतीक है तिरंगा : योगी

सीएम ने किया हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ, हर युवा के लिए प्रेरणा है राष्ट्र प्रथम का मंत्र, कहा-हर घर पर फहरायें तिरंगा





विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं, कलाकारों समेत प्रदेशवासियों संग मुख्यमंत्री आवास कालिदास मार्ग से विधान भवन तक तिरंगा यात्रा निकाली। मुख्यमंत्री ने तिरंगा फहराते बच्चों के साथ सेल्फी ली और उनकी हौसलाअफजाई की। शुभारंभ स्थल पर वंदे मातरम का सामूहिक गान किया गया। मुख्यमंत्री ने स्वाधीनता दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए अपील की कि इससे पहले हर घर में तिरंगा फहराएं। मुख्यमंत्री ने तिरंगा को सादगी, विकास, विरासत और भारत की आन-बान-शान का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ओर से क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पूरे देश में आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भारत की आजादी और स्वतंत्र भारत में देश की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों, सैनिकों व संविधान निमार्ताओं राजेंद्र प्रसाद, बाबा साहेब भीमराव आंबडेकर, लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आदि को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा सादगी, विकास, विरासत और भारत की आन-बान-शान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रतीकों के प्रति सर्वोच्च सम्मान बनाए रखने के लिए राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत का अपमान करने वालों को संज्ञेय अपराध की सूची में रखते हुए दंडित करने का निर्णय भी लिया है। उन्होंने कहा कि अब यह नहीं हो सकता कि रहेंगे भारत में लेकिन भारत के प्रतीकों, महापुरुषों, राष्ट्रगान-राष्ट्रगीत को अपमानित करेंगे। मुख्यमंत्री ...शेष पृष्ठ 10 पर

सोशल मीडिया के जरिए भारत के खिलाफ अफवाह फैला रहीं देशविरोधी ताकतें: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत आपसी फूट, षडयंत्र के कारण गुलाम हुआ था। क्षेत्र, जाति व भाषा के नाम पर भारत को कमजोर करने वाली ताकतें आज भी फूट डाल रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म षड्यंत्र का माध्यम हो गया है। देशविरोधी ताकतें इसका दुरुपयोग कर भारत के खिलाफ अफवाहें फैला रही हैं। षड्यंत्र के तहत समाज को गुमराह करने करने का प्रयास हो रहा है। सीएम योगी रविवार को काकोरी ट्रेन एक्शन के 101वें वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित शताब्दी समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज काकोरी ट्रेन एक्शन की 101वीं तिथि है। भारत माता के महान सपूतों ने ब्रिटिश हुकूमत की चूलें हिलाकर चुनौती दी थी कि भारत की धरती गुलामी को हरगिज नहीं बर्दाश्त करेगी। इन क्रांतिकारियों ने 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर से लेकर 1942 के अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन तक संघर्ष की लंबी श्रृंखला खड़ी की थी। अंग्रेज भारत के लोगों की गाढ़ी कमाई लूटकर ब्रिटेन ले जाना चाहते थे, लेकिन इसी स्थान पर 9 अगस्त 1925 को पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आजाद, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जैसे क्रांतिकारियों ने खजाने को अपने कब्जे में लेकर आजादी की लड़ाई को नई ऊंचाइयां प्रदान की थीं। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी शचींद्र नाथ बख्शी व मन्मथ नाथ गुप्ता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वे काशी में पैदा हुए थे। उन्हें आजीवन कारावास की सजा मिली। ब्रिटिशर ने उनकी जागीर को जब्त कर लिया था। शचींद्र नाथ सान्याल भी काशी में पैदा हुए और उन्होंने अंतिम सांस गोरखपुर में ली। पं. रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह को फांसी दी गई। चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि आजाद ...शेष पृष्ठ 10 पर



जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांट रही कांग्रेस-सपा : योगी

सिद्धार्थनगर(राम आशीष दुबे)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सिद्धार्थनगर में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों दल जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन कारणों से देश गुलाम हुआ, कांग्रेस और सपा के नेता उसी विभाजनकारी रास्ते पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। डुमरियागंज और बांसी विधानसभा क्षेत्र में 311 करोड़ रुपये से अधिक की 107 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का युवा अब नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बन रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश में 17 करोड़ से अधिक लोगों को नौकरियां और रोजगार मिला है। पीएम स्टार्टअप योजना, डिजिटल इंडिया, ...शेष पृष्ठ 10 पर

पदक विजेताओं से मिले मोदी, बोले- जो खेलेगा वो खिलेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के पदक विजेता खिलाड़ियों और भारतीय दल के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और इस मुलाकात को प्रेरणादायक बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पदक विजेता खिलाड़ियों और भारतीय दल के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन और उनकी उपलब्धियों की सराहना की। भारतीय दल के खिलाड़ियों ने भी प्रधानमंत्री के साथ अपने अनुभव साझा किए और उनसे मुलाकात को यादगार बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के पदक विजेता भारतीय खिलाड़ियों के साथ एक रील भी साझा की। इसमें पीएम मोदी ने खिलाड़ियों के साथ संदेश देते हुए कहा कि जो खेलेगा, वो खिलेगा। हमेशा भारत के लिए उत्साह बढ़ाएं। ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने कुल 39 पदक अपने नाम किए। भारतीय खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदक जीते। इस प्रदर्शन के साथ भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। इस बार कॉमनवेल्थ गेम्स में खेलों की संख्या पहले के मुकाबले काफी कम थी।



हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह से हिस्सा लें: पीएम

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से हर घर तिरंगा अभियान में उत्साह के साथ हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज देश का गौरव है और यह देश के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा देता है। आज़ादी का अमृत महोत्सव के तहत 2022 में शुरू हुआ हर घर तिरंगा अभियान अब एक सालाना राष्ट्रीय परंपरा बन गया है, जिसमें करोड़ों नागरिक हर स्वतंत्रता दिवस पर स्वेच्छा से राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारा तिरंगा हमारा गौरव है और देश के लिए हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की निरंतर प्रेरणा है। आइए, हम हर घर तिरंगा अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लें और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने के अपने सामूहिक संकल्प को दोहराएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें खुशी है कि इस साल की यह पहल राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को समर्पित है।

झारखंड लोक सेवा आयोग के तीन सदस्यों का इस्तीफा

सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल ने लगायी मुहर, रिमांड पर चल रहे दो आरोपियों से भी पूछताछ

एजेंसी

रांची। झारखंड लोक सेवा आयोग से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आयोग के तीन सदस्यों अजिता भट्टाचार्य, अनीमा हांसदा और जमाल अहमद के पद से दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं।

झारखंड लोक भवन की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर राज्यपाल ने यह फैसला लिया। राजभवन की ओर से बताया गया कि तीनों सदस्यों ने जेपीएससी में अपने पद से इस्तीफा दिया था। राज्य सरकार की सिफारिश के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने इन इस्तीफों को स्वीकार कर लिया। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब झारखंड में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर छात्र आंदोलन कर रहे हैं। छात्र संगठनों की ओर से परीक्षाओं की प्रक्रिया में सुधार और कथित अनियमितताओं की जांच समेत कई मांगें उठाई जा रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, सीआईडी की टीम सोमवार को डॉ. अजीता भट्टाचार्य, मंगलवार को डॉ. अनिमा हांसदा और बुधवार को डॉ. जमाल अहमद से पूछताछ करेगी। आवश्यकता पड़ने पर तीनों को दोबारा भी बुलाया जा सकता है। इससे पहले जांच एजेंसी जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर



विशेष खबर

विराज सागर दास ने दिया राष्ट्रभक्ति और एकजुटता का संदेश

युवा भाजपा नेता विराज सागर दास सैकड़ों समर्थकों के साथ तिरंगा यात्रा में हुए शामिल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। स्वतंत्रता दिवस से पहले राजधानी लखनऊ में रविवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सुबह विक्रमादित्य मार्ग से निकाली गयी भव्य तिरंगा यात्रा में बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन अध्यक्ष व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए।। जयहिंद और वंदेमातरम का उद्घोष करते हुए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर यह पद यात्रा कालीदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंची, जहां तिरंगा यात्रा की भव्यता देखते ही बनी। हर ओर सिर्फ तिरंगा ही तिरंगा नजर आ रहा था। इस यात्रा से भाजपा के युवा नेता विराज सागर दास ने राष्ट्रभक्ति और ...शेष पृष्ठ 10 पर







फोटोः समीर भटनागर

लखनऊ में लहराया 2 हजार फीट लंबा तिरंगा

भारत माता की जय से गूंजा लखनऊ, राष्ट्रप्रेम के उत्साह से लबरेज दिखे युवा

विशेष संवाददाता (vol)





लखनऊ। आजादी के पर्व 15 अगस्त से पहले लखनऊ में रविवार की सुबह राष्ट्रभक्ति का रंग और गहरा होता नजर आया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास से हर घर तिरंगा अभियान के तहत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मुख्यमंत्री के साथ हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा में शामिल हुए।

इस यात्रा के दौरान पूरे रास्ते मुख्यमंत्री योगी के दाएं व बाएं भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की दो छात्राओं ने हाथ में तिरंगा लिए कदमताल किया। तिरंगे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते बच्चों और लोगों ने भारत माता की जय व राष्ट्रप्रेम से जुड़े नारों से सबका ध्यानाकर्षित किया। वहीं बच्चों ने हर घर तिरंगा फहराने का भी संकल्प लिया। इस तिरंगा यात्रा में 30 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री आवास से जैसे ही तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी, राजधानी की सड़कें देशभक्ति के रंग में रंगती चली गईं। हाथों में लहराते तिरंगे, उत्साह से भरे चेहरे और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत माहौल ने यात्रा को भव्य रूप दे दिया। यात्रा के रास्ते में बड़ी संख्या में लोग इसके स्वागत के लिए खड़े रहे। लोगों ने पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों व छात्र-छात्राओं का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री आवास से सिविल अस्पताल होते हुए विधानसभा तक सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों में भी तिरंगे को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। हर घर तिरंगा यात्रा में सरकारी और निजी स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के हाथों में तिरंगा और चेहरों पर देशभक्ति का उत्साह आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। यात्रा में शामिल लोगों ने राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। राजधानी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक और खास नजारा देखने को मिला। विधानसभा के पास एक निजी डिफेंस एकेडमी संस्थान के बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर विधानभवन से हजरतगंज चौराहे तक करीब 2 हजार फीट लंबा तिरंगा फहराया। बड़ी संख्या में बच्चों ने एक साथ खड़े होकर तिरंगा के प्रति सम्मान दिखाया। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश के राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। लखनऊ में अभियान की शुरूआत के मौके पर निकली तिरंगा यात्रा ने इसी भावना को जीवंत कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बच्चों, युवाओं और आम लोगों की भागीदारी ने आयोजन को जनभागीदारी का स्वरूप दिया।

तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चों व लोगों ने बताए अनुभव : तिरंगा यात्रा में शामिल होने आए दसवीं कक्षा के छात्र आर्यन ने कहा कि तिरंगा यात्रा में शामिल होकर बहुत गर्व महसूस हुआ। इतने बच्चों को साथ देखकर लगा कि देशभक्ति के प्रति हम सभी बेहद जागरूक हैं। वहीं 11वीं कक्षा की छात्रा अनन्या ने कहा कि हाथ में तिरंगा लेकर चलना मेरे लिए खास अनुभव रहा। मुख्यमंत्री के साथ यात्रा में शामिल होकर देश के प्रति सम्मान और बढ़ा। स्नातक की छात्रा साक्षी ने कहा कि तिरंगा यात्रा ने युवाओं में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना मजबूत की है। लखनऊ में हजारों लोगों को एकजुट देखकर बहुत गर्व महसूस हुआ। लखनऊ में सेना भर्ती की तैयारी कर रहे छात्र विवेक ने कहा कि तिरंगा हमारे लिए केवल झंडा नहीं, आन-बान और शान है। इस तिरंगा यात्रा ने मेरे सेना में जाने के संकल्प को और भी मजबूत कर दिया है। हाथ में तिरंगा लिए विधानसभा की ओर बढ़ रहीं कविता सिंह ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ इस यात्रा में शामिल हुईं हैं। बच्चों को राष्ट्रप्रेम सिखाने और दिखाने का यह अवसर उनके परिवार के लिए बेहद खास रहा।

मुख्यमंत्री योगी ने राष्ट्रनायकों के परिजनों का किया सम्मान



विशेष संवाददाता (vol)

- शौर्यगाथा की पुस्तकों का विमोचन, शहीदों पर संगीतमय नाट्य प्रस्तुति देखी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काकोरी शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित संगीतमय नाट्य प्रस्तुति देखी। इसमें कलाकारों ने वंदे मातरम, हंसते-हंसते चूम लेंगे फांसी के फंदों को हम, चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊं, शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले आदि गीतों के जरिए राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार किया और काकोरी व स्वतंत्रता संग्राम की गाथा को जीवंतता प्रदान की। कलाकारों की प्रस्तुति देख दर्शकों ने भी भारत माता की जयकार से पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। यह नाट्य प्रस्तुति भारतेंदु नाट्य अकादमी के रंगमंडल की ओर से डॉ. सुमित श्रीवास्तव के निर्देशन में की गई। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रनायकों का किरदार निभाने वाले कलाकारों के अभिनय की सराहना की। उन्होंने बच्चों की पेंटिंग पर आधारित वंदे मातरम और काकोरी ट्रेन एक्शन के शहीदों-शासकीय अभिलेखों पर आधारित पुस्तिकाओं का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राष्ट्रनायकों व काकोरी के शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने परमवीर चक्र विजेता मनोज पांडेय के भाई मनमोहन पांडेय, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी की धर्मपत्नी कमला द्विवेदी, राइफल मैन सुनील जंग की मां बीना जंग को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों व काकोरी के अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। इनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिव नारायण गुप्ता के नाती देवाशीष गुप्ता, रामकृष्ण खत्री के पौत्र रोहित खत्री, शचींद्र नाथ बख्शी की नातिन मीता बख्शी, ठाकुर रोशन सिंह के प्रपौत्र प्रियांशु सिंह व राजीव सिंह, अशफाक उल्ला खां के परिजन आफाक उल्ला खां, राजा सिंह की पुत्रवधू राजेश्वरी सिंह, कुंवर सिंह चौधरी की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी चौधरी आदि शामिल रहे। काकोरी शहीद स्मारक पर अमर शहीद वाटिका का विस्तारीकरण करते हुए इसमें 34 पौधे लगाए गए। मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत त्रिवेणी (पीपल, बरगद, नीम) पौधे रोपे। उप मुख्यमंत्री, पर्यटन/संस्कृति मंत्री, महापौर समेत अन्य अतिथियों ने अशोक के पौधे लगाए। मुख्य वन संरक्षक (लखनऊ मंडल) रेणु सिंह, अवध वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय की देखरेख में यह पौधरोपण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रभक्ति की धुन के बीच सबसे पहले अमर शहीद चंद्रशेखर सिंह, रामप्रसाद बिस्मिल, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ सेल्फी ली और उन्हें चॉकलेट भी दी। सीएम ने अमर शहीदों की फोटो के सम्मुख दोनों उप मुख्यमंत्रियों के साथ बैठकर फोटो भी खिंचवाई। मुख्यमंत्री ने काकोरी शहीद स्मारक में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी के बारे में जानकारी ली और उपस्थित लोगों को बलिदानियों/राष्ट्रनायकों के कृतित्व-व्यक्तित्व आदि के बारे में भी बताया। संस्कृति व पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने सीएम योगी को प्रदर्शनी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने भी अकादमी की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी के बारे में बताया। प्रदर्शनी में काकोरी से जुड़े घटनाक्रम को दर्शाते हुए राष्ट्रवीरों के चित्र भी प्रदर्शित किए गए।

पिछड़ा वर्ग छात्रवृत्ति के लिए कल से 21 सितंबर तक होंगे आवेदन

- 2 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों के छात्रों को मिलेगा लाभ

लखनऊ। प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की शिक्षा को सहारा देने के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं को प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत वर्ष 2026- 27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू होगी। छात्र 11 से 25 अगस्त 2026 तक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकेंगे। जबकि वर्ष 2026-27 सत्र के नए छात्र 11 अगस्त से 21 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

छात्रों से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है। इस योजना के जरिए पिछले 9 वर्षों में करीब 22 करोड़ से अधिक छात्रों को आर्थिक सहायता मिल चुकी है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को पढ़ाई जारी रखने और उच्च शिक्षा हासिल करने का अवसर मिल रहा है। योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजना का व्यापक असर साल दर साल देखने को मिल रहा है। वर्ष 2025-26 में पिछड़ा वर्ग के 36 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की गई। पूर्वदशम यानी कक्षा 9 और 10 की छात्रवृत्ति योजना के तहत 8.88 लाख छात्रों के बैंक खातों में कुल 219.64 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई थी। इस अवधि में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत इंटरमीडिएट से लेकर उच्च शिक्षा तक के 27.86 लाख छात्रों को कुल 2882.02 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई थी। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देना है। योजना के तहत ऐसे विद्यार्थियों को लाभ दिया जाता है, जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 2 लाख रुपये या उससे कम है। छात्रवृत्ति की मदद से विद्यार्थियों को फीस, पाठ्यक्रम से जुड़े खर्च और पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहारा मिलता है। सरकार ने छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया है। पिछड़ा वर्ग कल्याण निदेशक उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया 11 अगस्त से शुरू हो रही है।

कांवड़ यात्रा हुई हाईटेक, एक क्लिक पर मिल रहीं जरूरी सुविधाएं

यात्रा एप से रूट मैप, मंदिर, चिकित्सा, भोजन और शौचालय की जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। प्रदेश में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा वाले जिलों में प्रशासन ने स्वास्थ्य, पेयजल, भोजन, शौचालय और आवागमन की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल सुविधाओं को भी मजबूत किया है।

कांवड़ यात्रा एप के जरिए शिवभक्तों को एक क्लिक पर यात्रा मार्ग, मंदिर, शौचालय, चिकित्सा केंद्र और भोजन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। शिकायत या आपात स्थिति में मदद के लिए भी एप को उपयोगी बनाया गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और एक्स को एप से जोड़े जाने से श्रद्धालुओं को यात्रा से जुड़ी अपडेट भी मिल रही हैं। बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल के अनुसार जिले में अब तक 25 हजार से अधिक श्रद्धालु कांवड़ यात्रा एप का इस्तेमाल कर चुके हैं। एप के माध्यम से कांवड़ियों को यात्रा मार्ग और रास्ते में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी मिल रही है। प्रशासन के अनुसार बागपत में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा के साथ भोजन और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाएं भी की गई हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत बागपत में महिला कांवड़ियों के लिए महिला डॉक्टरों से लैस बाइक एंबुलेंस तैनात की गई हैं। जरूरत पड़ने पर ये एंबुलेंस कांवड़ मार्ग पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद करेंगी। जिले में 20 निजी अस्पतालों के अलावा 35 स्वास्थ्य कैंप भी तैयार किए गए हैं। बुजुर्ग, महिला और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कांवड़ मार्ग पर व्हीलचेयर और ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। यात्रा मार्गों पर पेयजल, भोजन, शौचालय और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गाजियाबाद में कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम को सक्रिय किया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कांवड़ मार्ग का देर रात तक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। कंट्रोल रूम के जरिए मार्गों की निगरानी की जा रही है, ताकि किसी समस्या की सूचना मिलने पर संबंधित टीम को तत्काल भेजा जा सके। गाजियाबाद में कांवड़ मार्ग को धार्मिक और आकर्षक स्वरूप भी दिया गया है। मार्ग की दीवारों पर भगवान शिव और कांवड़ यात्रा से जुड़ी कलाकृतियां बनाई गई हैं।

हर घर तिरंगा यात्रा में देहरादून ने दिया एकता का संदेश

सीएम धामी बोले- राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने का लें संकल्प, तिरंगा अभियान में गांधी पार्क से घंटाघर तक निकली पदयात्रा

विशेष संवाददाता (vol)



देहरादून। हर घर तिरंगा अभियान के तहत देहरादून में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में निकली पदयात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। हाथों में राष्ट्रध्वज लिए लोगों ने देशभक्ति के नारों के बीच राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। यह स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र के प्रति समर्पण की स्मृति को जीवंत रखता है। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत बनाए रखना केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है।

सीएम धामी ने प्रदेशवासियों से स्वतंत्रता दिवस पर अपने घरों में राष्ट्रध्वज फहराने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस को व्यापक जनसहभागिता के साथ मनाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपर्व तभी सार्थक होगा, जब इसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी हो और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना और मजबूत हो। पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री घंटाघर पहुंचे। उन्होंने उत्तराखंड आंदोलन के अग्रणी व्यक्तित्व स्व. इंद्रमणि बडोनी और संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद मुख्यमंत्री नागरिकों के साथ यात्रा में शामिल हुए और गांधी पार्क से घंटाघर तक पैदल चले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में निर्माण, डिजिटल सेवाओं, नवाचार, स्टार्टअप और स्वदेशी तकनीक को प्रोत्साहित किए जाने से आत्मनिर्भरता को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि भारत अब वैश्विक मंच पर अपनी क्षमता और सामर्थ्य के आधार पर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक नीति अपनाई है। सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश ने यह स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा। रक्षा उत्पादन में स्वदेशी क्षमता बढ़ने से भारत सुरक्षा के साथ रक्षा निर्यात के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान देश की सेवा और सैन्य परंपरा से भी जुड़ी है। प्रदेश के अनेक परिवारों ने पीढ़ियों से सेना में योगदान दिया है और आज भी बड़ी संख्या में उत्तराखंड के युवा सीमाओं पर देश की सुरक्षा में तैनात हैं। राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों तथा शहीद परिवारों के सम्मान और कल्याण को लेकर लगातार कार्य कर रही है। रोजगार के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नकल विरोधी कानून के सख्त प्रावधान लागू होने के बाद सरकारी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग पांच वर्षों में 34 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार की तलाश तक सीमित रखने के बजाय उन्हें स्वरोजगार और रोजगार सृजन के लिए सक्षम बनाने पर भी जोर दे रही है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, होम-स्टे तथा पर्यटन क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यवसाय शुरू करने, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं सौरभ बहुगुणा, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, विनोद चमोली एवं सविता कपूर, मेयर सौरभ थपलियाल, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, महामंत्री कुंदन परिहार, दीप्ति रावत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

रालोद के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह का आगमन 13 को

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा बस्ती राजघराने से ताल्लुक रखने वाले ऐश्वर्य राज सिंह को राष्ट्रीय लोक दल, उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद उनके प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह और हर्ष का माहौल है।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे वंदे भारत ट्रेन से लखनऊ पहुंचेंगे। इसके पश्चात लगभग 11 बजे वह राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश कार्यालय पहुंचेंगे, जहां पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

चारबाग रेलवे स्टेशन से प्रदेश कार्यालय तक पहुंचने के मार्ग में भी कई स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा ऐश्वर्य राज सिंह के स्वागत की तैयारियां की गई हैं। चारबाग से लेकर प्रदेश कार्यालय तक विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उनका स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे। उनके प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर पार्टी कार्यकताओं में विशेष उत्साह है और जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारियां की गई हैं।

स्वागत कार्यक्रम के बाद लगभग 12 बजे पार्टी कार्यालय में उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से ऐश्वर्य राज सिंह का औपचारिक परिचय कराया जाएगा। इसके साथ ही दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह जी मीडिया के बंधुओं से रूबरू होंगे और संगठन, अपनी प्राथमिकताओं तथा उत्तर प्रदेश में पार्टी की आगामी रणनीति को लेकर संवाद करेंगे। इस संबंध में राष्ट्रीय लोक दल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने बताया कि ऐश्वर्य राज सिंह के प्रथम लखनऊ आगमन को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं में विशेष उत्साह है और उनके स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं।

सभी जिलों में हर माह लगे रोजगार और कौशल मेला : डॉ. राजेश्वर

युवाओं को प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और रोजगार से जोड़ें उद्योग, विश्वविद्यालयों में उद्योग आधारित कौशल पाठ्यक्रम शुरू करने का सुझाव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री को पत्र भेजकर युवाओं के रोजगार और रोजगार पाने की क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच समन्वय पर आधारित एकीकृत रोजगार एवं कौशल मिशन शुरू करने का सुझाव दिया है।

डॉ. सिंह ने प्रस्ताव रखा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों में अगले छह माह तक प्रत्येक माह एक निश्चित दिन रोजगार एवं कौशल मेले आयोजित किए जाएं। छह माह की तिथियां पहले से घोषित हों और सत्यापित कंपनियां वास्तविक रिक्तियों के साथ मेले में पहुंचकर साक्षात्कार तथा जहां संभव हो, मौके पर चयन करें। उन्होंने कहा कि सफल परिणाम मिलने पर इस मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी लागू किया जा सकता है। डॉ. सिंह ने कहा कि उद्योगों की जिम्मेदारी केवल तैयार प्रतिभाओं को नौकरी देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

कंपनियों को युवाओं को प्रशिक्षण देने, प्रशिक्षु के रूप में अवसर देने, रोजगार उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल को विकसित और पुनः विकसित करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कंपनियों के प्रमुख और प्रबंधन नए युवाओं की भर्ती तथा प्रशिक्षु कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा करें और युवाओं के प्रशिक्षण एवं प्रतिभा निर्माण को संस्थान की प्राथमिकता बनाएं। डॉ. सिंह ने विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थानों में कौशल उन्नयन एवं पुनः कौशल विकास केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया। इनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, अक्षय ऊर्जा और आधुनिक विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में 3, 6 और 12 माह के उद्योग आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को तैयार करने और समय-समय पर अपडेट करने में उद्योगों की सक्रिय भागीदारी हो। उद्देश्य यह हो कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न रहे, बल्कि युवाओं के लिए जीवनभर सीखने और कौशल विकसित करने की व्यवस्था बने। डॉ. सिंह ने केंद्र और राज्य स्तर पर उद्योग जगत के प्रमुखों, कंपनियों, विश्वविद्यालयों और कौशल प्रशिक्षण संस्थानों के साथ नियमित रोजगार एवं कौशल संवाद आयोजित करने का सुझाव दिया। इसके माध्यम से अगले 3 से 5 वर्षों में उद्योगों को कितने कर्मचारियों और किन कौशलों की आवश्यकता होगी, इसका पहले से आकलन किया जा सकेगा। उन्होंने रोजगार मेलों से प्राप्त रिक्तियों, आवेदकों, चयनित युवाओं और वास्तविक नियुक्तियों के आंकड़ों के आधार पर जिलावार रोजगार एवं कौशल मानचित्र तैयार करने का सुझाव दिया। चयन से वंचित युवाओं को उनकी कौशल कमी की पहचान कर प्रशिक्षण, सेतु पाठ्यक्रम और प्रशिक्षु कार्यक्रमों से जोड़ा जाए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में तकनीक के साथ मानवीय दृष्टिकोण भी जरूरी है। उन्होंने कहा, हर आवेदक केवल बायोडाटा, अंक या आवेदन संख्या नहीं है। वह किसी का बेटा या बेटी है और उसके पीछे एक परिवार की वर्षों की मेहनत, त्याग और उम्मीदें हैं। उन्होंने उद्योग जगत से युवाओं में कौशल की कमी होने पर उन्हें सीधे अस्वीकार करने के बजाय उनकी सीखने की क्षमता और संभावनाओं को पहचानने तथा प्रशिक्षण और दूसरा अवसर देने की अपील की। डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार की व्यापक पहुंच, शिक्षण संस्थानों का ज्ञान और उद्योग जगत का नेतृत्व एवं जिम्मेदारी मिलकर भारत की युवा आबादी को वास्तविक रोजगार शक्ति में बदल सकते हैं।

सपा प्रमुख ने क्रांतिकारियों को किया नमन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने वाले काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ पर सभी क्रांतिकारियों को नमन किया है।

काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी स्थित शहीद स्मारक पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी श्री जयसिंह जयंत के नेतृत्व में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी महान शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं ने शहीदों को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया।



वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी के लिए शहीदों का त्याग और साहस हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। इस अ.वसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया, स्नातक चुनाव प्रभारी टीबी सिंह यादव, विधानसभा मलिहाबाद अध्यक्ष सोनिश मौर्या, वीरेंद्र सिंह यादव, राजबाला रावत, विजयश्री गौतम, अभय मुलायम, हरिशंकर यादव, पूर्व चेयरमैन नजमी खां और रज्जनलाल यादव आदि प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये।

भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद किया : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं है। महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों और साइबर क्राइम में उत्तर प्रदेश सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि लखीमपुर खीरी में दलित युवती की दुष्कर्म के बाद हत्या की बेहद दर्दनाक घटना हुई। पिछले दिनों लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के नरपत खेड़ा में 17 वर्षीय बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा की गला रेतकर हत्या हो गयी। इसी सप्ताह बख्शी का तालाब क्षेत्र में एक युवक का शव मिला, उसकी हत्या कर दी गयी। उत्तर प्रदेश की बहन बेटियों को इस महिला विरोधी सरकार में कभी न्याय नहीं मिल सकता। श्री यादव ने कहा कि फर्जी मुकदमें, फर्जी एनकाउण्टर, फर्जी सिरप, फर्जी प्रचार तो हो ही रहा है, अब तो हद हो गयी है इस सरकार में फर्जी पुलिस और अवैध थाने भी सामने आ गये है। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है, प्रदेश में फजीवाड़े और अवैध कार्यों की भरमार है। इन कार्यों को सत्ताधारियों का संरक्षण है।

दो साल से उठ रहा अवैध घुसपैठियों का मुद्दा, नतीजा शून्य

छापे, अल्टीमेटम और सत्यापन की कवायद... फिर भी नहीं मिला कोई बांग्लादेशी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। शहर में कूड़ा बीनने और सफाई कार्य से जुड़े बाहरी श्रमिकों की पहचान और सत्यापन का मुद्दा पिछले करीब दो वर्षों से उठता रहा है। नगर निगम और प्रशासन की ओर से बस्तियों में जांच, पहचान संबंधी दस्तावेज जुटाने और सफाई कर्मियों के पुलिस सत्यापन की कवायद भी की गई, लेकिन अब तक किसी व्यक्ति को बांग्लादेशी नागरिक साबित कर बाहर किए जाने की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने पिछले दो वर्षों के दौरान कई बार उन बस्तियों का औचक निरीक्षण किया, जहां कूड़ा बीनने वाले और सफाई कार्य से जुड़े लोग रहते हैं। चार दिसंबर 2025 को शंकरपुरवा प्रथम वार्ड की बहादुर बस्ती में निरीक्षण के दौरान कई लोगों से पहचान संबंधी दस्तावेज मांगे गए थे।

कुछ लोग मौके पर दस्तावेज नहीं दिखा सके, जिसके बाद उन्हें निर्धारित समय में पहचान प्रमाण प्रस्तुत करने अथवा बस्ती खाली करने का निर्देश दिया गया था। इससे पहले 29 दिसंबर 2024 को इंदिरानगर के चांदन गांव में कूड़ा संग्रहण से जुड़े निजी ठेलिया चालकों और नगर निगम कर्मियों के बीच विवाद हुआ था। मामले में मारपीट के आरोप लगे और पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद कुछ झोपड़ियों पर कार्रवाई भी की गई थी। उस समय शहर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर कार्रवाई की बात कही गई थी।

नगर निगम की ओर से कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से तैनात सफाई कर्मियों का पुलिस सत्यापन कराने के निर्देश भी जारी किए गए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से जोनल अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया था।

महापौर की ओर से जिलाधिकारी और पुलिस आयुक्त को भी पत्र भेजे जाने की बात सामने आई। नगर निगम में सफाई और कूड़ा उठान का काम निजी कंपनियों तथा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के माध्यम से कराया जा रहा है। इसके अलावा निजी स्तर पर भी बड़ी संख्या में लोग कूड़ा संग्रहण और सफाई के काम से जुड़े हैं। इस पूरी कवायद के बीच लखनऊ स्वच्छता अभियान कंपनी से जुड़े करीब 120 कर्मचारियों के बिना सूचना नौकरी छोड़कर चले जाने की बात भी सामने आई। हालांकि, इन कर्मचारियों की पहचान और उनके नौकरी छोड़ने के कारणों को लेकर कोई आधिकारिक स्पष्टता सामने नहीं आई है। यह भी चर्चा है कि कूड़ा संग्रहण और सफाई कार्य में बड़ी संख्या में बाहरी श्रमिक जुड़े हैं और इनमें कुछ की नागरिकता को लेकर सवाल उठते रहे हैं। हालांकि, केवल पहचान पत्र उपलब्ध न होने या किसी व्यक्ति के किसी अन्य राज्य से आने के आधार पर उसे विदेशी नागरिक नहीं माना जा सकता। नागरिकता की पुष्टि के लिए सक्षम एजेंसियों की जांच और दस्तावेजी सत्यापन जरूरी है। करीब दो वर्षों से चल रही कार्रवाई के बावजूद यदि किसी विदेशी नागरिक की पहचान और निष्कासन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, तो इससे पूरी सत्यापन प्रक्रिया की प्रभावशीलता पर सवाल जरूर उठते हैं। अब जरूरत इस बात की है कि नगर निगम, पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से पारदर्शी सत्यापन कर वास्तविक स्थिति सामने लाएं, ताकि अफवाह और तथ्य के बीच अंतर स्पष्ट हो सके।

तीन दिन भारी बारिश के आसार

दक्षिणी हिस्सों में भारी वर्षा की चेतावनी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय होने के संकेत हैं। मौसम तंत्र में बदलाव के चलते अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं अन्य क्षेत्रों में मानसूनी गतिविधियां अपेक्षाकृत सीमित रह सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी तट पर बना निम्न दबाव क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ते हुए उत्तरी-पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर पहुंच रहा है। इसके प्रभाव से मानसूनी द्रोणी अपनी सामान्य स्थिति से कुछ दक्षिण की ओर खिसक गई है। इससे मध्य भारत की ओर मानसूनी प्रवाह मजबूत होने की संभावना है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के दक्षिणी भाग में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है। मौसम तंत्र के आगे बढ़ने के साथ आगामी दिनों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की गतिविधियां छिटपुट रहने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर बना निम्न दबाव क्षेत्र कमजोर पड़ रहा है। वहीं दक्षिणी पश्चिम बंगाल और आसपास के उत्तरी ओडिशा क्षेत्र में बना निम्न दबाव क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ सकता है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिनों में खासकर दक्षिणी उत्तर प्रदेश में मानसूनी प्रवाह मजबूत रहने की संभावना है। पिछले पांच-छह दिनों में प्रदेश में हुई व्यापक बारिश से वर्षा की कमी में भी सुधार हुआ है। प्रदेश का वर्षा विचलन 29 प्रतिशत से सुधरकर 19 प्रतिशत रह गया है। इसके साथ ही इस मानसून सीजन में प्रदेश की कुल वर्षा अब सामान्य श्रेणी में पहुंच गई है।

पेट के कीड़े से एनीमिया और कमजोरी का खतरा : डा. हिमांशु चतुर्वेदी

लखनऊ। पेट में होने वाले कीड़े को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज करना बच्चों की सेहत पर भारी पड़ सकता है। आंतों में मौजूद कीड़े शरीर से पोषक तत्वों को खींच लेते हैं, जिससे बच्चों में खून की कमी यानी एनीमिया, कमजोरी और कुपोषण की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक संक्रमण रहने पर बच्चों की शारीरिक वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। भूख में बदलाव, पेट दर्द, कमजोरी, थकान और वजन कम होना इसके संकेत हो सकते हैं।

बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु चर्तुवेदी ने बताया कि पेट में कीड़े से बचाव के लिए स्वच्छता सबसे अहम हथियार है। शौच के बाद और भोजन से पहले साबुन से हाथ धोएं। नाखून छोटे रखें, साफ पानी पिएं और फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाएं। खुले में शौच से बचें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार बच्चों को हर छह महीने में एल्बेंडाजॉल की खुराक दिलाना भी कृमि संक्रमण से बचाव का प्रभावी उपाय है।

पेट में होने वाले कृमि संक्रमण का बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर सीधा असर पड़ सकता है। खासकर एक से 19 वर्ष तक के बच्चों में इसका खतरा अधिक रहता है। पेट के कीड़े शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण को प्रभावित कर सकते हैं। जिससे बच्चों में कमजोरी, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने की समस्या बढ़ सकती है। संक्रमण लंबे समय तक रहने पर बच्चे के शारीरिक विकास और सामान्य गतिविधियों पर भी असर पड़ सकता है। इससे बचाव के लिए खाना खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोएं, नाखून छोटे और साफ रखें, खुले में शौच से बचें और शौचालय का इस्तेमाल करें, साफ और सुरक्षित पानी ही पिएं, फल-सब्जियों को अच्छी तरह धोकर खाएं, भोजन को ढककर रखें और स्वच्छता का ध्यान दें। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई और स्वच्छ खान-पान से बचाव संभव है। पेट में कीड़े बच्चों के पोषण और सेहत पर डाल रहे असर और छह माह में एल्बेंडाजॉल टैबलेट की खुराक जरूरी है।

गांव-गांव अमृत सरोवरों पर लहरायेगा तिरंगा

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक पूरे उत्साह, उल्लास व उमंग के वातावरण मे भव्य तरीके से मनाने के लिये ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। उपमुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में, ग्राम्य विकास की ओर से समस्त जनपदों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। स्वतंत्रता दिवस के उत्सव में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो सके इसके लिए विभाग की ओर से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को ससमय तैयारी करने और कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक अमृत सरोवरों पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया जाएगा, ध्वजारोहण के कार्यक्रम से पूर्व ग्राम पंचायत के माध्यम अमृत सरोवरों की विधिवत अभियान चलिकर साफ सफाई करायी जाय और राष्ट्रप्रेम की भावना से परिपूर्ण अन्य राष्ट्रोत्प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जांय ।प्रदेश की ग्राम पंचायतों में निर्मित और विकसित किये गये सभी अमृत सरोवर स्थलों और तालाबों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये गये हैं। इस आयोजन को शानदार व सफल बनाने के लिए, सभी की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस सम्बन्ध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्राम्य विकास विभाग के जिलों के अधिकारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

एकजुट होकर मजबूत वोट बैंक बनें व्यापारी : संजय गुप्ता

- ट्रांसपोर्ट नगर में क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन, नयी कार्यकारिणी ने ली शपथ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की ट्रांसपोर्ट नगर इकाई की ओर से रविवार को क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि संजय गुप्ता ने व्यापारियों से एकजुट होकर अपने हितों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।

संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान उनकी एकजुटता और जागरूकता से ही संभव है। व्यापारियों को जाति और धर्म से ऊपर उठकर एक मजबूत वोट बैंक के रूप में अपनी पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि व्यापारी एकजुट होकर मतदान करेंगे तो कोई भी राजनीतिक दल उनके हितों की अनदेखी नहीं कर सकेगा। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों से डरने की आवश्यकता नहीं है। संगठन व्यापारियों के हितों के लिए हर स्तर पर उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। समारोह के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सुनील मौर्य को अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार मौर्य को वरिष्ठ महामंत्री, अजय प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष और आनंद कुमार यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं गुरप्रीत सिंह चड्ढा, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौर, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह और नगर महामंत्री, मोहित कपूर समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

स्वदेशी व्यापारी मंच के बैनर तले 3 सितंबर को व्यापारियों का कुंभ

लखनऊ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के 33 वें स्थापना दिवस पर राजधानी में 3 सितंबर व्यापारी दिवस के अवसर पर स्वदेशी व्यापारी कुंभ आयोजित किया जा रहा है। स्वदेशी व्यापारी मंच के तत्वाधान में आयोजित होने वाले इस कुंभ में प्रदेश के समस्त जनपदों का प्रतिनिधित्व होगा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने सहादतगंज क्षेत्र में बैठक की और क्षेत्र के समस्त व्यापारियों को 3 सितंबर को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आने के लिए आमंत्रित किया उन्होंने बताया कि इस स्वदेशी व्यापारिक कुंभ में देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे व्यापारियों की एकजुटता को प्रदर्शित करने वाला यह कुंभ ऐतिहासिक होगा। बैठक में सहादतगंज क्षेत्र के अध्यक्ष दीपेश गुप्ता, महामंत्री विक्रांत यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनीत साहू, वरिष्ठ व्यापारी अरुण कुमार त्रिवेदी, हरीश प्रसाद अवस्थी, जयशंकर खन्ना, मनोज गुप्ता, रज्जू गुप्ता, गजजी निगम, उमा साहू, पुरुषोत्तम पुरी, रमेश शुक्ला, पदम जैन, पतंजलि सिंह, सनत गुप्ता, मुकेश साहू सहित पचासों व्यापारी उपस्थित थे।

स्पेलिंग प्रतियोगिता में सीएमएस छात्र अव्वल



लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र नीलाक्ष आनंद ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित स्पेलिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लखनऊ का नाम रोशन किया है। नीलाक्ष ने विज इण्टरनेशनल स्पेल बी कम्पटीशन के नेशनल मेगा फाइनल राउण्ड में उत्तर प्रदेश में चौथी जबकि अखिल भारतीय स्तर पर 20वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। इस उपलब्धि हेतु नीलाक्ष को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने छात्र की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की है।

केजीएमयू की प्रो. सोनिया नित्यानंद का तीन वर्ष कार्यकाल बढ़ा

पहली बार दस अगस्त 2023 को संभाला था कुलपति का कार्यभार

लखनऊ। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद को दोबारा किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) का कुलपति नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति का पत्र रविवार को राज्यपाल सचिवालय से जारी किया गया। प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद को अपना दूसरे कार्यकाल में काम करने का अवसर मिलेगा। पद्मश्री से सम्मानित प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने पहली बार दस अगस्त 2023 को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति का कार्यभार संभाला था।

चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार उनको 26 जनवरी 2025 को पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद भारतीय इम्यूनोलॉजिस्ट और हीमैटोलॉजिस्ट हैं। वह किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति के रूप में कार्यरत हैं। प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद के पिता पद्मश्री डॉ. नित्यानंद केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के प्रसिद्ध वैज्ञानिक और निदेशक रहे तथा भारत की पहली गैर-स्टेरॉयड गर्भनिरोधक गोली 'सहेली' के खोजकर्ता के रूप में जाने जाते थे।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2023 से 2026 तक के अपने पहले कार्यकाल में डॉ. सोनिया नित्यानंद के नेतृत्व में



विश्वविद्यालय ने नैक ए प्लस-प्लस मान्यता हासिल करने और विभिन्न विभागों में रोबोटिक सर्जरी का विस्तार करने जैसी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज कीं। केजीएमयू में अब तक 36 प्रिंसिपल रहे हैं। विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद 12 कुलपति नियुक्त हो चुके हैं। केजीएमयू प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में शामिल है। यहां 4000 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। प्रतिदिन सात से आठ हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। यहां देशभर से मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में कुलपति के तौर पर डॉ. सोनिया नित्यानंद के सामने चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने के साथ मरीजों की सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने की चुनौती होगी। डा. सोनिया नित्यानंद ने केजीएमयू से 1986 में एमबीबीएस और 1989 में एमडी (मेडिसिन) की डिग्री पूरी की। डॉ. सोनिया और उनके पिता देश की उन दुर्लभ जोड़ियों में शामिल हैं, जहां पिता और बेटी दोनों को पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया है। पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद भारत की प्रतिष्ठित इम्यूनोलॉजिस्ट, हीमैटोलॉजिस्ट और चिकित्सा शिक्षिका हैं। वर्ष 2025 में उन्हें चिकित्सा क्षेत्र में उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

केजीएमयू में कार्यकाल की उपलब्धि

- केजीएमयू एनआईआरएफ रैंकिंग में देश के शीर्ष पांच चिकित्सा संस्थानों में शामिल।
- सीएसआर के सहयोग से संचालित कार्यक्रम के तहत करीब 190 सब्सिडी वाली रोबोटिक सर्जरीं।
- लिवर, किडनी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सेवाओं को भी मिली रफ्तार
- ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड किया गया
- 500 बेड के नए ट्रॉमा-2 का निर्माण कार्य शुरू

भाजपा अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल का स्वागत, संगठन की मजबूती पर मंथन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र कार्यालय, निराला नगर में प्रदेश महामंत्री एवं नवनियुक्त अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल के प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी की अध्यक्षता में परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई।



बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने दिलीप पटेल का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान उन्हें भाजपा का ध्वज भेंट कर नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। परिचयात्मक बैठक में पदाधिकारियों ने अपना परिचय देने के साथ संगठन में अपने दायित्वों, जिम्मेदारियों और अब तक किए गए संगठनात्मक कार्यों की जानकारी साझा की। क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी ने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, समन्वय और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रियता, परिश्रम, समर्पण और आपसी समन्वय पर निर्भर करती है। प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल ने पदाधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और अपने संगठनात्मक अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि भाजपा में पद से अधिक महत्वपूर्ण संगठन के प्रति निष्ठा, विचारधारा के प्रति समर्पण और कार्यकर्ता भावना है। उन्होंने बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन की कार्यप्रणाली और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी मार्गदर्शन दिया। पटेल ने सभी पदाधिकारियों से अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।

बैठक में विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने अपने संगठनात्मक कार्यों की जानकारी भी साझा की। बैठक के दौरान संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने को लेकर चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

बीबीएयू में छात्राओं के लिए एनसीसी नामांकन प्रक्रिया शुरू

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्राओं से एनसीसी में नवीन नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय की नियमित छात्राएं निर्धारित आवेदन प्रपत्र भरकर एनसीसी में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकती हैं। आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, केंद्रीय पुस्तकालय भवन की तृतीय मंजिल स्थित कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। एनसीसी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 1 जुलाई 2026 के अनुसार 19 से 22 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के लिए केवल प्रथम वर्ष की छात्राएं अथवा चार या पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों की द्वितीय वर्ष की छात्राएं पात्र होंगी। एनसीसी इकाई ने इच्छुक छात्राओं से निर्धारित समयावधि में आवेदन करने का आग्रह किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित की गई है।

लॉरी कार्डियोलॉजी ब्लॉक में बढ़ेंगे 56 बेड

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग में जल्द ही नए 10 मंजिला कार्डियोलॉजी ब्लॉक में 56 बेड बढ़ाए जा रहे हैं। इससे मरीजों को राहत मिलने की उम्मीद है। करीब 37 करोड़ रुपये की लागत से लारी का नया भवन तैयार किया गया है। इसके तीन मंजिलों का इस्तेमाल पहले से ओपीडी और अन्य सेवाओं के लिए किया जा रहा है। बाकी सेवाएं जल्द शुरू करने की तैयारी है। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने बताया कि नई सेवाओं के संचालन के लिए नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारियों की संविदा पर भर्ती के लिए साक्षात्कार चल रहे हैं। बाद में स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। नए भवन में बेड बढ़ाए जाएंगे। यहां कुल बेड क्षमता 84 से बढ़कर 130 हो जाएगी। इनमें से 32 जनरल बेड अगले दो सप्ताह में शुरू होने की उम्मीद है।

आपका विधायक, आपके द्वार अभियान में 29 जनसमस्याओं पर कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

- नीलमथा में जनसुनवाई के साथ यूथ क्लब का गठन



लखनऊ। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के आपका विधायक, आपके द्वार अभियान के 178वें सप्ताह में रविवार को ग्राम नीलमथा में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जनसमस्याओं के समाधान के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रम भी हुए।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित 29 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें आयुष्मान भारत कार्ड, सड़क व नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, विद्युत पोल, आवास, पेंशन, रोजगार, सफाई, ओपन जिम, आर्थिक सहायता और खेल सामग्री से जुड़े आवेदन शामिल रहे। सभी प्रार्थना-पत्रों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा गया। वहीं, राजेंद्र शुक्ला, सुरेंद्र कुमार शाही और ज्ञान कुमारी थापा के आयुष्मान भारत कार्ड बनवाकर तीन मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में 70 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच के बाद चिन्हित 69 जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। युवाओं को खेलों से जोड़ने और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अभियान के तहत 190वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लब के बच्चों को क्रिकेट और वॉलीबॉल किट प्रदान की गई। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भानु प्रताप मौर्य (74.6%), तन्वी (67.6%), आरुषि त्रिपाठी (80.4%) और रिद्धि (67%) को शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए साइकिल देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना है। आपका विधायक, आपके द्वार अभियान के माध्यम से जनसुनवाई के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को भी लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है।

भाषा विश्वविद्यालय में लाइफएक्टिवस इनोवेशन लैब की शुरुआत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रविवार को लाइफएक्टिवस इनोवेशन लैब को शुरुआत की गयी। इस अत्याधुनिक लैब का उद्घाटन विश्वविद्यालय की लाइब्रेरी बिल्डिंग के बेसमेंट में किया गया।



कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि वर्तमान दौर में उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें अनुसंधान, नवाचार और व्यावहारिक कौशल से भी समृद्ध करना है। विश्वविद्यालय लगातार ऐसे अवसर विकसित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. केशव देव ने विश्वविद्यालय के साथ हुए सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उद्योग एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी समय की आवश्यकता है। प्रो. पीएमएस चौहान ने भी विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रयोगशालाओं और उद्योगों के साथ अकादमिक संस्थानों का जुड़ाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कुलसचिव श्री विकास, फामेर्सी विभाग की निदेशक प्रो. शालिनी त्रिपाठी, प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी, प्रो. ताहिर फातिमा, डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. काज़िम रिजवी, डॉ. राजकुमार सहित विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डिप्टी सीएम पहुंचे केजीएमयू, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर का जाना हाल

लखनऊ। प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य रविवार दोपहर केजीएमयू पहुंचे। मेडिसिन विभाग के प्राइवेट वार्ड में भर्ती पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौर से मुलाकात कर उनकी सेहत का हालचाल जाना। दोपहर करीब एक बजे केजीएमयू पहुंचे दोनों डिप्टी सीएम ने पूर्व मंत्री के परिवार के सदस्यों से भी भेंट की। ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि दोनों डिप्टी सीएम ने इलाज कर रहे मेडिसिन विभाग के डॉ. दीपक से पूर्व मंत्री की स्वास्थ्य स्थिति और इलाज की जानकारी ली। अस्पताल प्रशासन ने उन्हें अब तक हुए इलाज और स्वास्थ्य में सुधार से अवगत कराया। डा. प्रेमराज सिंह के मुताबिक नरेंद्र सिंह गौर का पिछले कुछ दिनों से डॉ. दीपक की निगरानी में इलाज चल रहा है। उनकी सेहत में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। किडनी में हुआ संक्रमण भी कम हुआ है।

आश्रयम फेज-2 लॉन्च, 190 आवासीय प्लॉट होंगे उपलब्ध

लखनऊ। अग्रशील इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने राजधानी में अपनी इंटीग्रेटेड प्लॉटेड टाउनशिप आश्रयम फेज-टू लॉन्च की है। करीब 11.25 एकड़ में विकसित होने वाली परियोजना में आरईआरए पंजीकृत 190 आवासीय प्लॉट शामिल हैं। प्लॉट की शुरूआती कीमत करीब 69 लाख रुपये बताई गई है। कंपनी के अनुसार परियोजना में लगभग 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। फेज-टू में क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, जिम, पार्क, खेल सुविधाएं और कृत्रिम झील जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। खरीदारों के लिए विशेष मोबाइल ऐप भी शुरू किया गया है, जिससे बुकिंग, भुगतान, दस्तावेज और निर्माण की जानकारी रियल-टाइम उपलब्ध होगी।



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

दोस्त ने पिता संग मिलकर की युवक की हत्या

पेट में घोपा रॉड, पिता-पुत्र गिरफ्तार, सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। दोस्त की शिकायत करने की धमकी युवक को भारी पड़ी और उसे अपनी जान गवांकर कीमत चुकानी पड़ी। मड़ियांव थाना क्षेत्र में रविवार को दोस्त व उसके पिता ने मिलकर युवक के पेट में चाकू व रॉड घुसेड़ कर हत्या कर दी गई। युवक के दोस्त ने अपनी मां की पायल चोरी कर बेची थी। यह बात जब उसे पता चली और उससे कहा कि मैं तुम्हारे घर में बता दूंगा। इसी बात को लेकर दोनों केबीच टकराव हुआ। दोस्त ने कहा कि जब जिंदा रहोगे, तब घर में बताओ न। इसके बाद उसने अपने पिता के साथ मिलकर मित्र पर हमला कर दिया। हमले में युवक के पेट में रॉड घुस गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में छह घंटे के भीतर पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू व रॉड बरामद कर लिया है।

वारदात मड़ियांव थाना क्षेत्र के मामा कालोनी फैजुल्लागंज में हुई। मृत युवक शुभम सोनी (22) प्रेम कुमार सोनी का बेटा था। मां मालती



हत्या में प्रयुक्त रॉड व चाकू बरामद

सोनी ने आरोप लगाया है कि शुभम को उसके दोस्त सुमित और उसके पिता मथुरा घर से शनिवार शाम 7 बजे बुलाकर ले गए थे। पहले शराब पिलाई फिर मारपीट कर हत्या कर दी। बेटे का शव रविवार सुबह घर के बाहर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मृतक के भाई शिवम की शिकायत पर सुमित और उसके पिता मथुरा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शुभम ने ही बिकवाई थी पायल : पुलिस को तफ्तीश में पता चला है कि कुछ दिन पहले सुमित ने एक पायल बेची थी। उस पायल को शुभम ने ही बिकवाया था। शुभम को कुछ दिन में पता चला कि सुमित ने अपनी मां की पायल बेची है। इस पर कहा कि तुम्हारी मां से बता दूंगा। तुमने मेरे जरिये उनकी पायल क्यों बेचवाई। इस बात से सुमित उससे गुस्सा हो गया। एक दिन दोनों के बीच झगड़ा हुआ। शनिवार शाम घूमने के बहाने घर से बुला ले गया। रात 10 बजे सुमित ने पिता मथुरा के साथ मिलकर शुभम की हत्या कर दी।

शुभम के पेट में घुसेड़ दी रॉड : घटना से जुड़ी एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें काली शर्ट में शुभम सोनी दिखाई पड़ रहा है। वह एक गली से बाहर की तरफ जाता है। इसके बाद दौड़ते हुए अंदर आता है और दो युवक उस पर हमला कर देते हैं। इस दौरान दूसरी तरफ से भी कुछ लोग भागते हुए आते हैं और शुभम के पेट में रॉड घुसेड़ देते हैं। इसके बाद हमलावर एक-दूसरे को पकड़कर वापस निकलते दिखाई देते हैं। शुभम लड़खड़ाते हुए किसी तरह आगे बढ़ता है। चल नहीं पाता तो दीवार की टेक लेकर खड़ा हो जाता है। लहूलुहान हालत में शुभम बहुत देर तक खड़ा नहीं रह पाता और जमीन पर मुंह के बल गिर गया। पकड़े गये पिता-पुत्र मथुरा प्रसाद पुत्र स्व. गयाराम व सुमित वर्मा पुत्र मथुरा प्रसाद निवासीगण विष्णु विहार कालोनी निकट अभिलाषा स्कूल के पास थाना मड़ियांव व मूलपता पुरे अजीटन का पुरवा थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी के कब्जे से 01 खून से सना आलाकत्ल लोहे की रॉड व 01 चाकू बरामद हुआ है।

मां ने कहा मेरे बेटे को बुलाकर की हत्या : मां मालती सोनी ने बताया कि मेरे स्वस्थ बेटे को पिता-पुत्र घर से बुलाकर ले गए थे। शाम को लेकर गए और कुछ दूर में हत्या कर दी। बेटे को ईंट-पत्थर से मारा। उसके पेट में लोहे की रॉड घुसेड़ दी। बेटा चारपहिया वाहन चलाकर कमाता था। इन दोस्तों के बीच में न जाने कौन सी लड़ाई हुई कि उसे मारकर हमारे दरवाजे पर बॉडी फेंककर चले गए। मृतक युवक की मां ने उसके दोस्त सुमित व सुमित के पिता और अन्य दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है।

विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र के बनेवा पुरवा में महिला ने गृह कलह के चलते कमरे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। जबकि पति राजगीर है जो मजदूरी करने गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। वहीं ससुरीली जनों ने दी गयी तहरीर में दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के बदैंयां पंचायत के मजरे बनेवा पुरवा निवासी अमित कुमार यादव की पत्नी मनीषा(30) ने घर के अंदर कमरे में कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पंचनामभर पोस्ट मार्टम के लिए लखनऊ भेज दिया। मृतका की शादी दस वर्ष पूर्व बनेवा पुरवा गांव निवासी अमितकुमार यादव से हुई थी। अमित राजगिरी का काम करता है। जिससे दो बच्चे भी हैं रवी और कृष्णा। मृतका की मां सोनी यादव जो कानपुर रोड़ एलडीए कालोनी के सेक्टर एफ की रहने वाली हैं।

गोमतीनगर थाने के बैरक में सिपाही ने लगायी फांसी

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। गोमतीनगर थाने में 2019 बैच के सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव बैरक में फंदे से लटकता मिला। पुलिस ने फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजन लखनऊ के लिए निकल चुके हैं।

मूलरूप से खिड़की चांदपुर, बिजनौर निवासी आकाश यादव (26) पुत्र अनिल यादव 2019 बैच के सिपाही थे। करीब 2 साल से गोमती नगर थाने में तैनात थे। थाने के अंदर बनी बैरक में ही रहते थे। रविवार शाम करीब 6 बजे बैरक में पंखे के सहारे चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

साथी सिपाही ने खिड़की से देखा फंदे से लटकता शव : साथी सतीश खारवाल जब बैरक में पहुंचा तो अंदर से दरवाजा बंद मिला। काफी खटखटाने के बाद कोई जवाब नहीं मिला तो जोर-जोर से पीटने लगा। इसके बाद भी कोई रिस्पांस न मिलने पर खिड़की से देखा तो आकाश फंदे से लटक रहा था।

उसने थाने में सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को फंदे से उतारकर मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक के परिवार में मां और दो भाई हैं। मामले में पुलिस ने बताया पिछले एक सप्ताह से काफी परेशान चल रहा था। उसके साथियों ने पूछा था लेकिन कोई सही जवाब नहीं दिया था।

श्रीराम क्षत्रिय सेना जिला इकाई की बैठक



लखनऊ। श्रीराम क्षत्रिय सेना लखनऊ जिला इकाई की बैठक जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने की। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष योगेंद्र बहादुर सिंह चौहान ने की। संगठन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष जमुना बक्स सिंह ने केंद्र सरकार से विश्व विद्यालय अनुदान आयोग, विनियम 2026 को वापस लेने की मांग की। श्रीराम क्षत्रिय सेना हरदोई के जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र सिंह गौर के पिता राजेंद्र सिंह गौर के लिए मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मुसाफिर सिंह, जिला संरक्षक बृजेन्द्र पाल सिंह चंदेल एडवोकेट, जिला अध्यक्ष विजय सिंह धाकरे,जिला मीडिया प्रभारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह चौहान,जिला संगठन मंत्री सम्राट सिंह राजावत व संजय सिंह पालीवाल,जिला मंत्री विमल सिंह सोमवंशी,मान सिंह तोमर व धर्मेंद्र सिंह गौर ,जिला महामंत्री शैलेन्द्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे ।

चलती ट्रेन से गिरकर युवक घायल

लखनऊ। मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के पास करीब 26 वर्षीय अज्ञात युवक अचानक नीचे गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक हाथ कट गया, जबकि सिर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक दिल्ली से कटिहार जा रहा था। मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के पास अचानक वह चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा और ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसका एक हाथ कट गया। सिर पर अत्यधिक चोट लगने के कारण युवक की हालत गंभीर बनी हुई है और वह अपना नाम-पता बताने की स्थिति में नहीं है।

करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

लखनऊ। माल क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक ही हफ्ते में दूसरी गाय की करंट की चपेट में आने से मौत हो गयी। किसान ने थाने पर तहरीर देकर न्याय की मांग की है। बिजली विभाग की लापरवाही से एक बार फिर कस्बे के चिकवन टोला में रखे ट्रांसफार्मर में करंट उतरने से गाय के चपेट में आने से मौत हो गयी। जबकि एक हफ्ते पूर्व ही बलराम नामक किसान की गाय की करंट की चपेट में आने से जान चली गयी थी। रविवार प्रातः लगभग आठ बजे माल कस्बा निवासी रामकिशोर गाय को घर से खेत में बांधने के लिए लेकर जा रहे थे, तभी घर के पास में रखे विद्युत ट्रांसफार्मर के पास से गुजर रही थी कि ट्रांसफार्मर में लगी जाली फटी थी। जिसकी चपेट में गाय आ गयी और मौत हो गयी।

मोबाइल छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

लखनऊ। हुसैनगंज पुलिस ने चारबाग में मोबाइल छिनैती की घटना का 24 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया है। पुलिस ने छिनैती करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जेसे छीना गया मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस काकहना है कि शनिवार सोनू राठौर पुत्र सुरेन्द्र राठौर निवासी अर्शफा टोला, सण्डीला जनपद हरदोई ने सूचना दी थी कि स्प्लेण्डर बाइक सवार दो बदमाश उसके हाथ से ओप्पो कम्पनी का मोबाइल छीनकर ले गये है। पुलिस नेमामला दर्जकर कार्रवाई शुरूकी और मुखबिर की सूचना पर रितिक लोधी व प्रेम शर्मा को रविवार को बाल विद्या मन्दिर के निकट चारबाग से गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से छीना गया 01 मोबाइल फोन, मोटर साइकिल बरामद किया गया।

वाहन चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसकेकब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है कि शनिवार को मो. समीर की मोटरसाइकिल (यूपी 32 एनपी 9845) चोरी कर ली है। इस सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मामला दर्ज किया। ठाकुरगंज पुलिस टीम ने घटना में शामिल निखिल पुत्र मुन्नीलाल निवासी न्यू हैदरगंज पक्का बाग निकट भट्टा फरीदीपुर थाना ठाकुरगंज, मूलपता ग्राम जिंदौर थाना रहीमाबाद को गुलालाघाट ढाल के नीचे थाना क्षेत्र ठाकुरगंज से गिरफ्तार किया।

सरकारी हैंडपंप को घर में किया बंद ग्रामीणों के सामने पेयजल संकट

लखनऊ। विकासखंड मलिहाबाद की ग्राम पंचायत खालिसपुर के मजरा घनश्यामपुर में सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंप को कथित रूप से एक ग्रामीण द्वारा अपने आवास के अंदर कर लिए जाने का मामला सामने आया है। हैंडपंप के घर के अंदर बंद होने और बाद में उसकी मशीन उखाड़कर रख दिए जाने से मोहल्ले के लोगों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है। गांव निवासी शानू यादव पुत्र श्रीपाल यादव ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर संदर्भ संख्या 40015726109798 के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम घनश्यामपुर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए सार्वजनिक स्थान पर इंडिया मार्का हैंडपंप लगाया गया था। आरोप है कि गांव निवासी चमनलाल पुत्र टिकाऊ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले आवास में कमरा बनाकर सार्वजनिक हैंडपंप को उसी कमरे के अंदर कर लिया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, सार्वजनिक हैंडपंप को कब्जे से मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में भी प्रार्थनापत्र दिया था। उस समय ग्राम सचिव की ओर से हैंडपंप को कब्जामुक्त कराने का आश्वासन दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। बाद में हैंडपंप की मशीन ही उखाड़कर रख दी गई, जिससे आसपास के लोगों को पानी के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ रहा है।

फरार चल रहे शातिर चोर गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कैसरबाग पुलिस ने चोरी करने वाले शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस काकहना है कि 26 जून को थाना कैसरबाग पर गोपाल चौहान पुत्र हरिलाल चौहान निवासी फूलबाग थाना कैसरबाग ने तहरीर दी कि अज्ञात उससे हाथ मिलाकर गले लगाते हुये जेब से 35 हजार रुपये निकाल लिए और भाग गए।

इस सूचना के आधार पर कैसरबाग पुलिस नेमामला दर्ज किया और रविवार को कैसरबाग पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर बटलर पार्क के पीछे रोड के पास संदिग्ध व्यक्ति की तलाश एवं चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, जो पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम साजमान उर्फ हबड़ी पुत्र अब्दुल नफीस निवासी 117/84 मछली मोहाल, जम्बूरखाना, थाना कैसरबाग बताया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि करीब एक माह पूर्व स्कूटी से जा रहे एक व्यक्ति को रोककर बातचीत करते हुए तथा हाथ मिलाकर एवं गले मिलते समय उसकी पैंट की जेब से रुपये निकाल लिये थे। अभियुक्त की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5,250/- (पांच हजार दो सौ पचास रुपये) नगद बरामद हुए।

पूछताछ में अभियुक्त साजमान उर्फ हबड़ी ने बताया कि मुझे नशे की आदत है। मैं कोई खास काम नहीं करता हूँ। जब मुझे नशे की इच्छा होती है तो छोटी-मोटी चोरी आदि कर लेता हूँ, जिससे मैं अपने नशे की इच्छा पूरी करता हूँ। चोरी किये गये बाकी पैसे के बारे मे पूछा गया तो बताया कि साहब मैने पूरे पैसे खर्च कर दिये।

महिला की बाली खींचकर फरार

लखनऊ। तालकटोरा क्षेत्र में महिला से कान की बाली खींच कर लुटेरा फरार हो गया। पुलिस काकहना है कि रविवार शाम करीब 07 बजे थाना क्षेत्रान्तर्गत अशरफनगर, आलमनगर निवासी महिला सुषमा पत्नी उदयभान ने सूचना दी कि काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्तियों ने झपट्टा मारकर उनके बाएं कान की बाली खींच ले गए। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी तालकटोरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। महिला द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

घटना के शीघ्र एवं सफल अनावरण के लिए थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया है। पुलिस टीम घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का अवलोकन एवं विश्लेषण कर रही हैं। साथ ही उपलब्ध अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

विश्व आदिवासी दिवस पर विभूतियां सम्मानित



लखनऊ। नवयुवक सांस्कृतिक सभा रजिस्टर्ड एवं मूलवासी कश्यप-निषाद-गोंड जन उत्थान समिति, उ.प्र. के संयुक्त तत्वावधान में 9 अगस्त को गोमतीनगर स्थित हिंदी मीडिया सेंटर सभागार, हुसरिया चौराहा में विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद सामाजिक एकता पर संगोष्ठी और जनजातीय गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दिल्ली से पधारे सामाजिक चिंतक नरेन्द्र गौड़ ने कहा कि सरकारों के भरोसे सभी समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। राजनैतिक दल सिर्फ गोटियां सेक रहे हैं, समाज की मूल समस्याओं पर कोई बात नहीं करता।

विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र कुमार बालकृष्ण गोंड, मुंबई ने कहा कि पूरे समाज को एक मंच पर लाने वाला कोई बड़ा संगठन नहीं है। मूलवासी कश्यप-निषाद-गोंड जन उत्थान समिति से इस दिशा में आशा दिखती है।सुरेश चंद गोंड, दिल्ली ने युवाओं से आह्वान किया - उठो धरा के सपूतों, राष्ट्र निर्माण में मूल समाज का योगदान करो। ने एकता और समन्वय पर बल देते हुए समस्याओं के समाधान के लिए शिष्टमंडल गठन का समर्थन किया। पूर्व पुलिस अधीक्षक दयाराम सिंह गौड़ ने बताया कि कहार, बाथम, सुरहैया, रैकवार, धीवर, गोडिया जैसी गोंड की छूटी हुई उपजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु मुख्यमंत्री को प्रतिवेदन दिया गया है। लेखक एवं समाजसेवी मनोज कुमार गोंड, कानपुर ने अपने संदेश मे कहा कि अपनी परंपरा और संस्कृति को बचाए रखना जरूरी है, अन्यथा आरक्षण पर असर पड़ सकता है। संस्था अध्यक्ष सतीश कुमार कश्यप ने कहा कि तीनों समुदायों की देश में अच्छी खासी आबादी है, लेकिन सामाजिक और राजनैतिक हिस्सेदारी नहीं मिल पा रही। समय की मांग है कि सभी एक मंच पर आकर आत्ममंथन करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी महावीर प्रसाद, पत्रकार सतीश कश्यप, आशीष कश्यप, अमित कश्यप, प्रखर वक्ता नीलम गोंड ,अधिवक्ता विश्वनाथ निशाद,शक्ठी धुरिया सहित कई विभूतियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गया प्रसाद् धुरिया को सुरेन्द्र कुमार बाल कृष्ण गोंड द्वारा आदिवासी रत्न की उपाधि देकर सम्मानित किया।अथितियों द्वारा समाज की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में छद्दू प्रसाद धुरिया के दल द्वारा पारंपरिक हुड़का नृत्य और भोजपुरी गायक मुनेश्वर देवगन पनिका, सोनभद्र के मधुर गीतों ने समां बांधा।

चंगाई सभा या धर्मांतरण, बजरंग दल के हंगामे के बाद पुलिस कर रही जांच शुरू, दो हिरासत में

मोहनलालगंज के भदेसुवा नयाखेड़ा गांव स्थित चर्च का मामला

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मोहनलालगंज के भदेसुवा नयाखेड़ा गांव स्थित चर्च में आयोजित चंगाई सभा के दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने धर्म परिवर्तन के आरोप लगाए। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। गांव वालों का कहना है कि यह क्षेत्र में इस तरह की दूसरी घटना है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक तनाव बढ़ता रहा है।मोहनलालगंज के सिसेंडी स्थित रायपुर भदेशवा गांव से रविवार दोपहर करीब 2 बजरंग दल और श्रीराम सनातन सेवा समिति को सूचना मिली कि गांव के अंदर एक मकान में चर्च संचालित हो रहा है। जहां पर धर्मांतरण का काम चल रहा है। हिंदू लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तन कराया जा रहा है।

सूचना पर संगठन मौके पर पहुंचे तो वहां पर एक पादरी मिला, जिसकी पहचान दौधन खेड़ा बरौली खलीलाबाद लखनऊ निवासी चंद्रिका प्रसाद के रूप में हुई। संगठन ने हिंदू नाम रखने की वजह पूछी तो वह कुछ बता नहीं पाया। इसके बाद वहां पर काफी हंगामा हुआ।

संगठन के लोगों ने कहा कि पादरी ने जानबूझ कर हिंदू नाम रखा है। इसी से झांसा देकर हिंदुओं का धर्मांतरण करा रहा है। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस सभी को मोहनलालगंज थाने ले गई। पुलिस लोगों से पूछताछ कर रही है।

लोगों को दिए गये बकरी व पानी की टंकी : बजरंग दल जिला सुरक्षा प्रमुख लखनऊ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया मौके पर एक डायरी मिली है, जिस पर किसी को दो बकरी, घर में पानी की टंकी व अन्य चीज देने की बात लिखी है। कई धार्मिक पुस्तक, जिसमें ईसाई धर्म के बारे में अच्छाइयां लिखे मिली हैं। इस मामले में तहरीर लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस का कहना है संगठन के जरिए तहरीर नहीं ली जा सकती है। कोई पीड़ित को लेकर आएं। पुलिस का इस तरह का रवैया बेहद गलत है, इसकी मामले की जांच होनी चाहिए। मामले में एसएचओ मोहनलालगंज का कहना है कि 2009-10 से उस जगह पर चर्च बना हुआ है। चार-पांच लोग प्रार्थना कर रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने पूछताछ में बताया वहां वह अपनी मर्जी से आए थे। कोई भी पीड़ित या तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

25 हजार का इनामी अभियुक्त मो. हाशिम गिरफ्तार



लखनऊ। कैसरबाग पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित एवं 25 हजार के इनामी अभियुक्त मो. हाशिम को गिरफ्तार किया है। कैसरबाग पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित व 25 हजार के इनामी अभियुक्त मो. हासिम पुत्र मो. हसीब निवासी फैजुल्लागंज, जैनाब मस्जिद के पास, थाना मड़ियांव को मुखबिर खास की सूचना पर सफेद बारादरी के पीछे से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुलिस काकहना है कि अभियुक्त मो. हासिम ने पूछताछ में बताया कि मैं गलत संगत में पड़कर चोरी-लूट जैसा गलत काम करने लगा था, लेकिन मेरे गलत कामों की वजह से अब धंधा पानी करने में दिक्कत आ रही है। यदि आप मुझे मौके देंगे तो मैं गलत कामों को छोड़ने का प्रयास करूंगा।

एटीएम मशीन में फंसा कार्ड 45 हजार रुपये निकाले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के एक बार फिर एटीएम मशीन में कार्ड फस गया और पीड़ित के खाते से 45 हजार निकल गए। एटीएम मशीन में कार्ड फंसने व उसके खाते से पैसा निकलने की घटना कोई पहली नही है। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस के जांच के ढीले रवैये से जांच अधर में अटकी है।

पीड़ित अरविन्द कुमार ने बताया कि वह वर्तमान समय खुर्दही मे रहता है। उन्होंने बताया कि 6.मई 26 को खुर्दही स्थित एटीएम पर लगभग 5.15 ढट पर 2000 रूपया अपने कार्ड से निकला। उसी दौरान मेरा एटीएम कार्ड मशीन मे फंस गया। तभी एटीएम में लगे पेपर पर लिखे एक मोबाईल नम्बर पर मैने कॉल किया उसी दौरान उसी नं0 से मेरी बातचीत हुई जिसने मुझे फंसे हुए एटीएम कार्ड को निकालने कि जानकारी उपलब्ध करायी गयी, फिर भी मेरा कार्ड नहीं निकला। फिर उसी नम्बर से कॉल करके बताया कि कल एटीएम मशीन से कार्ड सुबह निकलवा दूंगा। काफी देर इंतजार करने के बाद मैं घर चल गया। उसके बाद मेरे खाते से पांच बार में 45 हजार रुपये निकल गए। पीडित ने बताया कि वह कई महीनों से इस मामले की एफआईआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दी लेकिन सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस मुकदमा दर्ज नही किया।

शिक्षक के खाते से निकले 25 हजार आज भी जांच आगे नही बढ़ी : सुशांत गोल्फ सिटी के कटरा बक्कास में रहने वाले शिक्षक बृजेश कुमार मौर्या के खाते से बीते 17 जून को 25 हजार रुपये एटीएम से निकल गए। वह भी खुर्दही बाजार स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर गए थे। एटीएम मशीन में कार्ड डालने ने बाद रुपये निकालने की प्रक्रिया की लेकिन मशीन में कार्ड फंस गया।

घरेलू हिंसा के प्रति पुलिस ने बहू बेटियों को किया जागरूक

पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व साइबर अपराध के खिलाफ किया जागरूक, सुनी समस्याएं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। रविवार को नगराम थाना क्षेत्र के समेसी गांव में बहू-बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और बेटियों को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और आपात स्थिति में पुलिस व प्रशासन से सहायता लेने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हें किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या अपराध की स्थिति में चुप न रहने और तत्काल संबंधित हेल्पलाइन पर सूचना देने के लिए जागरूक किया।सम्मेलन के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न जैसी सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया। महिलाओं को बताया गया कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की हिंसा या प्रताड़ना होती है तो वह कानून की मदद ले सकती हैं।

पुलिस ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी घटना की जानकारी परिजनों, पुलिस अथवा संबंधित विभाग को देने की अपील की पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता के लिए 112, महिला संबंधी शिकायतों के लिए 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

महिलाओं को इन नंबरों को अपने मोबाइल फोन में सुरक्षित रखने की सलाह भी दी गई।सम्मेलन में साइबर अपराध को लेकर भी विशेष रूप से जागरूक किया गया। पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी फोन कॉल, ओटीपी मांगने, सोशल मीडिया पर ठगी तथा बैंक खाते से संबंधित धोखाधड़ी से सावधान रहने की सलाह दी गई।

पुलिस ने कहा कि किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक संबंधी जानकारी या निजी दस्तावेज साझा न करें। साइबर अपराध होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के साथ ही संबंधित पुलिस थाने को सूचना देने की अपील की गई। इसके साथ ही महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, साइबर क्राइम तथा यूपी कॉप ऐप की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि महिलाओं की शिकायतों को उन्हें कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

नारी सुरक्षा सम्मान में बहू बेटी सम्मेलन

लखनऊ। लखनऊ की साउथ जोन पुलिस द्वारा रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में बहु बेटी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान गांव व झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिलाओं को एकत्र कर पुलिस ने उनके संम्मान और सुरक्षा के साथ उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिणी मो0 मुश्ताक ने बताया कि बहू बेटी सम्मेलन गोसाईंगंज, निगोहां बिजनौर सरोजनीनगर थाना पुलिस टीम द्वारा बहू बेटी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक कर 1090,1930,112 आदि हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी व पंपलेट वितरित किए गए। उन्हें अपने अधिकारों के लिए क्या करना चाहिए सभी महिलाओं को जागरूक करने का काम किया गया। उन्होंने बताया कि पूरे जोन में हर थाना क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक करने के लिए ऐसे कार्यक्रम चलते रहेंगे।

बिना पंजीकरण धड़ल्ले से चल रहे अस्पताल

मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़

लखनऊ। मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) क्षेत्र के कसमंडी कलां इलाके में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते बिना पंजीकरण और निर्धारित मानकों की अनदेखी कर दर्जनों निजी अस्पताल संचालित किए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एक-दो अस्पतालों को छोड़ दिया जाए तो अधिकांश अस्पताल बिना वैध पंजीकरण के मरीजों का इलाज कर रहे हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार कसमंडी कलां चौराहे से लखनऊ जाने वाले मार्ग, नबीपनाह रोड और वाजिद नगर पुलिया के आसपास कई निजी अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश संस्थानों में न तो प्रशिक्षित चिकित्सक उपलब्ध हैं, न पंजीकृत फार्मासिस्ट और न ही मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की कोई व्यवस्था है। इसके बावजूद इन अस्पतालों में रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन अस्पतालों में इलाज के नाम पर मरीजों से मनमानी फीस वसूली जाती है। गंभीर मरीजों का भी इलाज शुरू कर दिया जाता है और हालत बिगड़ने पर उन्हें बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। इससे कई बार मरीजों की जान पर भी बन आती है। क्षेत्र में संचालित इन अस्पतालों का निरीक्षण करने के लिए सीएचसी के जिम्मेदार अधिकारी शायद ही कभी निकलते हों। नियमित जांच और कार्रवाई के अभाव में अस्पताल संचालकों के हौसले बुलंद हैं और वे बिना किसी भय के अपना कारोबार चला रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार निजी अस्पताल के संचालन के लिए विधिवत पंजीकरण, योग्य चिकित्सक, प्रशिक्षित स्टाफ, आवश्यक

सावन का दूसरा सोमवार आज, महादेव का होगा विशेष श्रृंगार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सावन माह के दूसरे सोमवार को लेकर राजधानी के सभी शिव मंदिरों में तैयारी पूरी हो गई हैं। देर रात से ही मंदिर रोशनी से जगमगा उठे। श्रद्धालुओं की कतार भी रात से लग गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस के साथ सेवादार भी मुस्तैद रहेंगे। राजेन्द्रनगर स्थित महाकाल मंदिर में रात 12 बजे कपाट खुल जाएंगे। बाबा का भस्म और अश्वगंध से श्रृंगार होगा। इसके बाद उज्जैन स्थित महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती होगी। आरती के बाद भक्त जल व दुग्धाभिषेक कर सकेंगे।

चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में रोज की तरह जलाभिषेक से पूजन की शुरूआत होगी। बाबा का फल फूल और मेवे से श्रृंगार होगा। सुबह और शाम भोलेनाथ की भव्य आरती होगी। उधर, सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग के कपाट सुबह पांच बजे खुल जाएंगे। भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार होगा। भक्त भोलेनाथ, मां पार्वती और गणेश जी के एक साथ दर्शन कर सकेंगे। डालीगंज स्थित मनकामेश्वर मंदिर में देर रात से ही भक्तों की भीड़ जुटने लगी। 51 लीटर दुग्ध से भोलेनाथ का अभिषेक होगा। भोर में चार बजे भोलेनाथ की आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलेंगे। भोलेनाथ नग जणित पगड़ी पहन कर दर्शन देंगे। भीड़ को काबू में करने के लिए सेवादार तैनात रहेंगे। भक्त, जल, दुग्ध, बेलपत्र, धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का पूजन करेंगे।

दूसरे सावन सोमवार पर प्रदोष व्रत का संयोग: सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है तो वहीं सोमवार का दिन शिव जी की उपासना के लिए समर्पित है. ध्यान दें हर माह में पड़ने वाली शुक्ल और कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाता है. इस दिन शिव जी की विशेष पूजा की जाती है. सावन में पड़ने वाले सोम प्रदोष व्रत की विशेष बात ये है कि इस पवित्र महीने में एक ही दिन दूसरा सावन सोमवार और प्रदोष व्रत दोनों है. इस शुभ संयोग में शिव जी की सुबह और शाम के समय उपासना करना और शिव जी के निमित्त व्रत का संकल्प करना पुण्य फलों को कई गुणा बढ़ा सकता है.10 अगस्त को यानी सावन के दूसरे सोमवार पर सुबह के समय जलाभिषेक करने का विधान है. वहीं, इसी दिन प्रदोष व्रत पर शाम को 06 बजकर 20 मिनट से लेकर 07 बजकर 50 मिनट तक शिव पूजन के लिए उत्तम समय होगा. इस समय शिवजी का अभिषेक करना शुभ होगा. इस दिन अमृत चौघड़िया सुबह 5 बजकर 47 मिनट से लेकर 07 बजकर 27 मिनट तक रहेगा. शुभ चौघड़िया सुबह 09 बजकर 07 मिनट से लेकर 10 बजकर 46 मिनट तक होगा. अमृत चौघड़िया का समय शाम को 05 बजकर 25 मिनट से लेकर 07 बजकर 05 मिनट तक होगा।

शिव जी की पूजा विधि: प्रातःकाल में उठें और स्नान आदि कर स्वच्छ वस्त्र पहनें। भगवान शिव का ध्यान करें और व्रत का संकल्प करें। सोमवार और प्रदोष व्रत दोनों ही करने वाले हैं तो संकल्प में दोनों का नाम लें। सुबह की पूजा में सोमवार व्रत के अनुसार शिवलिंग पर अभिषेक करें। शिवलिंग पर विधि अनुसार पंचामृत से अभिषेक करें। शिव मंत्र का जाप करें. मंत्र है- ॐ नमः शिवाय। सोमवार व्रत की कथा सुनें सुनाएं। अब प्रदोष व्रत के लिए सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में पूजा करें। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, जल, दूध, अक्षत, चंदन आदि अर्पित करें। अब प्रदोष व्रत की कथा सुनें सुनाएं. दीपदान करें। शिव जी की आरती कर पूजा का संकल्प करें।

मंदिरों में तड़के से होंगे दर्शन: सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिर भव्य सजाए गए हैं। डालीगंज के प्राचीन मनकामेश्वर मंदिर में रविवार देर रात ही भक्त लाइन लगाने लगते हैं। मंदिर में 501 लीटर दूध से बाबा महादेव का अभिषेक होगा। उसी दूध से खीर का प्रसाद बनाकर दिनभर बंटेगा। शहर के मंदिरों में सोमवार रात 12 बजे तक भक्त महादेव के दर्शन कर सकेंगे। चौक के कोनेश्वर मंदिर के संयुक्त मंत्री राजीव मेहरोत्रा ने बताया कि विजय प्रदोष मंडल की ओर से पं. दिनेश झिंगरन के नेतृत्व में 30 ब्राह्मण दो माह तक रोज शाम 7:30 बजे से रात 9:30 बजे तक शिवार्चन करेंगे। सोमवार को पुजारी अमरनाथ मिश्रा 21 दीपों से महाआरती करेंगे। हर सोमवार को ढाई कुंतल ठंडाई बांटी जाएगी।

रोजाना अलग रूप में श्रृंगार: राजेंद्र नगर के महाकाल मंदिर संयोजक अतुल मिश्रा ने बताया कि सावन के सभी सोमवार पर तड़के उज्जैन महाकाल मंदिर की तर्ज पर भस्म आरती और रूद्राभिषेक होगा। रोजाना बाबा महाकाल का अलग रूप में श्रृंगार होता है। सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सोमवार 12 ज्योतिर्लिंग पर रूद्राभिषेक किया जाएगा।

भस्म आरती आज: पुलिस लाइन स्थित हरि ऊं शिव मंदिर मे सावन के दूसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ की भस्म आरती होगी। मन्दिर के पुजारी जितेन्द्र जी महाराज ने बताया कि भस्म आरती प्रातः 5:30 बजे होगी। उसके बाद जलाभिषेक और फिर रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। शाम को प्रवचन होगा। इसी प्रकार राजेन्द्रनगर के महाकाल शिव मन्दिर में भस्म आरती, रुद्राभिषेक का आयोजन होगा। मन्दिर के व्यवस्थापक अतुल मिश्रा ने बताया कि सावन के सभी सोमवार को उज्जैन के महाकालेश्वर की तर्ज पर भस्म आरती होगी। उन्होंने बताया कि भोर के 4 बजे भस्म आरती और 4:20 पर उज्जैन से लाया गया हरिहर जल से भोलेनाथ का पंचामृत स्नान होगा।

यहां भी होंगे आयोजन: चैपटिया स्थित प्राचीन बड़ा शिवाला के भक्त ऋद्धि किशोर गौड़ ने बताया की पूरे सावनभर भोलेनाथ का फूलों से श्रृंगार होगा। तथा आचार्यों द्वारा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा। नादान महल रोड पर स्थित सिद्धनाथ मन्दिर सजावट व भोलेनाथ का श्रृंगार देखने वाला होता है। प्राचीनकाल से चला आ रहा यहां का रुद्राभिषेक प्रसिद्ध है। प्रत्येक सोमवार को करीब 50 लीटर दुध से भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मन्दिर में कई कुंटल फूलों से भोलेनाथ का श्रृंगार और रुद्राभिषेक होगा। आगामीढ़ द्योढ़ी सुभाष मार्ग स्थित महामंगलेश्वर महादेव मन्दिर सावन के दूसरे सोमवार को गेंदा, गुलाब, चांदनी आदि फलों से मन्दिर को सजाया जाएगा। मोहान रोड स्थित बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर में पूरे सावन भर तथा सावन के बुधवार को यहां मेला लगेगा। खदरा के आशुतोष शिव मन्दिर के महंत सुरेन्द्र दास ने बताया कि सावन के सभी सोमवार को ओम नमः शिवाय का संगीतमय पाठ होगा।

सदर मंदिर में होंगे शिव जी के 12 स्वरूपों के दर्शन: भगवान शिव को समर्पित सावन माह में भोलेनाथ के दर्शन की कामना कर भक्त शिव मंदिरों की ओर से रुख करते हैं। देश के कोने-कोन में कुल 12 ज्योतिर्लिंग स्थित हैं। यदि आप सुदूर यात्रा नहीं कर पा रहे हैं तो सदर इलाके में द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर आएं। यहां भोलेनाथ के 12 स्वरूपों के दर्शन कर सकते हैं। यह मंदिर जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक भी करता है। शिवार्चन और रुद्राभिषेक के साथ ही भगवान शिव को चढ़ने वाला जल सीधे जमीन में जाकर भूजल स्तर बढ़ाता है।मंदिर में द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन का पुण्य एक स्थान पर मिलता है। राजधानी में अपनी तरह का ऐसा पहला मंदिर है, जहां जल चढ़ाने के लिए आपको गंगाजलयुक्त शुद्ध जल शिवलिंग के पास ही मिल जाता है। शिवलिंग पर चढ़ा जल नालियों के बजाय सीधे रीचार्जिंग के लिए जमीन में चला जाता है। मंदिर कमेटी के पदाधिकारी राजेश अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में परिवार के साथ रुद्राभिषेक करने की पूरी व्यवस्था रहती है। एक साथ 12 परिवार मंदिर में बैठकर रुद्राभिषेक करते हैं।

भगवान भोलेनाथ का हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा रविवार को दोपहर 2 बजे से मंदिर प्रांगण में श्रवण मास के शुभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक मंदिर समिति एवं क्षेत्र के सभी लोगों के माध्यम से आचार्य अनूप शास्त्री आचार्य विशाल शास्त्री वह सहयोगी आचार्य पंकज शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया गया, जिसमें भगवान भोलेनाथ के 1008 रूद्र नाम के साथ दूध जल एवं विभिन्न पुष्पों से सिंगार एवं अभिषेक किया गया।

कहा जाता है कि श्रावण मास के माह में भगवान भोलेनाथ के रुद्राभिषेक से भक्तों की सभी प्रकार की मनोकामना पूर्ण होती है रुद्राभिषेक के पश्चात मंदिर समिति द्वारा सभी भक्तों को भगवान भोलेनाथ का प्रसाद वितरित किया गया जिसमें मंदिर समिति के संरक्षक रविंद्र निगम अध्यक्ष एवं संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष पद के प्रत्याशी जितेंद्र निगम तीर्थराज यादव अभिषेक मिश्रा जितेन शुक्ला अनुराग दीक्षित सचिन देवल आशीष श्रीवास्तव गणेश शुक्ला शिवम पोरवाल देवेश अवस्थी एवं महिला समिति में अर्चना सिंह राधा शुक्ला शशि राय प्रतिभा मिश्रा प्रगति मिश्रा संजू अवस्थी माला यादव निकिता जुनेजा रति पांडे आदि लोगों का भरपूर सहयोग रहा।

भक्तामर स्तोत्र की आराधना से रोगों से मुक्ति संभवः आचार्य सुबल सागर

भक्तामर दीपार्चन का भव्य आयोजन हुआ



लखनऊ। इंदिरा नगर स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास के दौरान रविवार को आचार्य सुबल सागर जी महाराज ने कहा कि शुद्ध अंतःकरण से आचार्य मानतुंग रचित भक्तामर स्तोत्र की आराधना करने से मनुष्य समस्त रोगों से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राग मेघ मल्हार से वर्षा और राग दीपक से अग्नि प्रज्वलित हो सकती है, उसी प्रकार भक्तामर स्तोत्र में समाहित ऋद्धि एवं बीज मंत्र अद्भुत शक्ति का संचार करते हैं। जहां विज्ञान असफल होता है, वहां अध्यात्म की शक्ति कार्य करती है। महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि भिंड से आए 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का कार्यकारी अध्यक्ष पी.के. जैन, सुदीप जैन, उमेश जैन एवं सौरभ द्वारा सम्मान किया गया। संध्याकाल में गुरु भक्ति एवं भक्तामर दीपार्चन का भव्य आयोजन हुआ।

फिल्म थाप यू ट्यूबर स्टार का हुआ मुहूर्त, लखनऊ में होगी शूटिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। डांस, जुनून और डिजिटल प्लेटफॉर्म की दुनिया को पर्दे पर पेश करने वाली फिल्म थाप यू-ट्यूबर स्टार को लेकर दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ने लगी है। 9 अगस्त को बक्शी का तालाब इलाके में चंद्रिका देवी मंदिर रोड पर स्थित व्हाइट हाउस में फिल्म का मुहूर्त हुआ। इस मौके पर अभिनेता अनिल रस्तोगी, आचार्य लव भूषण, अभिनेत्री व्योमा, राधिका सहित पूरी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

फिल्म में सुशांत पुजारी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण गतिमान फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन पदम सिंह और सिद्धांत धरत कर रहे हैं। कार्यकारी निमार्ता संतोष वर्मा, कैमरामैन नरेश शाह है। निर्देशक पदम सिंह ने बताया कि करीब 40 दिन लखनऊ में शूटिंग चलेगी। इस दौरान बक्शी का तालाब, कुड़िया घाट, रूमी गेट जनेश्वर मिश्र पार्क सहित कई स्थानों पर फिल्म के दृश्यों को शूट किया जायेगा। निर्देशक पदम सिंह ने कहा, गतिमान फिल्म्स सिनेमाई दुनिया में गुणवत्ता, नवाचार और बेहतरीन कहानियों को बड़े पर्दे पर लाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एक प्रोडक्शन हाउस के रूप में हमारा लक्ष्य नए दृष्टिकोण के साथ दर्शकों को एक अविस्मरणीय और प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव देना है। मुख्य किरदार निभा रहे सुशांत पुजारी ने कहा, गतिमान फिल्म्स के साथ इस बेहतरीन यात्रा की शुरूआत करते हुए मुझे बेहद गर्व और खुशी महसूस हो रही है। इस फिल्म में मेरा किरदार बहुत खास है, और हम पूरी मेहनत के साथ एक ऐसी कहानी पेश करेंगे जो दर्शकों को अंत तक बाँधे रखेगी।

अभिनेता अनिल रस्तोगी ने कहा, गतिमान फिल्म्स जैसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना और इस बेहतरीन टीम के साथ जुड़ना मेरे लिए बेहद खुशी की बात है। लखनऊ की इस ऐतिहासिक सरजमीन पर बनी यह फिल्म अपनी सशक्त कहानी और अभिनय के बल पर दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ेगी। आचार्य लव भूषण ने कहा, आज गतिमान फिल्म्स का यह शुभ मुहूर्त केवल एक नए सिनेमाई सफर की शुरूआत नहीं, बल्कि कला और सकारात्मक ऊर्जा का एक पवित्र संगम है। ईश्वर से प्रार्थना है कि यह प्रोजेक्ट सफलता के नए आयाम गढ़े और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाए। फिल्म की कहानी में डांस और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाले युवा की यात्रा को प्रमुखता दी गई है। फिल्म का शीर्षक भी आज के दौर में यू-ट्यूब और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव की ओर संकेत करता है।फिल्म का मोशन पोस्टर जून 2026 में सामने आया था। पोस्टर के जरिए फिल्म की ऊर्जा और डांस से जुड़ी दुनिया की शुरूआती झलक दर्शकों को दी गई थी। फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे खासतौर पर डांस और डिजिटल कंटेंट से जुड़े युवा दर्शकों के लिए आकर्षक प्रोजेक्ट के रूप में देखा जा रहा है। थाप यू-ट्यूबर स्टार के जरिए निमार्ताओं की कोशिश बड़े पर्दे पर उस बदलाव को दिखाने की है, जहां सोशल मीडिया और यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म युवाओं को अपनी प्रतिभा दुनिया तक पहुंचाने का अवसर दे रहे हैं।

महान क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण किया



लखनऊ। मदर सेवा संस्थान द्वारा चबूतरा थियेटर पाठशाला कोटवा, बीकेटी, के बाल एवं युवा कलाकारों द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर क्रांतिकारियों राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी और चंद्रशेखर आजाद को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण गीतो की प्रस्तुति की। राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सपूतों का साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस हमें उन महान क्रांतिकारियों के बलिदान को स्मरण किया गया। इस अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन के 101 वर्ष होने पर गीतो की प्रस्तुति में वरिष्ठ रंगकर्मी महेश चंद्र देवा, राहुल प्रताप सिंह, सुधीर कुमार, राजवीर गौतम, रुचि गौतम, प्राची गौतम, अनुराग गौतम, विशाल गौतम, वैष्णवी, मिष्ठी, अनुराग , आर्यन, आभाष आदि बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

रंग और चिंतन के उत्सव में बच्चों ने किया प्रतिभाग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल, आनंद नगर शाखा में एस्थेटिक एंड कल्चरल डेवलपमेंट प्रोग्राम 2026-27 के अंतर्गत प्रख्यात भारतीय कलाकार मंजित बावा (1941-2008) की कला से प्रेरित छह दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का भव्य एवं सफल समापन हुआ। 3 से 8 अगस्त तक आयोजित इस रचनात्मक कार्यशाला में 32 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग करते हुए मंजित बावा की कला-दृष्टि से प्रेरित 32 चित्रों का सृजन किया। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा उनकी कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। मंजित बावा की विशिष्ट कला-भाषा को केंद्र में रखते हुए आयोजित कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए रंग, रूप, कल्पना और भारतीय कला-दृष्टि को समझने की एक रचनात्मक एवं बौद्धिक यात्रा सिद्ध हुई। विद्यार्थियों ने बावा की कृतियों में दिखाई देने वाली काव्यात्मक सरलता, विशिष्ट रंग-संयोजन, प्रवाहमयी आकृतियों तथा भारतीय मिथक, आध्यात्मिकता, प्रकृति और सांस्कृतिक चेतना से उनके गहरे जुड़ाव को समझने का प्रयास किया। विभिन्न रचनात्मक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने रंग, रेखा, रूप, संयोजन और प्रतीकात्मकता के साथ प्रयोग करते हुए अपनी कल्पना और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को विकसित किया।

इस अवसर पर फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के क्यूरेटर भूपेंद्र कुमार अस्थाना ने कहा, मंजित बावा अपनी रंग-बिरंगी, कल्पनाशील और विशिष्ट चित्रभाषा के लिए भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। उनकी कला हमें प्रकृति, पशु-पक्षियों, संगीत, आध्यात्मिकता और अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति से प्रेम करना सिखाती है। हर बच्चे के भीतर एक कलाकार छिपा होता है। जब बच्चे रंगों से खेलते हैं, चित्र बनाते हैं और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारते हैं, तो उनकी सोच और संवेदनशीलता और भी सुंदर बनती है। इसलिए बच्चों को कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि उनका चित्र अच्छा है या बुरा। सबसे सुंदर चित्र वही होता है, जिसमें उनके मन की खुशी, कल्पना और अपनी सोच दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से चित्र बनाए, रंगों के साथ नए-नए प्रयोग किए और अपनी कल्पना को खुलकर उड़ान दी। कला हमें केवल चित्र बनाना नहीं सिखाती, बल्कि सुंदर सोच, धैर्य, आत्मविश्वास, संवेदनशीलता और रचनात्मकता के साथ जीवन को देखने की दृष्टि भी देती है। लखनऊ पब्लिक स्कूल द्वारा इस प्रकार की कार्यशाला का आयोजन अपने आप में एक सराहनीय पहल है।

हरियाली तीज उत्सव में गीत संगीत और रैंप वॉक की धूम

रेनू सिंह बनीं तीज क्वीन



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। महिलाएं समाज में किसी भी भूमिका में हों, उन्हें अपने अधिकारों और सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक रहना चाहिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से संचालित योजनाएं आम लोगों के लिए हैं और महिलाओं को आगे बढ़कर इनका लाभ लेना चाहिए।

अपर्णा यादव इंदिरा नगर स्थित ग्रैंड इन होटल में फाउंडेशन फॉर सोशल हेल्प की ओर से आयोजित हरियाली तीज उत्सव-2026 को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि तीज का पर्व उत्तर भारत में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। महिलाओं ने अपनी संस्कृति, व्रत और परंपराओं को जिस तरह सहेजकर रखा है, वह सराहनीय है। उन्होंने सभी महिलाओं को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। अपर्णा यादव और पार्षद पूजा जसवानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा नेता जिया और नंदिता मिश्रा निर्णायक के रूप में मौजूद रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं ने गायन, नृत्य और रैंप वॉक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। श्वेता द्विवेदी की सोलो नृत्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। गायन प्रतियोगिता में मोनिका सोनकर और नृत्य प्रतियोगिता में स्नेहा सक्सेना ने पुरस्कार हासिल किया। तीज क्वीन प्रतियोगिता में रेनू सिंह विजेता रहीं, जबकि सुप्रिया सिंह सेकंड रनर-अप रहीं। रैंप वॉक में इला, पिंकी, सुधा, मोनिका, आस्था, विजया और रंजीता ने पारंपरिक परिधानों में आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी।

अपर्णा यादव ने विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता महिलाओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इला मिश्रा और पिंकी वर्मा ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में श्वेता द्विवेदी, सीमा एरी, आस्था नगर, सुधा तिवारी, रेखा मिश्रा, विजया, पद्मा, प्रीति धवन और अलका श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। सावन के गीतों, नृत्य और पारंपरिक परिधानों के बीच महिलाओं ने तीज की खुशियां साझा कीं और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने का संदेश दिया।

राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जैन समाज : सागर जी महाराज

राष्ट्रहित पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत हुए जैन प्रतिभाशालियों का सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। आशियाना जैन मंदिर में चल रहे चातुर्मास वर्षायोग के अंतर्गत राष्ट्रहित पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन राजलक्ष्मी पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे हुआ। सर्वप्रथम पुनीत जैन (रेडियो जॉकी, लखनऊ) द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत राजेश जैन (चौक) द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा संजीव जैन बच्चू (चौक) द्वारा चित्र अनावरण कर कार्यक्रम को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम पूज्य उपाध्याय श्री 108 वीहसंत सागर जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। राष्ट्रहित विषय पर आयोजित इस विशेष संगोष्ठी में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जैन समाज के गणमान्य व्यक्तियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया।

सम्मानित होने वालों में मुख्य रूप से शुभम जैन (जॉइंट डायरेक्टर, वित्त एवं उद्योग विभाग), शुभ्रा जैन (असिस्टेंट प्रोफेसर, ट्रिपल आईआईटी), ए. के. जैन (पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस), विपिन जैन (चार्टर्ड अकाउंटेंट), कैलाश चंद्र जैन सर्राफ (अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन एवं चंदा रानी जैन चैरिटेबल ट्रस्ट), शैलेन्द्र जैन (मेंबर, गवर्निंग काउंसिल ऑफ एसएमई), वी. के. जैन (सेवानिवृत्त अतिरिक्त महानिरीक्षक, कारागार विभाग, उत्तर प्रदेश), आशीष कुमार जैन (डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल) तथा जे. के. जैन (अधिवक्ता) सहित अनेक विशिष्ट जन शामिल रहे।

अपने प्रेरणादायी प्रवचन में उपाध्याय श्री 108 वीहसंत सागर जी महाराज ने कहा कि जैन समाज केवल व्यापार करने वाला समाज नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला समाज है। उन्होंने कहा कि जैन समाज अपने बच्चों को शिक्षा, संस्कार, सेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। समाज के लोग उद्योग, व्यापार, शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, न्याय और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैन समाज देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, रोजगार सृजन करने तथा करों के माध्यम से राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विचार गोष्ठी के दौरान वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों, संस्कारों तथा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर अपने विचार रखे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि राष्ट्र की उन्नति तभी संभव है जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे तथा भावी पीढ़ी को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान की जाए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अंकित जैन, बंटी जैन, शरद जैन, चंद्रप्रकाश जैन, आदिश जैन, रितेश जैन, संजीव जैन, अजय जैन, सिद्धार्थ जैन एवं समर्थ जैन सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल, युवा मंडल एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया तथा राष्ट्रहित एवं समाजहित के कार्यों में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर शुभम जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही एक सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। शुभ्रा जैन ने कहा कि शिक्षा और अनुसंधान किसी भी राष्ट्र की प्रगति के प्रमुख आधार हैं। उन्होंने युवाओं को ज्ञान, तकनीक और नैतिक मूल्यों के समन्वय के माध्यम से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करने का संदेश दिया। ए. के. जैन (पूर्व डीजीपी, उत्तर प्रदेश पुलिस) ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र की मजबूती उसके नागरिकों के अनुशासन, चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा पर निर्भर करती है।

संक्षेप

युवती ने फांसी लगाकर दी जान

जौनपुर। षहर कोतवाली थाना क्षेत्र के उमर खां बड़ी मस्जिद मोहल्ले में रविवार को युवती की दुपट्टे के सहारे फांसी लगाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, उक्त मोहल्ला निवासी अजय सेठ की पुत्री 32 वर्षीय कविता ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों को घटना की जानकारी होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती ने यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया, इसका कारण तत्काल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

गैंगरेप के आरोप में केस दर्ज

जौनपुर । पुलिस अधीक्षक के आदेश पर खुटहन थाने में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इन पर गैंगरेप के एक मुकदमे में पीड़िता पर सुलह का दबाव बनाने, मारपीट करने और उसका मोबाइल छीनकर डेटा डिलीट करने का आरोप है। आरोपियों में अशोक यादव, उसका भाई संतोष यादव और अशोक यादव की पत्नी शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बदलापुर थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी लगातार व्हाट्सएप कॉल के जरिए उस पर गैंगरेप के मुकदमे में समझौता करने का दबाव बना रहे थे। 28 जुलाई की दोपहर आरोपियों ने उसे बातचीत के बहाने बीरमपुर गांव स्थित अपने घर बुलाया। पीड़िता के अनुसार, वहां भी उस पर मुकदमे में सुलह करने का दबाव बनाया गया। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसके बाल खींचकर चप्पल और डंडे से पीटा गया पीड़िता ने बताया कि उसने 112 और 1090 पर फोन करने की कोशिश की, तो उसका मोबाइल छीन लिया गया। किसी तरह वह वहां से निकली, लेकिन रास्ते में चोट लगने के कारण बेहोश हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इस दौरान आरोपियों ने उसके मोबाइल में मौजूद साक्ष्य का डेटा डिलीट कर दिया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के सहजी गांव में शनिवार शाम पांच बजे के करीब दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दो लोगों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के गढवा गांव निवासी बाइक चालक राम प्रकाश(27) प्रयागराज जनपद के मांडा बंदउआ गांव निवासी सवार रिश्तेदार विजय कुमार (18) कोटा घाट की तरफ जा रहे थे जैसे ही सहजी गांव के पास पहुंचे की सामने से आ रहे लालगंज थाना क्षेत्र के धोबहा देवघटा गहरवार गांव निवासी बाइक चालक सुग्रीव(45)तथा बाइक पर पीछे सवार पिपरहा गांव निवासी रामजी(35)की बाइक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें चार लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

सुहासिनी संघ ने सजायी संस्कृति और उल्लास की महफिल



सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल के लेडीज क्लब सुहासिनी संघ द्वारा शनिवार को उमंग भवन में हर्षोल्लास के साथ तीज उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सुहासिनी संघ की अध्यक्षा पद्मालया होता के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर नीलू असाटी, अध्यक्षा (वर्तिका महिला मंडल) एवं ई. निर्मला राव, अध्यक्षा (वनिता समाज) सहित सुहासिनी संघ की वरिष्ठ सदस्य एवं समिति की सदस्याएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सुहासिनी संघ की अध्यक्ष पद्मालया होता ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने तीज जैसे पारंपरिक पर्वों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी मित्रता, एकजुटता और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीज समारोह में मनोरंजक एंट्रेंस गेम्स एवं सरप्राइज गेम्स के साथ-साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिव स्तुति पर शास्त्रीय नृत्य, कजरी गीत, सामूहिक नृत्य तथा सावन और श्रृंगार की थीम पर विशेष प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। सुहासिनी संघ की सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को उत्साह और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण ह्यतीज क्वीन प्रतियोगिताह्न रही, जिसका आयोजन तीन रोमांचक चरणों में किया गया। प्रतियोगिता में सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा एवं सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। सुहासिनी संघ द्वारा आयोजित यह तीज समारोह परंपरा, उल्लास, प्रतिभा और आपसी सौहार्द का सुंदर संगम रहा। कार्यक्रम ने सभी सदस्यों को एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने और भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं को उत्साहपूर्वक मनाने का अवसर प्रदान किया। इस आयोजन ने सुहासिनी संघ से जुड़े सभी सदस्यों के लिए तीज पर्व को एक यादगार अवसर बना दिया।

क्षेत्रीय मेधा प्रतियोगिता में विंध्याचल ने रचा इतिहास



सोनभद्र।एनटीपीसी विंध्याचल ने एनआर क्षेत्रीय मेधा प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट सफलता हासिल की। प्रतियोगिता का क्षेत्रीय चरण 8 अगस्त 2026 को एनटीपीसी दादरी में आयोजित किया गया, जिसमें विंध्याचल की टीमों ने अपने ज्ञान, प्रतिभा एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

सीनियर वर्ग में तन्मय वर्मा एवं हर्षित शर्मा, मिडिल वर्ग में उत्कर्ष पारीक एवं दक्ष जैन तथा जूनियर वर्ग में मास्टर रौनक राज एवं मास्टर श्रेयांश खांडेय की टीमों ने अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय फाइनल के लिए स्थान सुनिश्चित किया। वहीं, कर्मचारी वर्ग में विवेक सिंह एवं चित्रंजन पासवान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। एनटीपीसी विंध्याचल की टीमों की इस उपलब्धि ने परियोजना को गौरवान्वित किया है। युवा प्रतिभागियों एवं कर्मचारियों ने क्षेत्रीय स्तर पर अपनी ज्ञानवत्ता, प्रतिभा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय देते हुए विंध्याचल की समृद्ध बौद्धिक एवं ज्ञानपरक संस्कृति को प्रतिबिंबित किया। यह उपलब्धि टीम विंध्याचल के लिए गर्व का क्षण है और राष्ट्रीय फाइनल में चयनित प्रतिभागियों से आगामी चरण में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

सर्व समाज ने आरक्षण के विरोध में निकाला जुलूस



मीरजापुर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मिजार्पुर की अगवाई में क्रांति दिवस के अवसर पर आरक्षण हटाओ देश बचाओ प्रतिभा का सम्मान करो के नारों के साथ घंटाघर से यात्रा शुरू होकर कचहरी कचहरी पहुंचकर प्रधानमंत्री संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट मिजार्पुर को सौंपा।

पत्रक में मांग किया गया है कि भारत देश एक समभाव वाला देश है, जहां पर सभी धर्म ,जाति, वर्ग के लोगों को बराबर सम्मान दिया जाता है एवं उनकी धार्मिक भावनाओं को भी स्थान दिया जाता है । भारत देश ऐसा देश है जिसमें विभिन्न जाति, धर्म ,रंग ,वर्ण के लोग आते हैं और अपने-अपने क्षेत्र में अपनी भाषा के पोषक हैं। परंतु देश एक है नागरिकता एक है, और सभी जाति, धर्म, वर्ण के लोगों को इस समान नागरिकता वाले देश में समान अवसर प्राप्त होना चाहिए, लेकिन जातीय आरक्षण व्यवस्था सभी धर्म जाति वर्गों में भेद कर उनमें संघर्ष की स्थिति पैदा करता है। वही योग्यता कहीं ना कहीं जातिगत आरक्षण के पैरों तले कुचली जाती है, और योग्य पात्र व्यक्ति उच्च पद प्राप्त नहीं कर पाते, अवसर को प्राप्त नहीं कर पाते। जबकि जातिगत आरक्षण के चलते आयोग के व्यक्ति भी उसे पद को धारण कर लेता है अथवा वह मुझे प्राप्त कर लेता है यह स्थिति निश्चित रूप से संघर्ष की स्थिति है क्योंकि यदि देश एक है तो सभी नागरिकों को अवसर भी एक समान होना चाहिए क्योंकि नागरिकता भी समान है। साथ ही देश में व्याप्त व्यापक पैमाने पर जातिगत हिंसा, विरोध और नौकरियो में आरक्षण, विद्यालयों में आरक्षण, शिक्षण संस्थानों में आरक्षण, निश्चित रूप से देश के युवाओं और युवा होनहारों को उनके अधिकारों से वंचित कर रहा है। जातिगत आरक्षण के चलते छात्र बिना मेहनत किए किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर उसका हिस्सा बन रहा है, जबकि दूसरी ओर क्षेत्र, गांव, देश का होनहार छात्र अच्छे नंबर लाकर भी अपने आप को योग्य साबित नहीं कर पा रहा है। जिससे उनमें कुंठा उत्पन्न हो रही है और आपसी जातीय संघर्ष को बल मिल रहा है। इन सब परिस्थितियों को दूर करने के लिए तथा देश में समान नागरिकता की तरह सामान सेवा में अवसर, समान शिक्षा में अवसर, सामान विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अवसर को बल देने वाली गैर आरक्षण नीति को पोषण देने के लिए मिजार्पुर जनपद के समस्त जाति धर्म के लोगों का श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना अगुवाई करती है। आपसे निवेदन है कि देश के सभी नागरिकों को एक रूप में एकरूपता प्रदान करते हुए केवल भारत देशवासी के नाम से उनकी पहचान बनाने के लिए इस जातिगत आरक्षण को खत्म करें।

जुगैल की बदलेगी तस्वीर लगेंगे तीन मोबाइल टॉवर

सोनभद्र। जनपद के दूरस्थ और लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे जुगैल क्षेत्र के लोगों को जल्द बड़ी राहत मिलने वाली है। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की पहल, जनप्रतिनिधियों के प्रयास तथा जिला प्रशासन की सक्रियता से जुगैल क्षेत्र के पिपरा, गरदा व जोरावा में जल्द ही बीएसएनएल के 4-जी मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाएंगे।

जिलाधिकारी के निर्देश पर टॉवर स्थापना की प्रक्रिया तेज कर दी गई है जल्द ही स्थापना का कार्य शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने बताया कि क्षेत्रफल के हिसाब से जनपद की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जुगैल में भगौलिक परिस्थितियों के कारण मोबाइल नेटवर्क तक आम जन की आसान पहुंच बड़ी समस्या थी। कई वर्षों से यहां के निवासी इस समस्या को लेकर परेशान थे। लेकिन अब जल्द ही उनकी यह समस्या दूर हो जाएगी। बताया कि बीएसएनएल पिपरा, गरदा व जोरावा में 4-जी टॉवर स्थापित करेगा। बताया कि एक ग्राम पंचायत में अधिकतम दो टॉवर लगाने का प्रावधान है, लेकिन नेटवर्क की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने बीएसएनएल के डीजी से समन्वय स्थापित कर परिस्थितियों से अवगत कराया गया, जिसके बाद तीन और टॉवरों की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई। जुगैल ग्राम पंचायत में निर्बाध मोबाइल नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल पांच टॉवर लगेंगे। नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में 25 मोबाइल टॉवर स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 22 टावरों की स्थापना का कार्य भी शुरू हो चुका है। शेष तीन टॉवर वन विभाग से संबंधित औपचारिकताओं के कारण लंबित हैं, जिन पर भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 3 नए टॉवरों को स्वीकृति मिलने के साथ ही जनपद के नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्थापित होने वाले नए मोबाइल टॉवर की कुल संख्या 28 हो गई है। मोबाइल टॉवरों की स्थापना से आमजन की इंटरनेट तक आसान पहुंच उन्हें विकास मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य करेगी।

कांवड़ियों का जत्था प्रयागराज रवाना



जौनपुर। सुजानगंज विकासखंड के सरायभोगी क्षेत्र स्थित दहेंव ग्राम सभा से श्रावण मास के अवसर पर कांवड़ियों का एक जत्था प्रयागराज के लिए रवाना हुआ। ये श्रद्धालु प्रयागराज से पवित्र गंगाजल लेने जा रहे हैं। इस दौरान कांवड़ियों ने बोल बम और हर-हर महादेवष्के जयघोष से पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। इस कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और अन्य शिवभक्त शामिल हैं। श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचकर पवित्र गंगाजल एकत्र करेंगे और फिर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए आगे की यात्रा पर निकलेंगे। गांव के लोगों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय और सुरक्षित यात्रा की कामना की। यात्रा मार्ग में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कांवड़ियों ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। दहेंव ग्राम सभा से यह कांवड़ यात्रा हर वर्ष निकलती है, जो क्षेत्र की धार्मिक परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है।

कजरी महोत्सव में कलाकारों ने बांधा संमा



जौनपुर। पवित्र श्रावण मास के शुभ अवसर पर सामाजिक संस्था परिश्रम द्वारा शनिवार को कजरी महोत्सव एवं स्नेह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लोक संस्कृति और सावन की पारंपरिक कजरी गीतों की ऐसी छटा बिखरी कि पूरा वातावरण सावन के रंग में रंग गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह एवं चंदौली विधायक सुशील सिंह द्वारा किया गया। संस्था की ओर से कृपाशंकर सिंह ने स्वागत किया गया। उन्होने ने कहा कि श्रावण मास भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं में विशेष महत्व रखता है। सावन केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि लोकगीतों, संगीत और सामाजिक मेल-जोल का भी प्रतीक है। कजरी हमारी समृद्ध लोक संस्कृति की पहचान है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।कजरी महोत्सव की शुरूआत मशहूर गायक सुरेश शुक्ला ने पारंपरिक कजरी गीत निबिया की डारी मैया एवं मीरजापुर की गुलजार केइला कचैड़ी गली सुन कईला बलमु की प्रस्तुति ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके उन्होंने एक से बढ़कर एक सावन के कजरी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद प्रसिद्ध गायिका गीतांजलि मौर्य ने अपनी सुरीली आवाज में सावन एवं कजरी के कई मनमोहक गीत प्रस्तुत किए। उनके गीतों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भाव-विभोर कर दिया। गीतांजलि मौर्य की प्रस्तुतियों के दौरान ऐसा माहौल बना कि पूरा आयोजन मानो सावन की फुहारों और पूर्वांचल की लोक संस्कृति से सराबोर हो गया। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, पूर्व सांसद हरिवंश सिंह, पूर्व सांसद बीपी सरोज, विद्यासागर सोनकर, विधायक रमेश सिंह, रमेश चंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक डॉ. हरेन्द्र सिंह, सुषमा पटेल, रमेश मिश्रा विधायक , ओंम प्रकाष सिंह आदि उपस्थित रहे।

जवाबदेह सरकार के लिए मीरजापुर से निकली पूर्वांचल यात्रा



मीरजापुर। जबावदेह सरकार के लिए और रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन और भूमिहीनों के लिए आवासीय जमीन जैसे संवैधानिक अधिकारों की गारंटी व सामाजिक असमानता को समाप्त करने समेत 9 सूत्रीय एजेंडा को लेकर रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान के तहत शहीद उद्यान, मिजार्पुर से पूर्वांचल यात्रा को वरिष्ठ समाजवादी अरुण कुमार मिश्रा ने प्रारंभ कराया। यह यात्रा पूर्वांचल के 10 जिलों में जायेगी और जन संवाद कायम करेगी। इस यात्रा के बाद शास्त्री घाट, वाराणसी में 20 सितंबर को विशाल सम्मेलन होगा। इस अवसर पर मिजार्पुर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शहीद उद्यान में यात्रा के पूर्व हुई सभा को संबोधित करते हुए आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के संस्थापक सदस्य अखिलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश आज नई पीढ़ी पर गर्व कर रहा है। नई पीढ़ी ने भ्रष्ट, नफरत और विभाजन की राजनीति को पीछे धकेलते हुए देश की राजनीति के केंद्र में एक बार फिर जनता के लोकतांत्रिक मुद्दों को स्थापित किया है।

आज नई पीढ़ी की मांग है कि देश में ऐसी जवाबदेह और उत्तरदायी सरकार हो जो परीक्षाओं में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करे तथा प्रत्येक नागरिक के सम्मानजनक रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन और आवासीय भूमि के संवैधानिक अधिकार की गारंटी दे। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की गारंटी के लिए संसाधनों की व्यवस्था हो सकती है बशर्ते सरकार कारपोरेट के संपत्ति पर टैक्स और काली पूंजी की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित करने का उपाय करें। रोजगार-सामाजिक अधिकार अभियान के प्रदेश संयोजक व राष्ट्र उदय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम पाल और भारतीय मानव समाज पार्टी के अध्यक्ष रामधनी बिंद ने जस्टिस रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की बात उठाई। वरिष्ठ समाजवादी अरूण कुमार मिश्रा ने सभा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि उम्मीद है कि देश में लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश यह यात्रा पूर्वांचल में लेकर जायेगी। उन्होंने सभी से इस यात्रा को हर संभव मदद देने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि मिर्जापुर को बचाने का आंदोलन शुरू करें। अडानी के खिलाफ हुंकार भरा कहा मिर्जापुर में स्थापित हो रही अडानी कंपनी के अधीन वाले मिर्जापुर थर्मल पॉवर प्लांट से विकास कम विनाश की ज्यादा आशंका बनी हुई है। आने वाले दिनों जल-जंगल और जीवन पर इसका बुरा असर पड़ने वाला है। अनगिनत बीमारियों के साथ पर्यावरण को गहरा आघात पहुंचाने का काम तेजी से किया जा रहा है। जिस पर चुप नहीं रहा जा सकता है इसके लिए उन्होंने सभी से दलगत भावना से ऊपर उठकर कंपनी के लोगों द्वारा फैलाएं गये षड़यंत्रकारी विकास के कोरे आश्वासनों से इतर हट निकट भविष्य में उत्पन्न होने वाली विनाशकारी परेशानियों को विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि उम्मीद है कि देश में लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश यह यात्रा पूर्वांचल में लेकर जायेगी। उन्होंने सभी से इस यात्रा को हर संभव मदद देने की अपील की। यात्रा में रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य, पेंशन और भूमिहीनों को आवासीय भूमि के संवैधानिक अधिकार, पेपर लीक व परीक्षा में धांधली पर रोक और रिक्त पदों पर तत्काल भर्ती के साथ कारपोरेट व सुपर रिच की सम्पत्ति पर टैक्स लगाकर जन कल्याण के लिए खर्च बढ़ाने, जस्टिस रोहिणी कमीशन की रिपोर्ट सार्वजनिक कर अति पिछड़ों को अलग आरक्षण कोटा देने, प्रदेश से पूंजी पलायन पर रोक लगाकर प्रदेश की बैंकों में जमा पूंजी का यहीं निवेश करने, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों द्वारा महिलाओं की आर्थिक लूट पर रोक लगाने, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं नौजवानों को उद्यम लगाने हेतु सस्ते दर पर लोन देने, प्राकृतिक संसाधनों की लूट व निजीकरण बंद करने व पर्यावरण की रक्षा करने, जनगणना में आदिवासी धर्म कोड और ओबीसी का जाति कालम जोड़ने, किसानों को एमएसपी कानून और बुनकरों, गिग व प्लेटफार्म वर्कर, निर्माण मजदूरों समेत असंगठित मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा के 9 सूत्रीय एजेण्डा को उठाया जा रहा है।

जिला ओलंपिक संघ के वार्षिक समारोह का आगाज



मीरजापुर। जिला ओलंपिक संघ के तत्वाधान में जिला को ऑपरेटिव बैंक के सभागार में स्वर्ण जयंती अवसर पर वार्षिक समारोह का शानदार कार्यक्रम संपन्न हुआ। तय कार्यक्रम के अनुसार 11बजे जिला ओलंपिक संघ की बैठक हुई जिसमें निधि सिंह पटेल अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग खिलाड़ी को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। सम्मानित खिलाड़ीयों में सचिन कुमार, विनय कुमार, विकास कुमार एथलेटिक्स, गोल्ड मेडल (राष्ट्रीय स्तर) वॉलीबॉल में कुसुम कुमारी, संध्या सिंह, अपराजिता (राष्ट्रीय स्वर्ण पदक) कबड्डी रागनी राष्ट्रीय खिलाड़ी पावरलिफ्टिंग ज्योति यादव सिल्वर, मेडल, तैराकी नीतेश निषाद गोल्ड मेडल, अश्वनी कुमार पाण्डेय एवं ज्वाला प्रसाद सिंह ने योगासन वर्ल्ड चैंपियनशिप में लाइजनिंग डेवलपमेंट ऑफिसर के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में अविनाश नगर मजिस्ट्रेट रहे हैं। इस मौके पर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष डॉ जगदीश सिंह पटेल, उपाध्यक्ष कृपाशंकर मिश्रा, विजय वर्मा, राकेश त्रिपाठी सचिव एथलेटिक्स संघ, हुबलाल सचिव कबड्डी, संघ रामू सोनकर सचिव ताइक्वांडो, अश्वनी पांडेय सचिव जुड़ो संघ, योगी ज्वाला सचिव योगासन संघ, संतोष यादव सचिव टेबल टेनिस एवं बास्केटबॉल संघ, अनवर हॉकी एवं कुश्ती संघ, विनोद खो खो संघ, फुटबॉल संघ से रवि शर्मा, रविंद्र सिंह वॉलीबॉल, नीरज कुमार एथलेटिक्स, विजय सिंह, अवधेश सिंह तथा कोच पंचदेव सिंह के अलावा प्रवीण आर्य, प्रवीण पटेल आदि रहे खिलाड़ियों की भारी संख्या रही।

हर्ष फायरिंग के मामले में पुलिस ने की कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद के सिधारी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में लाइसेंसी दो नाली बंदूक से हर्ष फायरिंग का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने हर्ष फायरिंग में प्रयुक्त लाइसेंसी डीबीबीएल गन को कब्जे में ले लिया है। वहीं शस्त्र धारक के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे नोटिस तामील कर नियमानुसार अवमुक्त कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, 3 अगस्त 2026 को उपनिरीक्षक मृत्युंजय सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तिवारीपुर निवासी अभिनव सिंह उर्फ मंटू पुत्र जयप्रकाश सिंह दो नाली बंदूक से फायरिंग करते हुए दिखाई दे रहा है। मामले में सिधारी थाने पर मुकदमा संख्या 323/2026 धारा 30 आयुध अधिनियम-1959 के तहत अभिनव सिंह उर्फ मंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने शस्त्र धारक जयप्रकाश सिंह पुत्र मातवर सिंह, निवासी सिधारी के लाइसेंसी डीबीबीएल गन को कब्जे में लिया। बरामद हथियार का शस्त्र नंबर 357 और लाइसेंस नंबर 853/18 बताया गया है। पूछताछ में जयप्रकाश सिंह ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उनके लाइसेंसी असलहे से उनके पुत्र अभिनव सिंह द्वारा हर्ष फायरिंग की गई थी। पुलिस ने बताया कि संबंधित अभियोग जमानतीय होने के कारण शस्त्र धारक जयप्रकाश सिंह को धारा 35(3) बीएनएसएस की नोटिस तामील कराते हुए नियमानुसार अवमुक्त कर दिया गया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक बालेन्द्र कुमार यादव और हेड कांस्टेबल भाष्करानन्द सिंह, थाना सिधारी शामिल रहे।

रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, समुंदरपुर गांव निवासी अदीद (19) पुत्र सलीम और अदिल (18) पुत्र जैश बाइक से गैस एजेंसी की ओर जा रहे थे। दोनों सगड़ी तहसील स्थित सीओ आवास से करीब 100 मीटर आगे पहुंचे थे। इसी दौरान दोहरीघाट से आजमगढ़ की ओर जा रही रोडवेज बस ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में अदीद की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अदिल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना मिलते ही जीयनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है। घटना की जानकारी मिलने पर परिवहन निगम की जेएसआई चंद्रकला शुक्ला भी मौके पर पहुंचीं और हादसे की जानकारी ली। अदीद की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक का माहौल है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

दो ट्रकों की भिड़ंत में बस भी चपेट में

जौनपुर। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव के पास रविवार सुबह बस और दो हाईवा ट्रकों की टक्कर हो गई। हादसे में बस में सवार दर्जनों यात्री बाल-बाल बच गए। दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बस बंधवा से बाबतपुर जा रही थी। बस में एक दर्जन से अधिक यात्री सवार थे। इसी दौरान बाबतपुर से जमालापुर की ओर गिट्टी और पत्थर की भस्सी लादकर जा रहे दो हाईवा ट्रक भी शेखुपुर के पास पहुंचे। एक हाईवा ट्रक में गिट्टी लदी थी। उसके पीछे चल रहे दूसरे हाईवा ट्रक संख्या ने अचानक आगे वाले ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सवारी से भरी बस भी इसकी चपेट में आ गई। हादसे में एक हाईवा का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि टक्कर के दौरान बस दाहिनी ओर मुड़ जाती तो वह पलट सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि चालक ने बस को संभाल लिया। बस में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित उसी वाहन से आगे रवाना कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाने के लिए जेसीबी की मदद ली जा रही है। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीण और दुकानदार भी जुट गए और वाहनों को हटाने में पुलिस की मदद की।

उपनिदेशक उद्यान ने किया स्थलीय निरीक्षण

जौनपुर। उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जमीनी समीक्षा एवं गुणवत्ता परखने के उद्देश्य से उपनिदेशक उद्यान, वाराणसी मण्डल तथा जिला उद्यान अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा राजकीय पौधशाला (पॉलिटेक्निक), राजकीय पौधशाला (बक्शा) तथा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में स्थापित हाई-टेक नर्सरी अवलोकन किया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने बदलापुर क्षेत्र के केला उत्पादक किसानों के खेतों में पहुँचकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया एवं सत्यापन किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने राजकीय पौधशाला बक्शा एवं पॉलिटेक्निक की व्यवस्थाओं को देखा तथा कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा में स्थापित अत्याधुनिक हाई-टेक नर्सरी में उत्पादित किए जा रहे पौध, हाइब्रिड किस्मों, ड्रिप माइक्रो-इरीगेशन सिस्टम तथा पौधों के रखरखाव का बारीकी से परीक्षण किया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए कि किसानों को केवल उच्च गुणवत्ता वाले, स्वस्थ एवं प्रमाणीकृत पौधे ही उपलब्ध कराए जाएं।

सीआरपीएफ जवान का पार्थिव शरीर पहुंचा घर, मचा कोहराम

आजमगढ़। जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के कोनौली उत्तरगांवा गांव निवासी सीआरपीएफ जवान राजेंद्र यादव का पार्थिव शरीर रविवार भोर करीब 4:30 बजे उनके पैतृक आवास पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी उर्मिला देवी समेत परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। जवान के अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और क्षेत्रीय लोग उनके आवास पर पहुंच गए। राजेंद्र यादव वर्ष 1988 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती असम में थी। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी तबीयत बिगड़ गई। कैंप में मौजूद साथी जवान उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आवश्यक कार्रवाई पूरी

संक्षेप

एसएसपी ने किया कांवड़ मार्ग का निरीक्षण

टूंडला। श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे ने रविवार को थाना रजावली पचोखरा और टूंडला क्षेत्र में एटा-टूंडला कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएसपी ने कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन बैरिकेडिंग प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई समेत कांवड़ियों के आवागमन के लिए किए गए इंतजामों को देखा। उन्होंने मार्ग पर तैनात पुलिस बल एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कांवड़ियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान मार्ग पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिसकर्मी पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद पुलिस कांवड़ यात्रा को सुरक्षित शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

मथुरा में यमुना का बढ़ा जलस्तर

मथुरा। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश और हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के कारण यमुना नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इससे मथुरा जिले के यमुना किनारे बसे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रशासन ने संभावित स्थिति को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है और बाढ़ चैकियां स्थापित की हैं। रविवार सुबह करीब 6 बजे महावन तहसील क्षेत्र की उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी ने यमुना किनारे के निचले इलाकों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ चैकियों पर तैनात कर्मचारियों और अधिकारियों को सतर्क रहने तथा जलस्तर पर लगातार नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। एसडीएम ने लक्ष्मी नगर क्षेत्र सहित यमुना के आसपास के ग्रामीणों और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से संवाद किया। उन्हें बताया गया कि यदि आने वाले दिनों में जलस्तर में और बढ़ोतरी होती है, तो यमुना किनारे बसे गांवों और कॉलोनियों में पानी पहुंचने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। उपजिलाधिकारी प्राजक्ता त्रिपाठी ने जानकारी दी कि महावन तहसील क्षेत्र में स्थापित बाढ़ चैकियों पर गोताखोर, नाविक, एनडीआरएफ व लेखपालों की टीमें तैनात की गई हैं।

बांकेबिहारी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

मथुरा। पवित्र कामिका एकादशी और रविवार के अवकाश के चलते वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे हजारों भक्तों के कारण मंदिर मार्ग से लेकर परिसर तक पूरे दिन जबरदस्त दबाव बना रहा। रविवार सुबह लगभग 6 बजे से ही मंदिर के आसपास भक्तों का जमावड़ा शुरू हो गया था। पुलिस और प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विद्यापीठ से लेकर मंदिर तक जगह-जगह सुरक्षा बैरियर लगाए। जैसे ही मंदिर के पट खुले, मंदिर परिसर और रेलिंग में भक्तों की मौजूदगी क्षमता से अधिक हो गई। इसके बाद पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं को रुक-रुक कर आगे भेजा जाने लगा। तेज धूप, उमस और पसीने के बीच भीड़ के लगातार बढ़ते दबाव के कारण दर्शनार्थियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

'शिव वैली' कॉलोनी का गेट विप्रा ने किया बुलडोजर से ध्वस्त



मथुरा। गोवर्धन क्षेत्र में सस्ते प्लॉट के नाम पर चल रहे फजीवाड़े और अवैध निर्माण के खिलाफ मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण ने कड़ा रुख अपनाया है। प्राधिकरण की टीम ने गोवर्धन-छाता रोड पर पाडाल गांव के पास अवैध रूप से विकसित की जा रही 'शिव वैली' नामक कॉलोनी के बाहर बने मुख्य गेट को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद से वहां प्लॉट खरीदने वाले निवेशकों की चिंताएं काफी बढ़ गई हैं। विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष कुमार ने बताया कि संबंधित प्रोजेक्ट के मालिक की ओर से प्राधिकरण में एक फाइल जमा की गई थी, जिसमें उस जमीन पर कृषि उपकरणों की मरम्मत का कार्य किए जाने की जानकारी दी गई थी। हालांकि, जब प्राधिकरण की टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो स्थिति बिल्कुल विपरीत

● गोवर्धन में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी

पाई गई। अधिकारियों के अनुसार, वहां कृषि कार्य की बजाय अवैध रूप से आवासीय कॉलोनी विकसित करने का काम चल रहा था। बिना किसी स्वीकृति या वैध लेआउट के अवैध निर्माण और प्लॉटिंग की गतिविधियों को देखते हुए प्राधिकरण की टीम ने तुरंत एक्शन लेते हुए कॉलोनी के मुख्य गेट को ढाह दिया। इस पूरी कार्रवाई के बीच, जमीन के कथित मालिक दिनेश शर्मा ने फोन पर बातचीत में एक अलग ही दावा पेश किया है। उनका कहना है कि उस जमीन पर कोई कॉलोनी विकसित नहीं की जा रही है, बल्कि वहां धान की खेती की जा रही है। जब उनसे प्लॉट बेचे जाने के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति ने कॉलोनी के नाम पर अवैध रूप से प्लॉट बेचे हैं, तो इसके लिए वही व्यक्ति पूरी तरह जिम्मेदार होगा। प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई के बाद सबसे बड़ा सवाल उन आम नागरिकों के जीवनभर की कमाई को लेकर खड़ा हो गया है, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट में प्लॉट खरीदे हैं। क्या इन खरीदारों को जमीन की वैधता और प्राधिकरण की स्वीकृति से जुड़े दस्तावेज दिखाए गए थे? यदि यह कॉलोनी अवैध है, तो अब निवेशकों की डूबी हुई पूंजी और निवेश का क्या होगा? 'शिव वैली' पर हुई इस कार्रवाई ने गोवर्धन क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के काले कारोबार को एक बार फिर उजागर कर दिया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि लोग केवल लुभावने विज्ञापनों, सड़क, गेट और झूठे प्रचारों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। संपत्ति खरीदने से पहले संबंधित विकास प्राधिकरण से जमीन के भू-उपयोग, स्वीकृत लेआउट और कानूनी दस्तावेजों की पूरी तरह जांच-पड़ताल जरूर करें।

'एआई की ट्रेन न पकड़ी तो पीछे छूट जायेंगे' : केंद्रीय राज्यमंत्री

आगरा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि परिवहन और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में एआई के जुड़ने से सटीक समय प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक पुख्ता करने में मदद मिलेगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश का हर नागरिक तकनीक की इस नई क्रांति का हिस्सा बने। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आज की अनिवार्य जरूरत है। एआई की यह ट्रेन प्लेटफॉर्म पर खड़ी है। यदि हमने इसे नहीं पकड़ा तो वैश्विक प्रगति की दौड़ में देश पीछे छूट जाएगा। ये विचार केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने व्यक्त किए। वह शनिवार को फतेहाबाद रोड स्थित एक होटल में आयोजित फ्यूचर रेडी कॉन्क्लेव के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि एआई अब चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के परिवहन और रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने में भी गेम-चेंजर साबित होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश में 5जी/6जी नेटवर्क और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा तैयार किया जा चुका है। उसी तरह अब हर क्षेत्र में एआई का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिक भारत में तकनीक का लाभ केवल बड़े महानगरों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि टियर-2 और टियर-3 शहरों से लेकर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक इसका विस्तार किया जाएगा। परिवहन और लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में एआई के जुड़ने से सटीक समय प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग और सुरक्षा प्रणालियों को और अधिक पुख्ता करने में मदद मिलेगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश

● रेलवे-परिवहन सेक्टर में दिखेगा बदलाव, देश का हर नागरिक तकनीक की इस नयी क्रांति का हिस्सा बने

का हर नागरिक तकनीक की इस नई क्रांति का हिस्सा बने। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ एआई सिटी घोषित है। नोएडा से लेकर अन्य शहरों में डाटा सेंटर व एआई लैब्स स्थापित होंगी। सीसीएलए और एसोचैम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा कि ताजनगरी में वर्चुअल टूरिज्म, विदेशी पर्यटकों के लिए बहुभाषी गाइड सुविधा और एआई आधारित शॉर्ट फिल्मों के जरिये पर्यटन को नए पंख लग सकते हैं। चमड़ा और पर्यटन उद्योगों को रफ्तार मिलेगी।

जनपदवासी अपने घर व कार्यस्थल पर तिरंगा अवश्य फहरायें : डीएम



फिरोजाबाद। जनपद में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान का औपचारिक शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में आरम्भ हुआ, इस अभियान को लेकर जिले के बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं प्रबुद्ध वर्ग में भारी उत्साह देखा जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाले तिरंगों का निर्माण किया गया है। इससे जहां एक ओर हर घर तक तिरंगे की उपलब्धता आसान हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय महिला सशक्तिकरण और आजीविका को बढ़ावा मिला है। जिले के नागरिक और युवा अपने घरों व प्रतिष्ठानों पर सम्मानपूर्वक तिरंगा फहरा कर उसके साथ सेल्फी ले रहे हैं और आधिकारिक पोर्टल व सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल पिक्चर लगाकर राष्ट्रध्वज के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त कर रहे हैं। विद्यालयों शासकीय भवनों एवं निजी संस्थानों में तिरंगा फहराने तथा स्वच्छता व देशभक्ति से जुड़े विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने समस्त जनपदवासियों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान हमारी राष्ट्रीय एकता, अखंडता और तिरंगे के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। फिरोजाबाद का प्रत्येक नागरिक अपने घर दुकान और कार्यस्थल पर पूर्ण सम्मान एवं ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगा अवश्य फहराएं। आइए, हम सब मिलकर इस राष्ट्रीय पर्व में सहभागी बनें और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड कर जनपद को गौरवान्वित करें।

थाना टूंडला पुलिस ने 8 वारंटी किये गिरफ्तार

टूंडला। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टूंडला पुलिस ने रात्रि अभियान चलाकर आठ वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में रमेश उर्फ राजाचंद निवासी ग्राम चिरौजी, हरी सिंह निवासी स्वरूप नगर, प्रकाशवीर उर्फ वैद्य जी निवासी नगला रामकिशन, विमल कुमार निवासी नगला लल्लू लाइनपार, मुख्तार अहमद निवासी वैश्य धर्मशाला बलदेव रोड, लाल मोहम्मद निवासी टूंडली, राजकुमार निवासी श्यामलाल कुम्हार भवन के सामने तथा मेघ सिंह निवासी बसई रोड टूंडला शामिल हैं। इनमें कुछ आरोपी विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों, जबकि अन्य धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज, गाली-गलौज एवं धमकी समेत विभिन्न मामलों में न्यायालय से जारी वारंट के चलते वांछित थे। रात्रि गिरफ्तारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह सहित उपनिरीक्षक अंकित कुमार, शिवभान सिंह राजावत, पिन्टू कुमार प्रशान्त कुमार, अरविन्द तथा पुलिसकर्मी शामिल रहे।

विधायक से की सड़क व नाली निर्माण कराने की मांग

टूंडला। ग्राम सुजातनगर कोटकी में सड़क और नाली निर्माण कराए जाने को सुजातनगर निवासी करतार सिंह पोनियां ने विधायक प्रेम पाल धनगर को मांग पत्र सौंपा है। करतार सिंह पौनिया ने विधायक को सौंपे पत्र में बताया है कि ग्राम सुजात नगर कोटकी में सुजातनगर डॉ.बच्चू सिंह के घर से कोटकी ग्राम तक सड़क की स्थिति अत्यंत खराब है। वहीं करतार सिंह के घर से तालाब तक नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों को जल निकासी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। घरों का गंदा पानी रास्ते में भर जाता है, जिससे ग्रामीणों को रास्ता निकलने दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व गंदा पानी भरे होने से मक्खी मच्छर पनपने से बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

भाजपा की हर घर तिरंगा को लेकर हुई बैठक

टूंडला। भाजपा जिला शिविर कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें 13 अगस्त को जिले की तिरंगा यात्रा टूंडला में निकलने के निमित्त आगामी कार्ययोजना बनाई गई भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि तिरंगा हर शक्तिकेंद्र हर बूथ हर घर की छत पर तिरंगा लग सके ऐसी कार्ययोजना पदाधिकारियों के साथ बनाई गई हर मंडल को 2500 तिरंगा झंडे



उपलब्ध करवाए गए जिसमे सभी मंडल अध्यक्षों, बूथ अध्यक्षों ओर पदाधिकारियों को तिरंगा झंडा दिए जिससे वो अपने वार्ड में बूथ पर हर घर तिरंगा झंडा उपलब्ध करा सके, हर बूथ पर पांच पांच तिरंगे झंडे बूथ समिति के सदस्यों को उपलब्ध करवाए जायेंगे, इसमें आगामी अभियान, विभाजन की बिभीषिका, मौन जुलूस पर भी चर्चा हुई, इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह जिला महामंत्री आकाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार नीलम दिवाकर शैलेन्द्र सिंह जिला मंत्री पवन चक, दिनेश गुप्ता जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, नारखी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह संजू, नगर अध्यक्ष आजाद जैन नगला बीच अध्यक्ष अजीत कुशवाह वैष्णो देवी मंडल अध्यक्ष नीरेश रावत शीयर देवी मंडल अध्यक्ष डॉ पूरन सिंह मंडल महामंत्री पचोखरा ब्रजवीर सिंह राजन सिंह निषाद दीपक ठेनुआ अंकित शर्मा, जुबिन भारद्वाज, सुनील पाठक संदीप जैन भाषलेंद्र सिंह गोलू, आसुतोष सिंह, गिरवर निषाद अरुण आदि लोग मौजूद रहे।

छाता तहसील क्षेत्र में केबिनेट मंत्री ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा, भारत माता जयकारों से गूंजा क्षेत्र



मथुरा। रविवार को जनपद मथुरा की छाता तहसील क्षेत्र में ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान के तहत चैमुंहा से सहर तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने पूरे मार्ग में 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से माहौल को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण ने किया। यात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया। देशभक्ति के गीतों के बीच लोग उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्रीय कैबिनेट प्रतिनिधि नरदेव चैधरी, चैमुंहा ब्लॉक प्रमुख शेभराम शर्मा, चैमुंहा मंडल अध्यक्ष मुरारी लाल, डॉ. राजवीर सिंह, अशोक, विनोद, पवन, लोकेश सहित क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि तिरंगा देश की पहचान, गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। प्रत्येक नागरिक को गर्व के साथ अपने घर पर तिरंगा फहराकर देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम का संदेश देना चाहिए। उन्होंने लोगों से ह्यहर घर तिरंगाह्ल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी सहित लूट-छिनैती के दो आरोपी गिरफ्तार



फिरोजाबाद। जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दो मुठभेड़ों के दौरान लूट और छिनैती के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्त पुलिस की जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से घायल हुए। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचे, कारतूस और लूट-छिनैती का सामान बरामद किया है। दोनों घायलों को पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली कार्रवाई थाना दक्षिण पुलिस ने की। पुलिस के अनुसार, 7 अगस्त को एक महिला ने तहरीर देकर बताया था कि 6 अगस्त की रात करीब एक बजे बरामदे में सो रही उसकी मां पर आरोपी ने सिलवट्टे से जानलेवा हमला कर पाजेब लूट ली थी। मामले में थाना दक्षिण पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद आदित्य लांग्हे ने आरोपी रामजीत की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी रामजीत पुत्र घनश्याम टीएल तिराहा स्थित बाउंड्री प्लॉट के पास किसी वारदात की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से रामजीत घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से लूटी गई एक जोड़ी पाजेब, एक तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ। दूसरी कार्रवाई थाना रसूलपुर पुलिस एसओजी और सर्विलांस टीम ने की। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त को गेंदा लाल की ठार खंजापुर के पास अमरूद के बाग में झोपड़ी में बैठी महिला के कानों से एक व्यक्ति कुंडल छीनकर फरार हो गया था। मामले में थाना रसूलपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। 9 अगस्त को पुलिस टीम मोढ़ा तिराहा के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस का दावा है कि संदिग्ध ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी सन्दीप पुत्र मन्टीलाल पैर में गोली लगने से घायल हो गया।

भोला बड़ी दूर है, जाना भी जरूर है...

आगरा। सभी प्रमुख मंदिरों पर एसीपी रहेंगे और दो एसीपी परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाएं देखेंगे। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक और दूसरी शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह आठ बजे तक रहेगी। आगरा में बल्केश्वर महादेव मंदिर पर सावन मेला रविवार शाम से शुरू हो जाएगा। शहर के चारों कोनों में मौजूद शिवालयों की परिक्रमा के लिए लाखों भक्त तैयार हैं। 44 किमी. लंबी परिक्रमा के लिए आस्था का सैलाब उमड़ेगा। पहली बार नगर निगम की ओर से श्रद्धालुओं पर फूलों की वर्षा की जाएगी। परिक्रमा मार्ग पर भंडारों के साथ म्यूजिक सिस्टम लगाकर मंच सजाए गए हैं। परिक्रमा के कारण पुलिस ने ट्रैफिक डायवर्जन भी किया है। रविवार शाम से शुरू हो रही शिव मंदिरों की परिक्रमा से ठीक पहले नगर निगम ने आनन-फानन में सड़कों के गड्ढे भरे। नगर निगम के प्रभारी चीफ इंजीनियर अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि सीसी से गड्ढों को भरने का काम कराया गया। चीफ इंजीनियर अजय कुमार राम ने बताया कि कैलाश मंदिर, बल्केश्वर, राजेश्वर, रावली, मनःकामेश्वर और पृथ्वीनाथ महादेव मंदिरों के पास तथा परिक्रमा मार्ग की खराब लाइटों को भी ठीक कराया गया है। वनखंडी महादेव मंदिर के दो किमी. जंगल क्षेत्र में बल्लियां लगाकर लाइट की व्यवस्था की जाएगी। 10 लाख से ज्यादा भक्तों के परिक्रमा लगाने की संभावना है। परिक्रमा मार्ग की सफाई व्यवस्था के लिए 1500 कर्मचारी लगाए गए हैं। मंदिरों की परिक्रमा की निगरानी ड्रोन से की जाएगी। पुलिस ने शहर को दो सुपर जोन में बांटा है। हर जोन की जिम्मेदारी एडीसीपी को दी गई है। सभी प्रमुख मंदिरों पर एसीपी रहेंगे और दो एसीपी परिक्रमा मार्ग की व्यवस्थाएं देखेंगे। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था शिफ्टों में होगी। पहली शिफ्ट दोपहर 12 बजे से रात 10 बजे तक और दूसरी शिफ्ट रात 10 बजे से सुबह आठ बजे तक रहेगी। एलआईयू भी तैनात रहेगी। शहर में सेक्टर जोनल व्यवस्था लागू रहेगी। परिक्रमा के दौरान शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी है। डीसीपी ने बताया कि बल्केश्वर मेले के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग गेट बनाए गए हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि परिक्रमा के दौरान किसी भी परेशानी पर पुलिसकर्मियों या अधिकारियों को सूचना दें। बल्केश्वर मेले और परिक्रमा मार्ग पर होने वाले भंडारों के पंडाल पर भीड़ के बीच जेबकतरों के गैंग सक्रिय होने का पुलिस को डर है। इसके लिए संबंधित थाने के महिला और पुरुष कर्मियों की सादे कपड़ों में ड्यूटी लगाई गई है। ये संदिग्धों पर निगाह रखेंगे और कंट्रोल रूम को सूचना देंगे। अस्थायी और स्मार्ट सिटी के कैमरों से निगरानी के लिए अलग टीम तैनात की गई है।

● आगरा में नगर परिक्रमा : सड़कों पर दिखा भक्तों का सैलाब, फूलों की वर्षा; दो जोन में बांटा शहर, ड्रोन से निगरानी

भाजपा सांसद नवीन जैन के भाई की कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक की मुश्किलें बढ़ीं

आगरा। पांच अगस्त को कंपनी का शेयर 260 रुपये के आसपास था। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य में अनियमितता की खबरें सामने आते ही बिकवाली का दबाव बढ़ गया और शेयर गिरकर 224 रुपये के करीब पहुंच गया। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे निर्माण में अनियमितता के आरोपों से घिरी भाजपा सांसद नवीन जैन के भाई की कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। विवाद उजागर होने के बाद शेयर बाजार में कंपनी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। शेयरधारकों का विश्वास बुरी तरह डगमगा गया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार महज तीन दिनों के भीतर पीएनसी इंफ्राटेक का शेयर 13.94 फीसदी तक टूट चुका है, जिससे कंपनी के बाजार पूंजीकरण को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी के शेयरों में आ रही इस बड़ी गिरावट का मुख्य कारण हालिया विवाद बताया जा रहा है। वर्ष 2015 में शेयर मार्केट में लिस्ट होने के बाद से कंपनी कई उतार-चढ़ाव भरे दौर से गुजरी है। 5 अगस्त को कंपनी का शेयर 260 रुपये के आसपास था। हालांकि, निर्माण कार्य में अनियमितता की खबरें सामने आते ही बिकवाली का दबाव बढ़ गया और शेयर गिरकर 224 रुपये के करीब पहुंच गया। खास बात यह है कि पिछले एक साल से कंपनी के शेयर का प्रदर्शन दबाव में ही रहा है। 8 अगस्त, 2025 को पीएनसी इंफ्राटेक का शेयर 300 रुपये के पार मजबूती से कारोबार कर रहा था। हालांकि इसके बाद लगातार अलग-अलग कारणों से मार्च 2026 तक यह गिरकर 160 रुपये के निचले स्तर तक पहुंच गया। अप्रैल से शेयर में रिकवरी देखने को मिली और शेयर दोबारा संभलकर 260 रुपये तक पहुंचा था, लेकिन नए विवाद ने तेजी पर फिर से ब्रेक लगा दिया।

ज्वेलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाले शिवम का किया जोरदार स्वागत



टूंडला। प्रयागराज में सात और आठ अगस्त को आयोजित 21 वीं उत्तर प्रदेश राज्य यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप में ज्वेलिन थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले युवा खिलाड़ी शिवम का रविवार दोपहर फिरोजाबाद रोड स्थित अनिल चौधरी के आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। जाट समाज के लोगों ने शिवम का फूल-मालाओं से स्वागत कर उसकी उपलब्धि पर खुशी जताई और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिवम ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। उसकी इस उपलब्धि से युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को यदि उचित मार्गदर्शन एवं सुविधाएं मिलें तो वे प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकते हैं। इस दौरान शिवम को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वागत करने वालों में दीपक चौधरी, अनिल चौधरी, लाल बहादुर सिंह, करतार पौनियां, हनी पौनियां, देवेंद्र बैनीवाल, सतेंद्र प्रधान, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार पौनियां, नेपाल सिंह संजय पौनियां, बलराम सिंह ओमवीर सिंह वेदप्रकाश पाराशर आदि मौजूद रहे।

झाड़-फूंक के बहाने युवती से दुष्कर्म का आरोप अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

आगरा। मलपुरा थाना क्षेत्र में झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के नाम पर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने और बाद में अश्लील फोटो-वीडियो के जरिए ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने फतेहपुर सीकरी निवासी कथित तांत्रिक जय प्रकाश उर्फ जया के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। पुलिस को दी गई शिकायत के मुताबिक, युवती किसी समस्या के समाधान के लिए आरोपी तांत्रिक के संपर्क में आई थी। आरोप है कि तांत्रिक ने झाड़-फूंक करने के बहाने युवती को अपने प्रभाव में लिया और उसे बेहोश कर दिया। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और कथित तौर पर अश्लील फोटो और वीडियो भी बना लिए। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी ने इन्हीं फोटो-वीडियो को सार्वजनिक करने की धमकी देकर उसे लगातार ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी कथित तौर पर युवती से रकम की मांग करता था। ब्लैकमेलिंग से परेशान युवती ने जब आरोपी का नंबर ब्लॉक कर दिया तो आरोप है कि वह अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क कर उसे धमकाता रहा। लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव से परेशान युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास भी किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई। इसके बाद परिवार ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए मलपुरा पुलिस ने आरोपी जय प्रकाश उर्फ जया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस पीड़िता के आरोपों की जांच के साथ ही आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

श्रद्धा के साथ स्वच्छता का संकल्प

● गिरिराज तलहटी में किया श्रमदान



मथुरा। ब्रज की पवित्रता और गिरिराज जी की तलहटी को स्वच्छ रखने के संकल्प के साथ रविवार को ब्रज वैभव अभियान के तहत 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' अभियान चलाया गया। हार्टफुलनेस के स्वयंसेवकों ने गिरिराज जी की तलहटी और गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर कूड़ा-कचरा एवं प्लास्टिक हटाया और परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, स्थानीय निकाय और हार्टफुलनेस द्वारा आयोजित अभियान का शुभारंभ एसडीएम गोवर्धन सुशील सिंह ने किया। इससे पूर्व गिरिराज की तलहटी में विशाल वृक्ष के सान्निध्य में सामूहिक ध्यान किया गया। ध्यान सत्र ने स्वयंसेवकों में सेवा के प्रति ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने परिक्रमा मार्ग और गिरिराज की तलहटी में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवकों ने एकादशी पर परिक्रमा कर रहे श्रद्धालुओं से अपील की कि गिरिराज की पावन भूमि पर कूड़ा-

अमरीका का समर्पण!

अमरीका बार-बार ईरान के सामने सरेंडर कर रहा है। ट्रंप ईरान-ओमान के होर्मुज समझौते पर सहमत हो जाते हैं, तो यह उनका एक और सरेंडर, आत्मसमर्पण होगा। विशेषज्ञ ऐसा मान रहे हैं। अमरीका की एक और युद्ध में कथित पराजय विश्व की सबसे बड़ी दुर्घटना मानी जाएगी। राष्ट्रपति ट्रंप बयान कुछ भी देते रहें, लेकिन वह ईरान युद्ध में अपनी 'मानसिक पराजय' स्वीकार कर चुके हैं। ऐसी स्थिति के पीछे पेंटागन का तनाव और सैन्य जनरलों की चेतावनियां मानी जा रही हैं। युद्ध के पहले चरण में अमरीका ने 40 दिन तक ईरान पर बमबारी की, मिसाइलें दागीं। फिर जुलाई में 13 दिन तक लगातार विध्वंसक हवाई हमले किए, लेकिन ईरान ने घुटने नहीं टेके। व्यापक विनाश के बावजूद ईरान ने हार नहीं मानी। उसकी करीब 70 फीसदी मिसाइलों का भंडार अब भी शेष है। उसके परमाणु केंद्रों का बाल भी बांका नहीं किया जा सका। ईरान आज भी चीन को तेल बेच रहा है। रूस और चीन उसकी हथियारों से मदद भी कर रहे हैं, लेकिन पेंटागन, जनरलों और खुफिया रिपोर्ट के बाद राष्ट्रपति ट्रंप को एकदम युद्ध रोक कर बाहर जाने का मन बनाना पड़ा है। लिहाजा बीते कई दिनों से अमरीकी सेना ईरान पर हमले नहीं कर रही है। इजरायल ने तो लगभग एक महीने से ईरान पर हमला नहीं किया है। राष्ट्रपति ट्रंप अब ईरान के साथ एक और विस्तृत समझौते की बात कर रहे हैं और आशान्वित भी हैं। अलबत्ता ईरान ने समझौते के बयानों को खारिज किया है, लेकिन उसकी आर्थिक हालत इतनी पतली हो गई है कि कभी भी स्थानीय विद्रोह भड़क सकता है। यह हुकूमत का अंदेशा भी है। अब अमरीका और ईरान दोनों ही स्थायी युद्धविराम के पक्ष में हैं, लिहाजा मध्यस्थों के जरिए समझौते की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। राष्ट्रपति ट्रंप इसलिए भी समझौतापरस्त लग रहे हैं, क्योंकि युद्ध ने अमरीका के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी झकझोर कर रख दिया है। वैश्विक विकास दर घटकर 3.4 फीसदी से भी नीचे आ गई है।



अंतरराष्ट्रीय व्यापार वृद्धि 4.6 फीसदी से गिर कर 1.9 फीसदी रह गई है और 27 देशों ने विश्व बैंक से आपातकालीन कर्ज मांगा है। युद्ध ने तेल और गैस की आपूर्ति इस कदर बाधित की है कि इसे 1970 के दशक के बाद का सबसे गंभीर ऊर्जा-संकट माना जा रहा है। ईरान के संदर्भ में अनुमान है कि उसे 270 अरब डॉलर का आर्थिक और ढांचागत नुकसान हुआ है। ईरान में खाद्य पदार्थों और ईंधन का गंभीर संकट पैदा हो गया है। अमरीका भी युद्ध पर 70-80 अरब डॉलर फूंक चुका है, जिसका घरेलू और संसदीय स्तर पर तीखा विरोध हो रहा है। अमरीका को हथियारों का सबसे बड़ा व्यापारी माना जाता रहा है। सेना के आधार पर भी उसे सुपर पॉवर माना जाता है, लेकिन युद्ध में उसकी अमोघ अस्त्र मिसाइलें, वायु रक्षा प्रणाली, लड़ाकू विमान आदि इतने खर्च हो चुके हैं अथवा नष्ट हो चुके हैं कि खुद पेंटागन रूस और चीन के मुकाबले सैन्य क्षमता कम आंक रहा है। हकीकत यह है कि अमरीका की 160 मिसाइलों में ही ईंधन बचा है। करीब 200 मिसाइलें बेकार हो चुकी हैं। करीब 2000 मिसाइलों का उत्पादन करना पड़ेगा। करीब 400 थाड एंटी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली भी तैयार करनी पड़ेगी। फिलहाल यह मुमकिन नहीं है। करीब 50 फीसदी टोमाहॉक मिसाइलें, 80 फीसदी पैट्रियट लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और 38 फीसदी थाड रक्षा प्रणाली आदि युद्ध में इस्तेमाल की जा चुकी हैं अथवा खत्म हो गई हैं। पेंटागन की रिपोर्ट में बजायी जा रही है कि यदि ईरान ने खाड़ी देशों में अमरीकी ठिकानों पर मिसाइल-ड्रोन हमले जारी रखे, तो अमरीकी सेना उनके पलटवार में सक्षम नहीं है। संभवतः राष्ट्रपति ट्रंप ने अचानक युद्ध को इसीलिए रोक दिया है। बहरहाल यह युद्ध अमरीका-ईरान के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए गंभीर संकट पैदा कर रहा है। इसलिए युद्ध का बंद होना पूरी दुनिया के लिए और भारत के लिए भी बहुत ही सुखद है।

विचार

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

-शेक्सपियर.

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

भारत के कानून से अमरीका क्यों परेशान



मनोज बाजपेयी



भारत सरकार विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में समय के अनुसार संशोधन करने का निर्णय किया है, लेकिन इससे सबसे ज्यादा कष्ट अमरीका को हो रहा है। वहां की सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद राईली मूर ने तो मुखौटा भी उतार दिया है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन किया ही इसलिए जा रहा है ताकि भारत के ईसाइयों पर नकेल कसी जा सके और उनको अपना काम करने से रोका जा सके।

भारत सरकार विदेशी अंशदान का नियमन करना चाहती है ताकि इसका दुरुपयोग रोका जा सके। इसके लिए सरकार कानून लेकर आयी है लेकिन इस कानून से अमरीका तक परेशान हो गये हैं। इससे स्पष्ट होता है कि किस तरह अमरीकी संस्थाएं एवं डीप स्टेट भारत में धर्म परिवर्तन और अस्थिरता फैलाने की साजिश में संलिप्त हैं। देश में एनजीओ बहुत ही प्रचलित और पापुलर शब्द है। इसका अर्थ है गैर सरकारी संस्था। इसको आप सामाजिक संस्था भी कह सकते हैं। सरकारी संस्था और गैर सरकारी संस्था, इन दोनों में क्या अंतर है? ऊपर से देखने पर तो सीधा सा मामला है। सरकारी संस्था, जैसे पुलिस, अदालत, कृषि विभाग, सेना आदि सरकारी संस्थाएं हैं। बहुत से काम समाज में लोग खुद करते हैं। उसके लिए कुछ संस्थाएं बना लेते हैं। उनको गैर सरकारी संस्थाएं कहा जाता है। इन्हीं गैर सरकारी संस्थाओं को एनजीओ कहा जाता है। भारत में ज्यादातर काम समाज स्वयं अपने बलबूते करता था, उसमें सरकार की दखलअंदाजी नहीं होती थी। यही कारण था कि मोटे तौर पर समाज आत्मनिर्भर था। लेकिन फिर यहां अंग्रेज आ गये।

लंबे समय तक राज किया लेकिन भारतीय समाज मोटे तौर पर ज्यादातर उनकी सरकार पर निर्भर नहीं हुआ। क्योंकि समाज ने अपने लिए खुद व्यवस्थाएं और संस्थाएं बनाई हुई थीं। अंग्रेज समझ गये कि जब तक भारतीय समाज की भीतरी व्यवस्थाओं को नष्ट नहीं किया जाता, तब तक वे इस समाज के अंदर तक घुसपैठ नहीं कर पाएंगे। और जब तक अंदर नहीं जा पाएंगे तब तक इसे तोड़ा नहीं जा सकेगा। उनका असली मकसद था कि भारतीय समाज उनकी सरकार पर निर्भर होना चाहिए। लेकिन यह कैसे किया जाए? विरोध भी न हो और काम भी होता रहे। खासकर 1857 की आजादी की पहली लड़ाई के बाद अंग्रेजों के लिए भारतीय समाज की भीतरी ताकत को तोड़ना जरूरी हो गया। इस लड़ाई में भारत के सभी समुदाय मिल कर विदेशी सत्ता के खिलाफ लड़े थे। इस पृष्ठभूमि में 1857 के तुरंत बाद ब्रिटेन सरकार ने एक चोर दरवाजा निकाला। वह था सरकार द्वारा सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 बनाना। यह एक्ट किसी पर जबरदस्ती लागू नहीं होता। यह सिर्फ इतना ही कहता है कि यदि कुछ लोग जनता की भलाई या व्यवस्था के लिए मिल जुल कर कुछ काम कर रहे हैं, तो वे यदि चाहें तो अपनी संस्था को सरकार के पास पंजीकृत करवा सकते हैं।

विमर्श

उदाहरण के लिए किसी गांव में कुछ लोग मिल कर कोई मंदिर बना रहे हैं, कोई गोशाला चला रहे हैं, किसी व्यायाम शाला का संचालन कर रहे हैं या फिर गांव में हर साल किसी मेले का आयोजन कर रहे हैं तो सरकार ने कहा कि आप यदि चाहें तो एक संस्था बना कर उसका सरकार से पंजीकरण करवा सकते हो। आपको सरकार की ओर से इसका प्रमाणपत्र भी दे दिया जाएगा। लेकिन यह अनिवार्य नहीं है। स्वाभाविक है कि इसकी प्रतिक्रिया होती और हुई भी। लोगों ने कहा, इसका सरकार से क्या लेना देना। यह हमारे गांव का काम है, सरकार इसमें क्यों टांग घुसेड़ रही है? लंदन में बैठी सरकार जानती थी कि इसकी भारत में इसी प्रकार की प्रतिक्रिया होगी क्योंकि भारतीय समाज अपने अधिकांश क्रिया कलापों के लिए कभी सरकार पर निर्भर नहीं रहा। यही कारण था कि अरबों, तुर्कों और मुगलों की सरकारें भी अपने तमाम प्रयासों के बावजूद भारतीय समाज की आत्मा को नहीं भेद सकीं, उसकी सांस्कृतिक चेतना को खत्म नहीं सकीं। लेकिन उस प्रतिक्रिया का उत्तर लंदन के पास था। ऊपर से देखने पर यह उत्तर निर्दोष भी लगता था। उसने पंजीकरण अनिवार्य नहीं किया लेकिन दूसरा तीर छोड़ा दिया। उन्होंने कहा कि आप लोग समाज के लिए इतना काम कर रहे हो, इसलिए सरकार की भी कई बार इच्छा होती है कि आप लोगों की कुछ आर्थिक सहायता की जाए। लेकिन आर्थिक सहायता तो उसी संस्था की, की जा सकती है जो संस्था सरकार के पास पंजीकृत होगी। स्वाभाविक है इस जाल में कुछ लोग फंसते। लेकिन असली खेल तो उसके बाद शुरू हुआ। ब्रिटिश सरकार को भारतीयों के ईसाईकरण का साइलेंट अभियान चलाना था। लेकिन ब्रिटेन प्रत्यक्ष रूप से यह काम नहीं कर सकता था। इसलिए उन्होंने भी इसी चोर दरवाजे को अपना रास्ता बनाया। उनके निशाने पर पूर्वोत्तर भारत, वनवासी समाज था, जिसको वे ईसाई पंथ में मतान्तरित करना चाहते थे। लेकिन सरकार सीधे यह काम नहीं कर सकती थी। इससे उसका पंथ निरपेक्ष होने का मुखौटा उतर जाता। इसके लिए उन्होंने स्थान-स्थान पर गैर सरकारी संस्थाएं खड़ी कीं। पूर्वोत्तर भारत में तो यह स्थिति है कि वहां जनसंख्या कम है, एनजीओ ज्यादा हैं।

ईसाई मिशनरियों ने इन्हीं एनजीओ को मुखौटे के तौर पर इस्तेमाल किया। विदेशी सरकारों ने अपने यहां की एनजीओ के माध्यम से करोड़ों रुपये इन मिशनरियों को भेजना शुरू किया। तब भारतीयों को लगता था कि अंग्रेजों के चले जाने के बाद यह खेल खत्म हो जाएगा। लेकिन अंग्रेज सरकार जाते समय जिन लोगों को सत्ता हस्तान्तरित करके गई, उन्होंने इस खेल को बन्द नहीं किया। यह चलता रहा और पूर्वोत्तर भारत का आंशिक मतान्तरण हो गया। यह हवा पंजाब में भी गहराने लगी। इसी कारण सरकार ने निर्णय किया है कि इन एनजीओ से विदेश से आने वाले पैसे का हिसाब मांग लिया जाए। सरकार ने निर्णय किया है कि जिन संस्थाओं को विदेशों से पैसा मिलता है, उसके हिसाब किताब का पता किया जाए। पैसा कहां से आता है, कैसे और किस काम के लिए खर्च होता है। धरातल पर ये संस्थाएं क्या कर रही हैं? सभी के ध्यान में ही होगा कि जब कुछ लोगों ने तमिलनाडु परमाणु ऊर्जा केन्द्र की स्थापना का विरोध पर्यावरण के नाम पर करना शुरू किया तो उस समय के प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने कहा था कि विरोध करने वाले लोगों को लेकर कौनसी संस्थाएं आ रही हैं और उन्हें किन देशों से इस काम के लिए पैसा मिलता है, क्या मुझे बताना पड़ेगा? तब आन्दोलन स्वयं ही पीछे हट गया था। अब जब सरकार ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम में समयानुसार संशोधन करने का निर्णय किया हो तो सबसे ज्यादा कष्ट अमरीका को हो रहा है। वहां की सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद राईली मूर ने तो मुखौटा भी उतार दिया है। उसने कहा कि यह संशोधन किया ही इसलिए जा रहा है ताकि भारत के ईसाइयों पर नकेल कसी जा सके और उनको अपना काम करने से रोका जा सके। इतना ही नहीं उसने कहा कि इससे भारत-अमरीका के संबंधों पर भी असर पड़ सकता है।

हैरानी तो इस बात की है कि अमरीका अपने देश में आने देने के किसी आवेदनकर्ता की अर्जी पर जब विचार करता है तो उसके तमाम सोशल अकाउंट को भी चैक करता है। लेकिन उसका कहना है कि भारत सरकार यह भी चैक न करे कि यहां कौन लोग पैसा भेज रहे हैं और किस काम के लिए भेज रहे हैं। दरअसल विदेशी अनुदान भारत में धर्मांतरण और अस्थिरता फैलाने का हथियार बन गया है। इसलिए यह जरूरी है कि इसका पूरी तरह नियमितीकरण हो, सरकार इन पर नजर रखे और ताकि विदेशी फंडिंग का दुरुपयोग रोका जा सके।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के हर गांव गरीब किसान और नौजवान तक पहुंच रहा है।



सीएम योगी.

हमारे छात्रों को हर हाल में इंसाफ मिलना चाहिए, उसके साथ हुई बर्बरता की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरनी में एक स्वतंत्र व उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जानी चाहिए।



राहुल गांधी

सरकारी बस का ही नहीं डबल इंजन सरकार का भी धुंआ निकल गया है। न उधर बचेंगे, न इधर। आक्रोशित छात्र पूछ रहे, ये बस वाया प्रयागराज, लखनऊ से गोरखपुर जा रही क्या? अखिलेश यादव



प्रगति की अंधी दौड़ में जो कुछ हमसे पीछे छूट गया



पर्व, संस्कृति

एस. पी. सिंह परिहार

बारिश से धुली धरती, हरियाली से झूमते वृक्ष और ताजी हवाओं के बीच झूले की हर पेंग शरीर से ज्यादा मन को प्रफुल्लित करती थी। उसमें पीहर की याद थी, सखियों का साथ था और सावन की उमंग थी। तब मोबाइल नहीं था, फिर भी हर दिल जुड़ा था। इंटरनेट नहीं था, फिर भी हर खबर घर-घर पहुंच जाती थी। संगीत सुनने के लिए स्पीकर नहीं थे, फिर भी गांव के आंगन गीतों से गूंजते थे। बारिश में खेतों में हल चलते थे। किसान एक साथ पसीने और बारिश की फुहारों में भीगते थे। बैलों की घंटियां, मिट्टी में धंसते नंगे पांव, कच्ची पगडंडियों पर बच्चों की दौड़ और छप्परों से गिरती पानी की धार—सावन गांव के जीवन की धड़कन बन जाता था। कहीं चूल्हे पर पकौड़ियां छन रही होतीं, कहीं बरामदे में बुजुर्ग मौसम और फसल की बातें कर रहे होते और कहीं ननद-भौजाई की चुहल से घर का सन्नाटा टूट रहा होता। बारिश तब बाहर कम और भीतर ज्यादा बरसती थी। फिर समय बदला। सड़कें आईं, बिजली आई, पक्के मकान आए। टीवी से मोबाइल और मोबाइल से इंटरनेट तक का सफर पूरा हुआ। जिंदगी सुविधाजनक हुई, तेज हुई और दुनिया हमारी हथेली में आ गई। लेकिन इसी तेजी में शायद जीवन के कुछ सबसे सुंदर पल पीछे छूट गए। जिन बागों में सावन के झूले पड़ते थे, वहां अब मकान खड़े हैं। जिन अमराइयों में लोकगीत गूंजते थे, वहां कंक्रीट की दीवारें हैं। पहले बेटी के आने पर पड़ोस बिना बुलाए पहुंच जाता था, अब मोबाइल पर एक संदेश भेजकर हम समझ लेते हैं कि रिश्ता निभ गया। विडंबना देखिए—मिठास कभी रिश्तों से निकलती थी, अब मिठाइयों में बची है। पहले मिलने के लिए बहाने नहीं चाहिए थे, अब मिलने के लिए समय निकालना पड़ता है। हमने दूरी घटाने की तकनीक तो खोज ली, लेकिन दिलों की दूरी घटाने का रास्ता नहीं खोज पाए। हमने समय बचाने के लिए जीवन को तेज कर दिया, मगर उसी तेजी में जीवन के सबसे खूबसूरत पल पीछे छूट गये। हमारे पास बातचीत के लिए साधन पहले से ज्यादा हैं, लेकिन बातचीत के लिए समय पहले से कम है। घर बड़े हुए, सुविधाएं बढ़ीं, साधन बढ़े, मगर कई आंगनों से वह खुशियां, पारिवारिक हंसी गायब हो गई, जो कभी सावन की पहचान हुआ करती थी। सवाल यह नहीं है कि गांव कितना बदल गया। सवाल यह है कि हमारे भीतर का गांव कितना बचा है?

प्रगति की अंधी दौड़ में हम बहुत आगे निकल आए हैं। इतने आगे कि पीछे मुड़कर देखने की फुर्सत ही नहीं बची। विकास की सीढ़ियां चढ़ते-चढ़ते शायद हम उस आंगन को भूल गये, जहां कभी सावन सिर्फ मौसम नहीं, बल्कि रिश्तों, लोकगीतों, झूलों और स्मृतियों का उत्सव हुआ करता था। सावन आज भी आता है। आसमान पर बादल घिरते हैं, बारिश होती है, खेत हरे होते हैं, पेड़-पौधे नहाते हैं और रिमझिम फुहार के साथ मिट्टी आज भी वही सोंधी खुशबू बिखेरती है। फिर भी मन के किसी कोने से एक सवाल उठता है—क्या यह वही सावन है, जिसे हमने अपने बचपन में जिया था? दो-तीन दशक पहले सावन का अर्थ ही कुछ और था। बहन-बेटियों के पीहर आने का महीना। बेटी के आने की खबर भर से मां की आंखों में चमक उतर आती थी। घर का आंगन जैसे अचानक बड़ा हो जाता था। न कोई तारीख तय होती थी, न आने-जाने का कार्यक्रम बनता था। मायके की हूक उठी और बेटी चली आई। उसके आने के साथ केवल एक व्यक्ति नहीं लौटता था, पूरा बचपन लौटता था—सखियों की हंसी, मां की ममता, भाई का अपनापन और उस घर की दीवारों में बसी अनगिनत स्मृतियां।

बेटियां आतीं तो पड़ोस की चौखटें भी खुल जाती थीं। कोई हालचाल पूछने आ जाता, कोई साथ बैठकर गीत गाने लगता और कोई बचपन की पुरानी बात छेड़ देता। रिश्तों में औपचारिकता नहीं थी, अपनापन था और अपनापन जताने के लिए किसी मोबाइल संदेश की जरूरत नहीं थी। फिर गांव के बागों में पड़ते थे झूले। आम और नीम की डालियों पर बंधी रस्सियों पर जब पेंग उठती तो लगता जैसे धरती आसमान को छूने चली हो। झूले पर बैठी बेटियां और सखियां सावन के गीत गातीं। गीतों में प्रेम था, विरह था, हंसी थी, शिकायत थी और मन की वे तमाम बातें थीं जिन्हें कहने के लिए आज की तरह सोशल मीडिया नहीं, बस एक सखी का साथ काफी था। झूला केवल मनोरंजन नहीं था। वह प्रकृति के नवजीवन का उत्सव था।

प्रार्थना और भजन

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानी चाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

अंतर्दृष्टि

थोड़ा गांवों पर भी ध्यान दें...

व्यंग्यलोक

सुबह-सुबह मुझे बुलाया था मुख्यमंत्री ने, बोले-देखो हम सड़कें चौड़ी कर रहे हैं। आवागमन सुविधा जनक होता जा रहा है। मैंने कहा-सड़के ही क्यों पुल बन रहे हैं और नये-नये फ्लाई ओवर। शहर को आपने चमाचम कर दिया है। बिजली अबाधित है। थोड़ा सा गांवों पर भी ध्यान दें तो अगले चुनाव में नौका आसानी से किनारे जा लगेगी। मेरी बात पर थोड़ा झुंझाये, फिर सहज होकर बोले-गांवों की और चुनावों की चिंता तुम छोड़ो। मैंने तुम्हें इसलिए बुलाया था कि तुमने देख लिया कि राजधानी में विकास किस गति से गतिमान है। मैं बोला-विकास की मत पूछिये। इसके नाम पर तो आपने गंगा बहा दी है। अतिक्रमण की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। थोड़ा सा हाउसिंग सोसाइटीज पर ध्यान दे लेते तो और उत्तम रहता। वे फिर बोले-हाउसिंग सोसाइटीज को मारो गोली। विकास की बही गंगा पर एक राइट अप लिख मारो। मैंने कहा- लिखने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छपवाना जरा जटिल है। वे बोले-उसकी चिंता छोड़ो, सब मैनेज करा दूंगा। तुम अपना राइट अप तैयार करो। मैंने कहा-सर, यह अकाल का क्या लफड़ा है? आये दिन चला आता है। वे बोले-जरा धीरे बोलो, अकाल को कन्टीन्यू करने दो। यह बहुत जरूरी है। काफी लोग जूझ रहे हैं। काफी लोग काम कर रहे हैं। इस तरह काफी लोग खा रहे हैं। काफी लोग जीविका जुटा रहे हैं। अकाल बहुत जरूरी है हमारे लिए। बारिस शुरू हो गयी है, लेकिन इससे बात बनी नहीं है। राइट अप में अकालों को तो सब साइड ही कर देना। इसे आवश्यकता हुई तो बाद में देखेंगे। तुम तो हमने जो सड़कें चौड़ी की हैं, उस पर गौर करो। कुल मिलाकर विकास की गंगा बह निकली है, उसे केन्द्र बिन्दु बनाना है। मैं बोला-सड़कों पर तो लिखना ही पड़ेगा। वाकई सड़कें बहुत चौड़ी हो गई हैं। मकान-दुकान तोड़कर भी इन्हें चौड़ा किया गया है। लेकिन सर इधर सड़क बनकर तैयार होती है और उधर दूसरे ही दिन इन्हें खोद दिया जाता है। कभी सीवर लाइन के लिए और कभी टेलीफोन के लिए? इसे भी छोड़ो, इसे मैं देख लूंगा, राइट अप में इसका भी जिक्र नहीं करना है। मैंने कहा न सड़कें पेरिस का मुकाबला कर रही हैं। इस पर ध्यान देना है तुम्हें। वे बोले तो मैंने कहा-मैं मानता हूँ। सड़कों के मामले में हम पेरिस से आगे जा रहे हैं। परन्तु महंगाई सुरसा की तरह फैलती जा रही है। इस बार उन्होंने दोनों हाथों से अपना सिर पकड़ लिया। बालों को खींचा, आसमान को देखा और फिर मुझे घूरकर बोले-तुम क्यों नहीं बात का मर्म समझ रहे। महंगाई से मेरा लेना-देना क्या है? सुनो भूख से कोई मर जाये लेकिन महंगाई से मरते मैंने किसी को नहीं देखा। इधर कलर टीवी हमने सस्ता किया है। इसलिए महंगाई की बात बेमानी है।



पूरन सरमा

आप की बात

अपराध की बढ़ती घटनाएं

कानून व्यवस्था और आम आदमी को सुरक्षा का अहसास करना एक जटिल चुनौती बनती जा रही है। पूरे देश में अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। साल दर साल हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाओं के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था कभी भी सरकारों के एजेंडे में नहीं रही। राजनीतिक दल लंबे चौड़े वायदे करते हैं लेकिन अगर वे कानून का राज ही कायम कर दें तो उनको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं होगी।

पुलिस भी अब अपने उद्देश्यों में भटक गयी हैं। पुलिस ने अपराध रोकने के लिए जिस रणनीति पर काम किया वह पूरी तरह फ्लॉप तो हुई ही है, उससे सरकार की काफी किरकिरी भी हुई है। पुलिस बड़े अपराधियों को चिन्हित करके एनकाउंटर अभियान चलाती रहती है और इसकी आड़ में थाने और चौकी के छुटभैये वसूली अभियान चलाते हैं। पुलिस का सूचना तंत्र लगातार कमजोर होता रहा। अपराधों पर उसकी पकड़ पूरी तरह ढीली पड़ गयी है और पूरा का पूरा पुलिस महकमा प्रतिक्रियावादी ढर्रे पर चलते हुए अपराध होने पर लकीर पीटने तक सिमट गया है। प्रदेश में कोतवाली, थाना और चौकियों का संजाल है। अगर पुलिस तंत्र मुस्तैद रहे तो उसके पास सारी सूचना मौजूद होनी चाहिए और अपराध होने से पहले वांछितों की गिरफ्तारी, बेदखली या बांड आदि भराकर घटना को रोका जा सकता है। लेकिन पुलिस ने अपना जो खौफनाक चेहरा गढ़ा है उसमें अब शांतिप्रिय लोग पुलिस से मतलब नहीं रखते। सिर्फ दलाल, अपराधी किस्म के लोग पुलिस के आगे पीछे-घूमते हैं। पुलिस से लोगों के दूर रहने के कारण सामाजिक तनाव, दुश्मनी व आपसी विवाद को लेकर वास्तविक सूचनाएं उसके पास नहीं होती हैं। जब सूचनाएं नहीं होंगी तो घटनाएं रोकना भी मुश्किल है। यही कारण है कि ताबड़तोड़ हत्या, दुराचार, डकैती के साथ बैंक, एटीएम, पेट्रोल पम्प, बिलिंग सेंटर अपराधियों के निशाने पर हैं। पुलिस में लगातार भर्तियां हो रही हैं लेकिन इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। देश के कुल अपराधों में 10 फीसद अकेले यूपी से होते हैं। इसलिए कानून के राज का अहसास होना भी जरूरी है।

विवेक श्रीवास्तव, लखनऊ.

पेंशन योजनाओं के लाभ

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी अपना कुछ कंट्रीब्यूशन एक सीमा तक बढ़ाये और जब साठ साल पर पेंशन की पात्रता मिले तो पेंशन की राशि इतनी हो जो तीन हजार रुपये की वर्तमान वैल्यू के बराबर हो जाये। उसके साथ हर साल इन्फ्लेशन के हिसाब से पेंशन राशि बढ़ती जाये।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 12 तक होंगे साक्षात्कार

ललितपुर। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों एवं श्रमिकों के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया 12 अगस्त 2026 तक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र अतहर जमाल ने संबंधित लाभार्थियों से निर्धारित समय में आवश्यक दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत लोहार, राजमिस्त्री, नाई, बढ़ई, हलवाई सहित विभिन्न ट्रेडों के लाभार्थियों के साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। संबंधित आवेदक अपने आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, पासपोर्ट साइज फोटो आदि आवश्यक दस्तावेज लेकर किसी भी कार्य दिवस में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक जिला उद्योग प्रोत्साहन स्टेशन रोड में उपस्थित हों।

51 किलो की कांवड़ लेकर कुण्डेश्वर के लिए रवाना हुए शिवभक्त

जिला संवाददाता

ललितपुर। सावन माह में क्षेत्र में शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है। रविवार को ग्राम बछरावनी स्थित प्राचीन भदेश्वर धाम से शिवभक्तों का जत्था 51 किलो जल की विशाल कावड़ लेकर पैदल कुण्डेश्वर धाम के लिए रवाना हुआ। कांवड़ यात्रा शुरू

- ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का किया स्वागत

होते ही पूरा क्षेत्र बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा का मुख्य आकर्षण 51 किलो जल की विशाल कावड़ रही। गांव के युवाओं ने कंधे पर कांवड़ उठाकर पैदल यात्रा का शुभारंभ किया। इसके साथ ही बड़ी संख्या में अन्य श्रद्धालु भी अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार कांवड़ लेकर यात्रा में शामिल हुए। कावड़ यात्रा को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व श्रद्धालुओं ने भदेश्वर धाम में विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। इसके बाद जयघोष करते हुए कावडि? कुण्डेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों ने कावडि ?ों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करने के साथ ही कई स्थानों पर जलपान की भी व्यवस्था की गई। ग्राम बछरावनी स्थित भदेश्वर धाम धार्मिक आस्था के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए भी क्षेत्र में विशेष पहचान रखता है। यहां नदी का संगम स्थल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज के संगम जैसा आकर्षण प्रदान करता है। पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर बहती नदी की धारा और संगम का मनोहारी दृश्य लोगों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करता है। सावन माह में भदेश्वर धाम पर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। दूर-दराज से लोग यहां पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और



भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। कावड़ यात्रा के दौरान भी धाम पर भक्तिमय वातावरण बना रहा। कावडि? पैदल यात्रा करते हुए कुण्डेश्वर धाम पहुंचेंगे। वहां भगवान शिव का पवित्र जल से जलाभिषेक कर क्षेत्र, गांव और देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की जाएगी। कांवड़ यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है और पूरे मार्ग में शिवभक्तों के स्वागत की तैयारियां भी की गई हैं।

नशामुक्ति का लिया संकल्प

ललितपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, वरदानी भवन के तत्वावधान में चलाए जा रहे 10 करोड़ नशा मुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत रविवार को शहर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर पहुंचकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशामुक्त जीवन अपनाने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। अभियान के अंतर्गत जीआरपी थाना, कंपनी बाग, प्रमुख मंदिरों तथा शहर के विभिन्न प्रमुख चैराहों पर ब्रह्माकुमारी बहनों एवं अभियान से जुड़े सदस्यों ने लोगों से संवाद किया। इस दौरान नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। अभियान में शामिल लोगों ने उत्साहपूर्वक संकल्प लिया कि वह अपने जीवन में नशे को स्थान नहीं देंगे।

जिलाधिकारी ने रोप-वे, मेडिकल कॉलेज और एयरपोर्ट के विस्तार कार्यों का किया निरीक्षण

वाराणसी। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज, लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रस्तावित रनवे विस्तार के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-56 पर बन रहे अंडरपास, हवाई अड्डे के विस्तार, नए टर्मिनल भवन तथा कैंट रोप-वे परियोजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कैंट रोप-वे स्टेशन पर निमार्णाधीन फुट ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन पर चल रहे आर्टवर्क एवं फिनिशिंग कार्यों की भी समीक्षा की और रोप-वे परियोजना के अधिकारियों को अन्य सभी स्टेशनों पर शेष कार्य युद्धस्तर पर अभियान चलाकर शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

24 तीर्थंकर गुफा देखरेख के अभाव में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है

महोबा। बुंदेलखंड क्षेत्र में महोबा जिले में स्थित 24 तीर्थंकर गुफा जैन धर्म के प्राचीन वैभव, तप, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की अनमोल धरोहर अपेक्षित संरक्षण और देखरेख के अभाव में अस्तित्व के संकट से जूझ रही है।ग्रेनाइट की विशाल शिलाओं पर उत्कीर्ण भगवान के 24 तीर्थंकरों की दिव्य प्रतिमाएं इस बात की साक्षी हैं कि प्राचीन काल में यह क्षेत्र जैन साधना, स्वाध्याय और धार्मिक संस्कृति का महत्वपूर्ण केंद्र रहा होगा।विस्तृत समाचार के

भाजपा नेता प्रकाश पाल ने राहुल गांधी पर हमला बोला

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल ने रविवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के छात्रों से संवाद कार्यक्रम गूंज को लेकर बड़ा हमला बोला है।उन्होंने कहा यहां कल हुए गूंज कार्यक्रम में श्री गांधी ने दर्द और डेटा इक्वल टू दौलत की बात कही, लेकिन मैं उन्हें सुझाव देता हूं कि कांग्रेस के स्वभाव के मुताबिक वह इसका नाम कांग्रेस प्लस करप्शन प्लस घोटाला इक्वल टू जनता की दौलत रखते। उन्होंने कहा कांग्रेस हमेशा घोटालेबाजी की सरकार रही है और आज वह ज्ञान दे रही है, आखिर राहुल गांधी को इतनी बेशर्मी आती कहां से है जो वह झूठ का नैरेटिव करने में इतने माहिर हो गए हैं।

जौनपुर में 70 आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जौनपुर पुलिस ने रविवार को बड़े स्तर पर विशेष गिरफ्तारी का अभियान चलाकर 70 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी 28 थानों की पुलिस टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आज कुल 70 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

शेखपुर जाफर गांव में मनाया गया चेहल्लुम

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के शेखपुर जाफर गांव में रविवार को मोहर्रम के चालीसवें दिन चेहल्लुम का पर्व बड़े ही अकीदत और गमगीन माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर निमौली शरीफ से आई मशहूर अंजुमन ने हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के 72 शहीदों की याद में मर्सिया पढ़ा। मर्सिया सुनकर मौजूद अकीदतमंद भावुक हो गए और सीनाजनी कर मातम किया। चेहल्लुम में पहुंचे सपा नेता राघवेंद्र सिंह ह्यअनूपह्ल का कमेटी के सदस्यों ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने भावुक होते हुए लोगों से हजरत इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने चाहा तो वह हर वर्ष चेहल्लुम के अवसर पर यहां आने का हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से रिजवान अहमद सिद्दीकी, मुस्तकीम अहमद सिद्दीकी, मोहम्मद साबिर, अब्दुल उपस्थित रहे।

एक ही रात में युवती समेत चार को सांप ने डसा

जिला संवाददाता

ललितपुर। जिले में शनिवार की रात अलग-अलग स्थानों पर सर्पदंश की चार घटनाओं से हड़कंप मच गया। एक युवती समेत चार लोगों को सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सभी को उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों की देखरेख में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल सभी की हालत स्थिर बनी हुई है।

कोतवाली सदर क्षेत्र के बड़ापुरा निवासी रोहित कुशवाहा शनिवार शाम करीब सात बजे अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान सांप ने उसके हाथ में डस लिया।

नींद खुलने पर रोहित ने कमरे से बाहर जाते सांप को देखा और मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर उसने चिकित्सकों को मोबाइल में सांप का वीडियो दिखाया, ताकि सांप की पहचान के आधार पर उपचार में मदद मिल सके। दूसरी घटना मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के चुरावनी गांव की है। यहां विनोद

- अलग-अलग घटनाओं में बिगड़ी हालत, मेडिकल कॉलेज में भर्ती
- घटना की जानकारी परिजनों को दी गयी है

शनिवार दोपहर खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में डस लिया। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई, जिसके बाद शाम करीब सात बजे परिजन उसे उपचार के लिए ललितपुर मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे।

कोतवाली सदर क्षेत्र के पचैनी गांव निवासी रूप सिंह पुत्र हजरत शनिवार शाम करीब छह बजे शहजाद नदी के किनारे बैठे थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें डस लिया। बताया गया कि रूप सिंह ने सांप को हाथ से पकड़कर दूर फेंक दिया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। हालत बिगड़ने पर परिजन रात करीब दस बजे उन्हें मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। थाना बार क्षेत्र के देवरान गांव निवासी कीर्ति शनिवार रात करीब दस बजे घर के बाहर बने चबूतरे पर जा रही थी। इसी दौरान वहां बैठे सांप पर उसका पैर पड़ गया। सांप ने उसे दो बार डस लिया। सर्पदंश के बाद उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उसे भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।

मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर में तैनात चिकित्सक डा.मानवेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब दस बजे तक सर्पदंश के चार मरीज, जिनमें एक युवती भी शामिल है, उपचार के लिए पहुंचे थे। सभी का उपचार किया जा रहा है और फिलहाल किसी की हालत गंभीर नहीं है।

गुरमत समागम में 5 विभूतियों को अंगवस्त्र पहनाकर किया गया सम्मानित

बाराबंकी। सिक्खों के आठवे गुरु श्री गुरु हरकिशन साहिब जी महाराज के प्रकाश पर्व को समर्पित गुरमत समागम आदि सेवा शक्ति संस्थान व सिक्ख काउंसिल ऑफ इंडिया पदाधिकारियों व समाजसेवियो ने लाजपत नगर स्थित राम नारायण चोपड़ा ह्यकाके चोपड़ा के आवास पर बहुत ही श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत बोले सो निहाल, सतश्री अकाल के साथ हुई। समागम में मुख्य अतिथि के रूप में



- मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद सिंह ने भेंट किया अंगवस्त्र

उपस्थित हुए भाजपा विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह का सरदार कवर सिंह पीयूष, प्रधान सरदार जसबीर सिंह बग्गा, उप प्रधान अमरजीत सिंह कालरा, मनदीप सिंह, एडवोकेट जसमीत सिंह ने संयुक्त रूप से अंगवस्त्र और मोमेंटो भेट कर स्वागत किया। तत्पश्चात समागम के मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी श्री सिंह ने समाज के विभिन्न वर्गों के उपस्थित लोगों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि एमएलसी श्री सिंह ने सरदार सतवीर सिंह, सरदार दिलीप सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक अमित गुप्ता, समाजसेवी संजय मिश्रा, दिनेश श्री रंगराजन को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समागम संयोजक आर0एन चोपड़ा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरदार जितेंद्र सिंह, प्रत्यूष कांत शुक्ला, सरदार भूपिंदर पाल सिंह, शैलेंद्र चोपड़ा, सरदार हरविंदर सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, जुबैर खान, सलाम मोहम्मद, परमवीर सिंह रॉकी, डॉ0 शैलेंद्र सिंह, चीफ नवीन सेठ, सरदार बलमीत सिंह लकी, सरदार अमरीक सिंह, पूर्व प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह, सरदार नरेंद्र सिंह, सरदार सतबीर सिंह, सरदार सतपाल सिंह, आसिफ अंसारी, एडवोकेट सरदार सुरजीत सिंह आदि शामिल रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने किशोर को कुचला

ललितपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मसौरा बैरियर के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे ट्रक ने सड़क पार कर रहे 14 वर्षीय किशोर को टक्कर मार दी। हादसे में किशोर का दाहिना पैर ट्रक के अगले पहिए के नीचे आ जाने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल किशोर को परिजनों ने तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मसौरा खुर्द निवासी मानसिंह पुत्र अशोक कुमार अहिरवार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 14 वर्षीय छोटा भाई चंद्रभान शनिवार 8 अगस्त को दोपहर करीब 12 बजे मसौरा बैरियर स्थित मामा होटल से नाश्ता करके पैदल सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान ललितपुर की ओर से तेज गति से आ रहे ट्रक आर.जे.11 जी.बी. 5531 के चालक ने वाहन को कथित तौर पर लापरवाही से चलाते हुए चंद्रभान को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चंद्रभान सड़क पर गिर गया और उसका दाहिना पैर ट्रक के अगले पहिए के नीचे आ गया।

पीएसएमए ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

ललितपुर। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वावधान में एचबीएम हॉस्पिटल के सहयोग से मां सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम, नेहरू नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित

- बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं मोहल्लेवासियों को वितरित की गई निःशुल्क दवाएं
- स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने की महत्वपूर्ण पहल

अभिभावकों, शिक्षकों एवं मोहल्लेवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान 300 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सभी रोगियों का ब्लड शुगर, बजन एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। कुशल चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। एचबीएम हॉस्पिटल की ओर से योग्य चिकित्सक डा.मोगलपुई जे सुमेर (एमबीबीएस, एमडी जनरल मेडिसिन), सिस्टर सेतू, सिस्टर मार्था एवं सुरेश लाल ने स्वास्थ्य परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराईं।

इस दौरान डा. सुमेर ने बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव, स्वच्छता, खान-पान एवं स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ संतुलित आहार, स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आवश्यक है।



शिविर के माध्यम से विद्यालय एवं एसोसिएशन ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद बसीम खजुरिया एवं महामंत्री ध्रुव साहू विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक एड विजय सिंह यादव, एमएलसी प्रतिनिधि, विद्यालय की प्रबंधक मानसी यादव एवं प्रधानाचार्य सीताराम, हाजी सगीरूद्दीन, लक्ष्मी साहू, नीलम रैकवार, निशा अहिरवार, शबाना, तमन्ना, यादवेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, किशन सिंह बंजारा, कैलाश अहिरवार, कुमकुम राजा, महेंद्र राय, सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने वाले एचबीएम हॉस्पिटल के चिकित्सकों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं सभी उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एआईएसएफ के 90वें स्थापना वर्ष समापन समारोह को लेकर राष्ट्रीय महासचिव दिनेश श्री रंगराजन ने की प्रेस वार्ता

12 को रैली व जनसभा, 13 को आयोजित होगा शिक्षा विषय पर सेमिनार

जिला संवाददाता

बाराबंकी। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के 90वें स्थापना वर्ष के समापन समारोह का आयोजन आगामी 12 और 13 अगस्त 2026 को जनपद मे किया जा रहा है। जिसमे देशभर से प्रतिनिधि शामिल होंगे। उक्त जानकारी गांधी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता मे ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश श्रीं रंगराजन ने मीड़िया से रुबरु होते कही।

उन्होने आगे कहा कि 12 अगस्त को सुबह 11 बजे एक रैली तथा जनसभा आयोजित होगी। जिसमे एआईएसएफ के कई पूर्व नेता जो वर्तमान में विभिन्न राजनीतिक जन और वर्ग संगठनों में कार्यरत हैं। जिसमे एटक की महासचिव अमरजीत कौर, पूर्व सांसद सैयद अजीज पाशा, भारतीय कम्युनिस्ट राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा, सांसद पी0 संतोष कुमार तथा अन्य नेता शामिल होगे। राष्ट्रीय महासचिव श्री रंगराजन ने आगे बताया कि एआईएसएफ की स्थापना



12 अगस्त 1936 को लखनऊ में हुई थी। भारत के पहले छात्र संगठन के रूप में एआईएसएफ का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली इतिहास रहा है। हेमू कालानी, कनकलता बरुआ

- एआईएसएफ का स्वतंत्रता आंदोलन में गौरवशाली रहा इतिहास: रंगराजन

और ए आई एस एफ के कई अन्य साथियों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान दिया।

इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए उसी साहस, ऊर्जा और संघर्ष की भावना के साथ एआईएसएफ आज भी सार्वजनिक शिक्षा और छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है।

हाल के काक्रोच आंदोलन में एआईएसएफ ने शुरूआत से ही सक्रिय रूप से भाग लिया और आंदोलन का नेतृत्व किया। इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले छात्र नेताओं को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया जाएगा। 13 अगस्त को सुबह 10 बजे सार्वजनिक शिक्षा की रक्षा चुनौतियाँ और आगे की राह विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा। जिसमे लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो0 रूप रेखा वर्मा, आल इंडिया विश्व विद्यालय शिक्षक संघ महासचिव प्रो0 अरुण कुमार, पूर्व विधायक एवं आल इंडिया शिक्षक संघ कार्यकारी अध्यक्ष कट्टी नरसिम्हा रेड्डी, पूर्व अध्यक्ष आल इंडिया स्टूडेंट्स पूर्व अध्यक्ष वाई0एस लोहित सेमिनार को संबोधित करेंगे।

प्रेस वार्ता में आल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन प्रदेश अध्यक्ष मुजम्मिल जाहिद अली, उपाध्यक्ष नोमान खान, अरुण प्रकाश, प्रदेश सचिव सतीश कुमार, सह सचिव चन्द्रभान, अभिषेक वर्मा, मनीष चैधरी, रीना मोर्य, आलोक कुमार, आदित्य वर्मा, महेंद्र यादव मौजूद रहे।

परिस्थिति में मिली 12वीं की छात्रा का शव

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र के ग्राम उत्तमधाना में रविवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब कक्षा 12 में पढ? वाली छात्रा का शव उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। छात्रा की अचानक मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्राम उत्तमधाना निवासी किसान सुखदेव अहिरवार की सबसे छोटी पुत्री नंदनी अहिरवार, कक्षा 12 की छात्रा थी। शनिवार रात वह रोजाना की तरह अपने परिजनों के साथ घर पर थी। रात में भोजन करने के बाद नंदनी अपने कमरे में सोने चली गई। रविवार सुबह करीब आठ बजे तक जब नंदनी कमरे से बाहर नहीं आई और अंदर से किसी प्रकार की आहट भी नहीं मिली तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो नंदनी अचेत अवस्था में पड़ी थी। उसे उठाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। यह देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों के अनुसार नंदनी तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और पढ़ाई में काफी होनहार थी। उसके बड़े भाई-बहनों का विवाह हो चुका है। नंदनी की अचानक हुई मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मीडिया कार्यशाला का आयोजन, फेक न्यूज, फैक्ट-चेकिंग पर दी जानकारी

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार मे सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी लखनऊ द्वारा मीडिया कार्यशाला वार्तालाप का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में फेक न्यूज एवं भ्रामक सूचनाओं की पहचान, फैक्ट-चेकिंग तथा डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग के साथ केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला मे पीआईबी निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि फेक न्यूज एक वायरस की तरह है, जो तेजी



- पीआईबी निदेशक बोले! फेक न्यूज एक वायरस की तरह इसे फैलने से रोकना जरूरी
- ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के बीच फेक न्यूज को लेकर जागरूकता फैलाना पीआईबी की सराहनीय पहल: डीएम

से फैलती है और समाज को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता में तथ्यों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि करना अत्यंत आवश्यक है और फेक न्यूज को फैलने से रोकने में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकारों के बीच फेक न्यूज के संबंध में जागरूकता फैलाने की पीआईबी की पहल सराहनीय है। वार्तालाप जैसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जाने चाहिए, ताकि पत्रकारों को बदलते डिजिटल परिदृश्य के अनुरूप आवश्यक जानकारी और कौशल मिल सके। लखनऊ विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग वरिष्ठ प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को वायरल फोटो, वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट की सत्यता जांचने, स्त्रोतों की पुष्टि करने तथा विभिन्न डिजिटल टूल्स के माध्यम से फैक्ट-चेकिंग के व्यावहारिक तरीकों की जानकारी दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कहा कि पत्रकार केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला मे पदमश्री रामसरन वर्मा, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. राजीव कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

संक्षेप

सैमसंग ने की विजन एआई टीवी डील्स की घोषणा

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने अपने नवीनतम विजन एआई तकनीक से लैस बड़े स्क्रीन वाले टीवी को बढ़ावा देने के लिए बिग सेलिब्रेशन, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट इमोशंस नाम से एक विशेष कैम्पेन शुरू किया है। यह देशव्यापी कैम्पेन ग्राहकों को प्रीमियम टेलीविजन में अपग्रेड करने के लिए प्रोत्साहित करता है, ताकि उन्हें ज्यादा स्मार्ट, पर्सनलाइज्ड और शानदार होम एंटरटेनमेंट का अनुभव मिल सके। इस कैम्पेन का मुख्य आकर्षण सैमसंग की अत्याधुनिक विजन एआई तकनीक है। यह तकनीक बिक्सबी, परप्लेक्सिटी और माइक्रोसॉफ्ट कोपायलट जैसे एआई प्लेटफॉर्म्स के साथ मिलकर ग्राहकों को उनकी पसंद के हिसाब से टीवी देखने का ज्यादा पर्सनलाइज्ड और स्मार्ट अनुभव देती है।

सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा की बिक्री शुरू की

नई दिल्ली। सैमसंग के आठवीं जेनरेशन के फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 के साथ नए वियरेबल्स गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा2 और गैलेक्सी वॉच9 आज से भारतभर के रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। ग्राहक इन डिवाइसेज को सैमसंग.काम, अमेजन और फ्लिपकार्ट से भी खरीद सकते हैं। भारतीय ग्राहकों के बीच नई गैलेक्सी फोल्ड8 सीरीज को शानदार प्रतिक्रिया मिली है। लॉन्च के महज 72 घंटों के भीतर गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 के लिए सैमसंग को 2.71 लाख प्री-ऑर्डर मिले।

हिंदी जी 5 लेकर आ रहा है भारत भाग्य विधाता

नई दिल्ली। इस स्वतंत्रता दिवस, हिंदी जी 5 14 अगस्त को 'भारत भाग्य विधाता' के एक्सक्लूसिव डिजिटल प्रीमियर के साथ दर्शकों को साहस, धैर्य और निस्वार्थ सेवा की भावना का जश्न मनाने के लिए आमंत्रित करता है। यह स्वदेशी ओटीटी मंच उन गुमनाम नायकों की असाधारण वीरगाथाओं को सामने लाता है, जिनकी बहादुरी, समर्पण और निस्वार्थ सेवा उन मूल्यों का सजीव प्रतीक है, जो हमारे राष्ट्र की पहचान हैं। 'भारत भाग्य विधाता' का लेखन और निर्देशन मनोज तापड़िया ने किया है। फिल्म में कंगना रनौत के साथ गिरिजा ओक, स्मिता तांबे सहित कई अन्य कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।भारत भाग्य विधाता' 26/11 मुंबई आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म की कहानी मुंबई के कामा और अल्ब्लेस अस्पताल में घटित होती है। इसमें नर्सों, वार्ड बॉय, सफाईकर्मियों, सुरक्षा कर्मचारियों और अस्पताल के अन्य स्टाफ की असाधारण बहादुरी को दिखाया गया है, जिन्होंने अपने मरीजों की सुरक्षा के लिए सबसे पहले मोर्चा संभाला।

महाराष्ट्र में 11 अगस्त से दूध दो रुपये लीटर महंगा होगा

पुणे। महाराष्ट्र में मंगलवार से गाय और भैंस के दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी होगी। प्रमुख सहकारी और निजी डेयरियों के प्रतिनिधियों ने दूध के दाम बढ़ाने पर सहमति जताई है। कीमत वृद्धि 11 अगस्त से लागू होगी। यह निर्णय शुक्रवार को मिल्क प्रोड्यूसर्स एंड प्रोसेसर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपालराव म्हास्के ने की। एसोसिएशन के अनुसार, डीजल की कीमत में 10 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है, जबकि पैकेजिंग खर्च में करीब 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इसके अलावा दूध की खरीद कीमत भी बढ़ गई है और आने वाले समय में इसमें और वृद्धि की संभावना है।

अनुपालन का बोझ सुगमता में बड़ी बाधा

नयी दिल्ली। संसदीय समिति ने कहा है कि केंद्र सरकार के कई चरणों में किए गए विनियमन-सरलीकरण के प्रयासों के बावजूद कारोबारी अनुपालन का कुल बोझ अब भी घरेलू उद्यमों के लिए बड़ी बाधा बना हुआ है। संसद की वाणिज्य संबंधी विभागीय स्थायी समिति ने भारत में कारोबारी सुगमता: आगे की राह विषय पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि विभिन्न हितधारकों ने समिति को बताया कि देशभर में 40,000 से अधिक नियामकीय दायित्व समाप्त किए जा चुके हैं, लेकिन एक-दूसरे से मेल खाते और दोहराव वाले नियम अब भी परिचालन लागत बढ़ा रहे हैं।

कंपनियों की पूंजी 1.43 लाख करोड़ बढ़ी



नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को सबसे अधिक लाभ हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 404.53 अंक यानी 0.51 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई का निफ्टी 187.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत के लाभ में रहा।

शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और लार्सन एंड टुब्रो के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। वहीं भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 1.23 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 63,922.03 करोड़ रुपये बढ़कर 10,11,721.84 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,816.4 करोड़ रुपये बढ़कर 18,01,925.19 करोड़ रुपये रहा। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 31,875.35 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,770.13 करोड़ रुपये रही। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 14,637.76 करोड़ रुपये बढ़कर 5,56,482.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस रुख के उलट एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 40,543.23 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 4,96,891.82 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 37,168.96 करोड़ रुपये घटकर 6,73,648.55 करोड़ रुपये रह गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 24,183.16 करोड़ रुपये घटकर 11,27,967.47 करोड़ रुपये रह गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 9,507.67 करोड़ रुपये घटकर 10,20,370.63 करोड़ रुपये रहा। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 7,581.65 करोड़ रुपये घटकर 12,22,423.98 करोड़ रुपये पर आ गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 4,793.16 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 4,88,808.97 करोड़ रुपये पर आ गया। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, भारतीय जीवन बीमा निगम और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

एफपीआई की भारतीय बाजार में लिवाली जारी, अगस्त के पहले सप्ताह में 12921 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे



नयी दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की खरीदारी का सिलसिला अगस्त में भी जारी है। विदेशी निवेशकों ने अगस्त के पहले सप्ताह में भारतीय शेयरों में 12,921 करोड़ का निवेश किया है।

बेहतर होती वृहद आर्थिक स्थिति, अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और रुपये की स्थिरता की वजह से एफपीआई के लिए भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है। अगस्त का यह आंकड़ा जुलाई में किए गए 20,200 करोड़ के निवेश के बाद आया है। इसके पहले लगातार चार माह तक एफपीआई बिकवाल रहे थे। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने जून में 49,340 करोड़, मई में 32,963 करोड़, अप्रैल में 60,847 करोड़ और मार्च में रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ की निकासी की थी। इससे पहले फरवरी में उन्होंने भारतीय शेयरों में 22,615 करोड़ का निवेश किया था। हालांकि, हालिया खरीदारी के बावजूद वर्ष 2026 में विदेशी निवेशक अब भी भारतीय शेयर बाजार में 2.41 लाख करोड़ के शुद्ध बिकवाल बने हुए हैं। यह आंकड़ा पूरे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ की निकासी से भी अधिक है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, हाल के महीनों में एफपीआई का रुख बदलने के पीछे अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीद, कच्चे तेल की नरम कीमतें और रुपये की स्थिरता जैसे कारक प्रमुख हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बेहतर वृद्धि और मुद्रास्फीति संबंधी अनुमान से भी निवेशकों का भरोसा मजबूत हुआ है। भारतीय शेयरों में विदेशी हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम होने के कारण आगे विदेशी निवेश के लिए पर्याप्त गुंजाइश बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाल की खरीदारी का एक बड़ा हिस्सा द्वितीयक बाजार के जरिये हुआ है, जो यह संकेत देता है कि विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी केवल आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तक सीमित नहीं है, बल्कि सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों में भी बढ़ रही है।

अमेरिकी सीनेट में रूस प्रतिबंध विधेयक पारित होने से तेल आपूर्ति पर जोखिम बढ़ा

नयी दिल्ली। रूस पर कड़े प्रतिबंध लगाने के लिए अमेरिकी सीनेट में हुए मतदान से रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान का जोखिम बढ़ गया है, लेकिन इससे भारत और चीन को होने वाले कच्चे तेल के प्रवाह में तुरंत बदलाव की संभावना कम है। अमेरिकी सीनेट ने शुक्रवार को एक रूस प्रतिबंध विधेयक पारित किया, जो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उन देशों के आयात पर 100 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का अधिकार देगा, जो रूसी तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में शामिल हैं। लिंडसे ओ ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एक्ट ऑफ 2026 रूसी ऊर्जा के पांच सबसे बड़े खरीदारों को लक्षित करता है और इसका उद्देश्य तेल व गैस की बिक्री से रूस को होने वाली आय में कटौती करना है। इस कदम को अभी अमेरिकी प्रतिनिधि सभा से मंजूरी मिलनी बाकी है और इसके प्रभावी होने से पहले आगे के विधायी व प्रशासनिक चरणों से गुजरना होगा। इन उपायों के समक्ष अभी भी विधायी और प्रशासनिक बाधाएं हैं, जबकि इनका प्रभाव काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी प्रशासन इन्हें कितनी आक्रामक तरीके से लागू करता है। किसी भी प्रतिबंध का समय बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वैश्विक कच्चे तेल के बाजार में अपेक्षाकृत कमी बनी हुई है।

कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगे शेयर बाजार की चाल



नयी दिल्ली। कच्चे तेल की कीमतें, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और इस सप्ताह जारी होने वाले मुद्रास्फीति के आंकड़े स्थानीय शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियां और घरेलू कंपनियों के तिमाही नतीजे भी बाजार की चाल को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे। घरेलू स्तर पर निवेशकों की नजर जुलाई के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति और विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर रहेगी। इनसे महंगाई के रुख और बाह्य क्षेत्र की स्थिति का संकेत मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का दौर भी गति पकड़ेगा। इस सप्ताह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, भारत फोर्ज, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और टाटा मोटर्स सहित कई कंपनियां अपने तिमाही नतीजे घोषित करेंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार की नजर होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और ईरान से जुड़े व्यापक भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर रहेगी। इस सप्ताह बाजार पर दो प्रमुख कारकों का असर रहेगा। पहला, पश्चिम एशिया की स्थिति और दूसरा, अमेरिका के जुलाई माह के मुद्रास्फीति के आंकड़े। बाजार की नजर विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़े घटनाक्रम पर रहेगी, जहां बातचीत की स्थिति लगातार बदल रही है। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका के जुलाई के मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाक्रम रहेंगे। इसके अलावा, भारतीय बाजार के लिए कच्चे तेल की कीमतें भी प्रमुख कारक बनी रहेंगी।

एफडीआई के लिए सीसीईए की मंजूरी सीमा बढ़ाकर 15000 करोड़ रुपये करने पर विचार

नयी दिल्ली। देश में निवेश का माहौल और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के उन प्रस्तावों की सीमा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15,000 करोड़ रुपये करने पर विचार कर रही है, जिन्हें आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की मंजूरी की जरूरत होती है।

सूत्रों ने यह जानकारी दी। सीसीईए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति है। इसमें गृह मंत्री और वित्त मंत्री जैसे केंद्र सरकार के प्रमुख कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं। मौजूदा एफडीआई नीति के मुताबिक अगर किसी निवेश प्रस्ताव में कुल विदेशी इक्विटी प्रवाह 5,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का होता है, तो संबंधित विभाग उस आवेदन को सीसीईए की मंजूरी के लिए भेजता है। इस सीमा से नीचे के प्रस्तावों पर संबंधित मंत्रालय ही फैसला ले लेते हैं। मंजूरी की यह मौजूदा सीमा नवंबर, 2015 से लागू है और तब से इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। मौजूदा आर्थिक स्थितियों, महंगाई, पिछले वर्षों में निवेश के बढ़ते आकार और कारोबार सुगमता को बेहतर बनाने के मकसद को देखते हुए इस सीमा की समीक्षा करना जरूरी हो गया है। इससे पहले सचिवों की एक समिति ने भी अपनी बैठक में सरकारी मंजूरी वाले रास्ते से आने वाले एफडीआई प्रस्तावों के लिए सीसीईए की सीमा बढ़ाने का सुझाव दिया था।

सोने के दाम चढ़ने के बाद चांदी की मांग बढ़ी



नयी दिल्ली। सोने की कीमतों में तेज उछाल के बीच चांदी के आभूषणों की बढ़ती मांग को देखते हुए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने उनकी (चांदी के आभूषणों की) जांच क्षमता बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। बीआईएस अगले दो साल में देशभर में चांदी के आभूषणों की जांच के लिए संदर्भ और परीक्षण प्रयोगशालाओं का विस्तार करेगा।

चांदी के आभूषणों की जांच की बढ़ती जरूरत को देखते हुए संगठन ने अपनी तैयारियों का आकलन कर लिया है और अब अपनी प्रयोगशालाओं में बड़े पैमाने पर जांच के लिए तैयार है। अगले करीब दो साल तक बीआईएस अपनी मौजूदा प्रयोगशालाओं के जरिये बढ़ी हुई जरूरत को पूरा करने में सक्षम होगा। इस अवधि के दौरान देशभर में संदर्भ और परीक्षण प्रयोगशालाओं का विस्तार किया जाएगा। चांदी की हॉलमार्किंग वर्ष, 2005 से स्वैच्छिक है। सितंबर, 2025 से हॉलमार्क वाले चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर भी दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ता आभूषण की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों की संख्या बढ़कर 59 लाख हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 32 लाख थी। फिलहाल देशभर में करीब 230 संदर्भ और परीक्षण केंद्र बीआईएस से मान्यता प्राप्त हैं जो चांदी के आभूषणों की जांच करते हैं। हॉलमार्क वाले सोने के आभूषणों की बाजार निगरानी के तहत होने वाली सभी जांच बीआईएस अपनी प्रयोगशालाओं में ही करता है। इस काम को बाहरी प्रयोगशालाओं को नहीं सौंपा जाता। हॉलमार्क वाले आभूषणों की बाजार निगरानी के लिए बीआईएस ने अपनी प्रयोगशाला व्यवस्था के भीतर ही संदर्भ (रेफरल) और परीक्षण (एसे) प्रयोगशाला स्थापित की है। बीआईएस ने पिछले वर्ष करीब 2.70 लाख उत्पाद नमूनों की जांच की। संगठन के पास फिलहाल देशभर में अपनी 10 प्रयोगशालाएं हैं, जबकि मान्यता प्राप्त निजी और सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाओं का व्यापक नेटवर्क भी उसके साथ जुड़ा है। हक के अनुसार, वर्ष 2014 में बीआईएस के साथ करीब 147 मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाएं और 24 सूचीबद्ध सरकारी प्रयोगशालाएं थीं। अब इनकी संख्या क्रमशः 440 और 350 हो गई है। बीआईएस ने कुल करीब 23,000 मानक निर्धारित किए हैं, जिनमें लगभग 700 अनिवार्य हैं।

लागत से कम दाम पर बिकवाली से बीते सप्ताह सोयाबीन, पाम-पामोलीन व मूंगफली में गिरावट



नयी दिल्ली। लागत से कम दाम पर बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम में गिरावट आई। इसके अलावा सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी मामूली गिरावट रही। दूसरी ओर, आवक कम रहने और आगामी त्योहारों की मांग के बीच सरसों तेल-तिलहन तथा नगण्य उपलब्धता के बीच ब्रांडेड कंपनियों की औद्योगिक मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में बीते सप्ताह मामूली तेजी रही। बाजार सूत्रों ने कहा कि आयातक बैंकों में अपना कर्ज (ऋण साख-पत्र या एलसी) घुमाते रहने के लिए माल की लागत से नीचे दाम पर बिकवाली कर रहे हैं। विदेशों में तेजी रहने के बावजूद लागत से नीचे दाम पर बिकवाली से बीते सप्ताह सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट रही। ठीक यही हाल पाम-पामोलीन का भी है जिसमें बीते सप्ताह गिरावट देखने को मिली। उन्होंने कहा कि फिलहाल सोयाबीन की मांग है जो बाकी खाद्य तेलों के मुकाबले सस्ता है। खाद्य तेलों की अपनी लगभग आधी जरूरत के लिए आयात पर निर्भर इस देश में खाद्य तेल लागत से नीचे दाम पर बिके यह किसी गंभीर समस्या की ओर इशारा करता है। इस ओर ध्यान दिये जाने की जरुरत है क्योंकि इसमें बैंकों का और किसानों का ही नुकसान है। कामकाज कुछ कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी बीते सप्ताह मामूली गिरावट रही। दूसरी ओर, कम आवक और त्योहारी मांग होने के बीच बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन में मामूली सुधार आया। नगण्य उपलब्धता और बड़ी ब्रांडेड कंपनियों की त्योहारी मांग के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार देखने को मिला।

पेज एक का शेष

विकास

ने कहा कि राष्ट्रगीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश में वंदे मातरम का गान हो रहा है। आज काकोरी ट्रेन एक्शन का 101वां पर्व भी है। 1925 में आज के ही दिन पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां ने काकोरी ट्रेन एक्शन को अंजाम देकर ब्रिटिशरों की चूलों को हिलाया था। यह तिरंगा यात्रा हुतात्माओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और पीएम मोदी के राष्ट्र प्रथम के मंत्र को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। यह मंत्र भारत के हर युवा के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा प्रतिभाशाली, ऊर्जा का प्रतीक है और वह देश की हर चुनौती का सामना करने का सामर्थ्य रखता है। युवा ऊर्जा को आगे बढ़ने के लिए उचित प्लेटफॉर्म हो, वह परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ-साथ देश और समाज की चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर सके। इस भाव के साथ दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पूरे देश में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा में युवाओं की उपस्थिति से गदगद मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम और तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें के संकल्प को लेकर जिन हुतात्माताओं ने राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च बलिदान दिया, लखनऊ में 25-30 हजार युवा इस तिरंगा यात्रा में सहभागी बनकर उन सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे हैं। यह अपार ऊर्जा राष्ट्रभक्ति के प्रति बलिदान होने वाले क्रांतिकारियों व स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के प्रति हमारी कृतज्ञता है। सीएम ने कहा कि राष्ट्रगीत-राष्ट्रगान व राष्ट्र के प्रतीकों के प्रति जो कार्य 1947 के तत्काल बाद होना चाहिए, उसे 75 वर्ष क्यों लगे क्योंकि कुछ लोगों के लिए सत्ता सर्वोपरि थी, लेकिन पीएम मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम है। उन्होंने भारत के प्रतीकों, युवाओं, गरीबों, आधी आबादी, किसानों के लिए नई योजनाओं के साथ आगे बढ़ने के लिए उचित मंच देकर आदर्श प्रस्तुत किया है। यह तिरंगा यात्रा उसी आदर्श की अभिव्यक्ति है। सीएम ने कहा कि तिरंगा के प्रति सम्मान हो, इसके लिए पीएम मोदी ने उसके कोड में संशोधन करके अनिवार्य कर दिया है कि अब आप अपने घर में भी इसे फहरा सकते हैं। कांग्रेस के समय इसके लिए न्यायालय में शरण लेकर लड़ाई लड़नी पड़ती थी तब लोग तिरंगा को घर में लगा पाते थे, लेकिन पीएम मोदी ने 140 करोड़ भारतीयों को आजादी दी कि भारत के आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगा को आप भी घर पर लगाएं। मुख्यमंत्री ने वंदे मातरम व भारत मां की जय के उद्घोष के साथ ही अनुशासन पूर्वक विधान भवन तक तिरंगा यात्रा निकलने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री के आह्वान पर पूरे रास्ते में राष्ट्रभक्ति व अनुशासन का अद्भुत संगम दिखा। मुख्यमंत्री हाथों में तिरंगा लिए नन्हे-मुन्नों के साथ ही संगठन व सरकार के शीर्षस्थ लोगों संग राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत देशभक्ति गीतों के बीच 5 कालिदास मार्ग से विधान भवन तक तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। विधान भवन के सामने मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर यात्रा को पूर्णता प्रदान की। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री/भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, भाजपा के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, स्वतंत्र देव सिंह, जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, ब्रजलाल, संजय सेठ, विधायक नीरज बोरा, राजेश्वर सिंह, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सोशल मीडिया

हमेशा आजाद रहेगा, अंतिम दम तक अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते वह प्रयागराज की धरती पर शहीद हुए। इन क्रांतिकारियों का उद्देश्य भारत मां की आजादी के साथ ही गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर अंग्रेजों को भारत से भगाना और देश को आजाद कराना था। मंच पर मुख्यमंत्री का दर्द भी झलका। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने तो काकोरी की घटना को डकैती कहा, लेकिन स्वतंत्र भारत में भी जिन लोगों के हाथों में सत्ता आई, उन्होंने भी काकोरी डकैती कांड के नाम पर इस घटना के क्रांतिकारियों को अपमानित किया। इन लोगों ने काकोरी ट्रेन एक्शन और चौरीचौरा की घटना को कमतर आंका। 1922 में गोरखपुर में चौरीचौरा की घटना हुई तो कांग्रेस ने आंदोलन स्थगित कर दिया और इससे मुंह मोड़ लिया। महामना मदन मोहन मालवीय ने चौरीचौरा की घटना में क्रांतिकारियों का मुकद्मा लड़ा। सीएम योगी ने कहा कि अनेक क्रांतिकारियों को आजीवन कारावास दिया गया। महान क्रांतिकारी शचींद्र नाथ बख्शी व मन्मथ नाथ गुप्ता को आजादी के बाद जो सम्मान मिलना चाहिए था, नहीं मिला। इन्हें सजा कराने का पाप वकालत करने वाले तत्कालीन कांग्रेसी नेताओं ने किया था। जिन लोगों ने आमजन को अपने नायकों, क्रांतिकारियों से दूर रखा, उन्होंने भारत की युवा पीढ़ी से अन्याय किया। नायकों पर गौरव की अनुभूति का अवसर न देना नौजवान पीढ़ी को आदर्श, गौरव और प्रेरणा से विमुख करने जैसा है। आजादी के बाद जिन लोगों ने सत्ता संभाली, उन लोगों ने क्रांतिकारियों को अपमानित करने का पाप किया। काकोरी के शहीदों के अलावा चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, रानी लक्ष्मीबाई, वीरांगना उदा देवी पासी, अवंती बाई, झलकारी बाई के नाम पर कोई स्मारक न बने, लोग इनका नाम भी न जानने पाएं, इसलिए इन क्रांतिकारियों के नाम पर संस्थाओं का नाम नहीं रखा गया। आजादी के बाद भी इसके लिए लगातार साजिशें की गईं। सीएम ने पीएम मोदी का आभार जताते हुए कहा कि 2014 में सत्ता संभालने के बाद उन्होंने आजादी के नायकों को सम्मान दिया। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थ, वीर सावरकर, रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां के स्मारक को बढ़ाया गया। काकोरी की घटना को काकोरी ट्रेन एक्शन नाम देकर क्रांतिकारियों को सम्मान दिया। इन क्रांतिकारियों के नाम पर अब डाक टिकट जारी हो रहे और संस्थाओं के नाम रखे जा रहे हैं। वरना आजादी के बाद एक ही परिवार/खानदान के नाम पर सभी योजनाओं का नामकरण होता था। मुख्यमंत्री ने आमजन का आह्वान किया कि हम सभी क्रांतिकारियों को खोजें। हमारे गांव, क्षेत्र, जनपद आदि में अनेक गुमनाम नायक होंगे, जिन्होंने तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें न रहें के भाव के साथ आजादी के लिए सर्वस्व समर्पित किया। आजादी के बाद सत्तालोलुप लोगों ने अपने वैभव को देखा। क्रांतिकारियों को भुला दिया गया, उन्हें पाठ्यक्रमों में स्थान नहीं दिया गया। देश, समाज के खिलाफ खूब षड्यंत्र हुआ और फिर से बांटने की साजिश प्रारंभ कर दी गई। सीएम ने अपील की कि क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़ी बिखरी सामग्री को एकत्र करें। उनसे जुड़े स्मारकों की मरम्मत-सौंदर्यीकरण से जुड़ें और पुष्पांजलि देकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करें। सीएम ने कहा कि क्रांतिकारियों के लिए देश की आजादी की लड़ाई सर्वोपरि थी। उनकी स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए काकोरी में शताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। एक वर्ष में क्रांतिकारियों की स्मृतियों में अनेक कार्यक्रम किए गए। काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े परिवारों की वर्तमान पीढ़ी और देश की सुरक्षा के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों को भी सम्मान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि विकसित व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तब साकार होगी, जब सभी के मन में राष्ट्र सर्वोपरि का भाव होगा। अपनी मातृभूमि, भाषा, स्वदेशी उत्पादों को लेकर लोगों को जागरूक करें।

जाति, क्षेत्र और

पीएम इंटर्नशिप और मिशन रोजगार जैसी योजनाओं के माध्यम से युवाओं के लिए नए अवसर तैयार किए जा रहे हैं। युवाओं को बदलती अर्थव्यवस्था और उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए कौशल विकास पर जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में करीब 17 हजार कौशल विकास केंद्र और 15 हजार से अधिक आईटीआई संचालित हो रहे हैं। इनके माध्यम से युवाओं को रोजगार के साथ उद्यमिता के लिए भी तैयार किया जा रहा है। योगी ने कहा कि 2014 में देश में 431 मेडिकल कॉलेज थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 818 हो गई है। आईआईटी की संख्या 16 से बढ़कर 23 और आईआईएम की संख्या 13 से बढ़कर 22 हुई है। एमबीबीएस सीटें करीब 51 हजार से बढ़कर 1.28 लाख हो गई हैं। इससे युवाओं के लिए चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों और केंद्र सरकार की योजनाओं से करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलकर सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के माध्यम से युवाओं को यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में ऑनलाइन और प्रत्यक्ष कक्षाओं की व्यवस्था की गई है। आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता समेत नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्टफो



श्रीलंका की शृंखला में सरफराज खान को मिली जगह

नयी दिल्ली। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को 15 अगस्त से श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाली दो मैच की टेस्ट श्रृंखला के लिए चोटिल साई सुदर्शन की जगह भारतीय टीम में शामिल किया गया। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन को पिछले महीने भारत ए के दौरे के दौरान पैर के अंगूठे में चोट लगी थी। फिलहाल वह बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में चोट से उबर रहे हैं।



बीसीसीआई ने बताया कि सुदर्शन की चोट में काफी सुधार हुआ है और मेडिकल टीम लगातार उनकी प्रगति पर निगरानी रखे है। बीसीसीआई ने बयान में कहा पुरुष चयन समिति ने श्रीलंका के खिलाफ दो मैच की टेस्ट सीरीज के लिए साई सुदर्शन की जगह सरफराज खान को टीम में शामिल किया है। सरफराज 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले कोलंबो में भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

अठाईस वर्षीय सरफराज ने भारत के लिए अब तक छह टेस्ट मैच खेले हैं। उनका आखिरी टेस्ट 2024 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ था। वहीं दूसरी ओर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को कहा कि बोर्ड इस सत्र की दलीप ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बजाय किसी स्टेडियम में कराने की संभावना पर विचार करेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू क्रिकेट के अधिक मुकाबलों का सीधा प्रसारण किया जाएगा, ताकि प्रशंसकों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों और टीमों को खेलते हुए देखने का मौका मिल सके। भारत का 2026-27 घरेलू सत्र दलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा जिसका आयोजन 23 अगस्त से 10 सितंबर तक बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में किया जाना है। इस परिसर में दर्शकों के प्रवेश पर रोक है।

खिलाड़ी कोई मशीन नहीं है, सीओई और टीम प्रबंधन में अच्छा तालमेल : लक्ष्मण

बेंगलुरु। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का पुरजोर तरीके से बचाव करते हुए इसके प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने रविवार को कहा कि खिलाड़ियों की चोट से उबरने की धीमी प्रक्रिया के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि क्रिकेटर कोई मशीन नहीं हैं, जिनकी फिटनेस हर बार तय समयसीमा के भीतर लौट आए। लक्ष्मण ने यह भी स्पष्ट किया कि सीओई और टीम प्रबंधन के बीच बेहतरीन और निर्बाध समन्वय है। फिलहाल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, हरफनमौला हर्षित राणा, हार्दिक पांड्या, वॉशिंगटन सुंदर और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बी. साई सुदर्शन अपनी-अपनी चोटों से उबरने के लिए सीओई में हैं। लक्ष्मण ने सीओई में चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, सीओई सिर्फ चोट से उबरने और फिटनेस हासिल करने का केंद्र नहीं है। क्रिकेटरों को उत्कृष्टता हासिल करने में मदद करने के लिए इसकी भूमिका इससे कहीं बड़ी है। इसलिए हम चोटों के मामले में दोष शब्द का इस्तेमाल करना पसंद नहीं करते। ऐसा करने पर किसी एक व्यक्ति को बलि का बकरा बनाया जाता है। उन्होंने कहा, पुरुष और महिला, दोनों टीमों के सीओई, टीम प्रबंधन और एसएसएम स्टाफ के बीच शानदार तालमेल है। इसलिए बिना रूकावट के संवाद लगातार होता रहता है। लक्ष्मण ने कहा कि कड़े फिटनेस मानकों और मानव शरीर की प्रकृति को देखते हुए किसी खिलाड़ी का एक निश्चित समयसीमा में पूरी तरह फिट हो जाना हमेशा संभव नहीं होता। उन्होंने कहा, यह समझना बहुत जरूरी है कि दिशानिर्देश और समयसीमा हमारी



अपेक्षाओं के आधार पर तय की जाती हैं। लेकिन यह मानव शरीर है, मशीन नहीं कि हर बार तय समयसीमा के भीतर ही रिकवरी हो जाए। उन्होंने बताया, खिलाड़ी की प्रगति की लगातार निगरानी की जाती है और उसके अनुसार प्रशिक्षण का भार बढ़ाया जाता है। चोट के उबरने से लेकर फिट घोषित होने और खिलाड़ी के सीओई छोड़ने तक यही प्रक्रिया जारी रहती है। लक्ष्मण ने अपनी बात समझाने के लिए जसप्रीत बुमराह और साई सुदर्शन का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि चयनकर्ता सीओई से खिलाड़ियों की फिटनेस स्थिति की रिपोर्ट मांगते हैं। इसके बाद रिपोर्ट चयन समिति के अध्यक्ष और दोनों टीमों के मुख्य कोच और बीसीसीआई को भेजी जाती है। उन्होंने कहा, बुमराह और सुदर्शन के नाम के आगे हमेशा एक तारांकित निशान रहता है, जिसका अर्थ है फिटनेस के अधीन। इसलिए श्रीलंका के खिलाफ टीम के लिए उनका चयन फिटनेस क्लीयरेंस मिलने की शर्त पर होना था। लक्ष्मण के मुताबिक सीओई में खिलाड़ियों का आकलन कर उन्हें एक चरण से दूसरे चरण में आगे बढ़ाया जाता है। उनकी प्रगति धीमी होती है तो चयन समिति के अध्यक्ष और मुख्य कोच को इसकी जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया लगातार चलती रहती है और सभी संबंधित लोग समझते हैं कि खिलाड़ी अभी अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हिस्सा लेने के लिए तैयार नहीं है। जब लक्ष्मण से पूछा गया कि बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होने को लेकर क्या यह चिंता का विषय है, तो पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि चोट खेल करियर का हिस्सा है।

संक्षेप

साान्या वत्स बैलेरेट ओपन स्क्वाश में उपविजेता रही

नयी दिल्ली। भारत की सान्या वत्स ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया में खेले गए 3000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर इवेंट बैलेरेट ओपन स्क्वाश में उपविजेता रही। दूसरी वरीयता प्राप्त सान्या महिला एकल के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त सारा कार्डवेल से 6-11, 8-11, 6-11 से हार गईं। दिल्ली की इस खिलाड़ी ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की सुंघी ओह को 6-11, 11-9, 12-10, 11-4 से और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की ही ऐन जून को 11-5, 11-8, 11-4 से हराया था।

अस्मिता का भव्य स्वागत करेगा त्रिपुरा

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली अस्मिता डे का अपने गृह राज्य का बुधवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय दौरे के दौरान भव्य स्वागत करेगा। युवा मामले एवं खेल निदेशक एल डार्लोंग ने पीटीआई को बताया कि यह कार्यक्रम रवींद्र भवन में आयोजित किया जाएगा। अस्मिता राष्ट्रमंडल खेलों में जूडो में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी हैं। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने नयी दिल्ली में राज्य के खेल मंत्री टिंकू रॉय की उपस्थिति में अस्मिता को सम्मानित किया था।

भारतीय गोल्फर दीक्षा लंदन चैंपियनशिप में शीर्ष 20 में

लंदन। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर लंदन चैंपियनशिप के तीसरे दौर में एक ओवर 72 के कार्ड के साथ शीर्ष-20 में बनी हुई हैं जिससे उनकी लेडीज यूरोपीय टूर ऑर्डर ऑफ मेरिट में आगे बढ़ने की उम्मीदें कायम हैं। दीक्षा ने पहले दो दौर में 75-70 का स्कोर किया था और वह संयुक्त 22वें स्थान पर थीं। तीसरे दौर में 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर पहुंच गईं। वहीं अदिति अशोक 71-73 के कार्ड खेलने के बाद संयुक्त 16वें स्थान पर थीं और 73 के कार्ड के साथ वह भी संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गईं। प्रणवी उर्स 71-72 के कार्ड से संयुक्त 12वें स्थान पर पहुंच गई थीं, लेकिन 20 लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के तीसरे दिन 78 के कार्ड के कारण वह संयुक्त 38वें स्थान पर खिसक गईं।

सिंधू के ओलंपिक कांस्य पदक से लेकर लगातार दो सुपर 300 खिताब तक, पार्क दिलवा रहे है सफलता

नयी दिल्ली। लगातार दो सप्ताह। दो सुपर 300 खिताब। दो अलग-अलग खिलाड़ी। किसी भी कोच को इन उपलब्धियों पर गर्व होना स्वाभाविक है और दक्षिण कोरिया के रहने वाले भारतीय बैडमिंटन कोच पार्क ताए-सांग भी इनसे कुछ अलग नहीं हैं। यह पहला अवसर नहीं है जबकि भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने पार्क के मार्गदर्शन में खिताब जीते हैं। पीवी सिंधू ने उनके कुछ रहते हुए ही ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। पिछले रविवार को पार्क से कोचिंग लेने वाली 17 वर्षीय तन्वी शर्मा ने ताइपे ओपन जीता। इसके सात दिन बाद 26 वर्षीय अश्मिता चालिहा ने करियर को खतरे में डालने वाली घुटने की चोट से उबरकर कोरिया मास्टर्स जीता। पार्क ने कोरिया के आसन से पीटीआई से कहा, ये दो सप्ताह बेहद शानदार रहे।

भारत ने श्रीलंका को एकादश में हराया

भारत ने 45 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया

कोलंबो। यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की उपयोगी पारियों के बाद मोहम्मद सिराज के तूफानी अंदाज ने भारत को तीन दिवसीय अभ्यास मैच में श्रीलंका क्रिकेट एकादश पर छह विकेट से शानदार जीत दिला दी। जीत के लिए 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 45 ओवर में चार विकेट पर 214 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिराज ने महज 15 गेंदों में लगातार तीन छक्कों की मदद से नाबाद 32 रन ठोके। पहली पारी में खाता खोले बिना आउट होने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में जोरदार वापसी की। उन्होंने केवल 46 गेंदों पर 61 रन की तेजतर्रार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल और गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रन की आक्रामक साझेदारी कर भारत को तेज शुरुआत दिलाई। जायसवाल अर्धशतक पूरा करने के बाद रिटायर्ड हुए, ताकि टीम के अन्य बल्लेबाजों को भी अभ्यास का पर्याप्त मौका मिल सके। अंगुली की चोट के कारण मैच के शुरुआती दो दिन मैदान से बाहर रहे कप्तान गिल ने वापसी करते हुए 44 रन बनाए। वह स्पिनर केशरा



नुवांथा की गेंद पर आउट हुए। गिल की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी भारत के लिए श्रीलंका के खिलाफ आगामी पहले टेस्ट से पहले बड़ी सकारात्मक खबर रही। ध्रुव जुरेल ने 17 रन का योगदान दिया, जबकि ऋषभ पंत ने धैर्यपूर्ण 28 रन की पारी खेली। एक समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 155 रन हो गया था। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने अंतिम सत्र में जीत की औपचारिकता पूरी की जहां सिराज के बल्ले से अंतिम ओवर में लगे लगातार तीन छक्कों ने भारतीय खेमे का पूरा मनोरंजन किया। इससे पहले श्रीलंका क्रिकेट एकादश ने अपनी दूसरी पारी 45 ओवर में छह विकेट पर 200 रन बनाकर घोषित कर दी थी और भारत के सामने 207 रन का लक्ष्य रखा था। सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का ने 73 गेंदों पर 63 रन की सर्वाधिक पारी खेली। पहली पारी में भी उन्होंने अर्धशतक लगाया था। निपुन धनंजया ने 46 और अंजला बंडारा ने 35 रन बनाए। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा और गुरनूर बराड़ ने दो-दो विकेट लिए, जबकि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक सफलता मिली।

इससे पहले श्रीलंका क्रिकेट एकादश के आठ विकेट पर 363 रन घोषित करने के जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी छह विकेट पर 357 रन बनाकर घोषित की थी। देवदत्त पडिक्कल ने नाबाद 142 रन की शानदार पारी खेली, जबकि जडेजा ने 63 और मानव सुथार ने 41 रन बनाए। गुरनूर बराड़ 36 रन पर नाबाद रहे। भारत मेजबान टीम से केवल छह रन पीछे रहा। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले यह अभ्यास मुकाबला भारत के लिए उपयोगी साबित हुआ। श्रृंखला का पहला टेस्ट 15 अगस्त से गॉल में शुरू होना है।

गांव-गांव पहुंचेगा वॉलीबाल और नेट : ब्रजेश पाठक

खेल संवाददाता

लखनऊ, 9 अगस्त 2026। 46वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक अंडर-16 वॉलीबाल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को रविवार को सम्मानित किया गया। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित डा. (मेजर) एनडी शर्मा खेल अलंकरण समारोह व उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की साधारण सभा की बैठक के दौरान मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक



यूपी सब जूनियर बालक चैंपियनों का सम्मान, किसान वॉलीबाल प्रीमियर लीग की ट्रॉफी का अनावरण

(चेयरमैन, उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन) ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि वॉलीबाल ग्रामीण पृष्ठभूमि से जुड़ा खेल है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा गांव के खिलाड़ियों को खेल की मुख्य धारा से जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से प्रदेश के सभी गांवों में वॉलीबाल और नेट उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी।

इसकी शुरूआत उन गांवो से होगी, जहां से खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने प्रदेश में प्रस्तावित किसान वॉलीबाल प्रीमियर लीग के आयोजन की योजना पर प्रसन्नता की। इस दौरान उन्होंने लीग की ट्रॉफी व टी शर्ट का अनावरण भी किया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के खेल निदेशक डा.आरपी सिंह व उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय एवं यूपी भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुशील मिश्रा ने भी सम्मानित खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और और ग्रामीण क्षेत्रों में वॉलीबाल को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित किसान वॉलीबाल प्रीमियर लीग की पहल का स्वागत किया। खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने कहा कि किसान वॉलीबाल प्रीमियर लीग के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उत्कृष्ट मंच मिलेगा। उन्होंने लीग की योजना के लिए उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की सराहना की।

उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डा. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वॉलीबाल लगातार प्रगति कर रहा है। सम्मानित किए गए खिलाड़ियों की उपलब्धियां प्रदेश में इस खेल की बढ़ती मजबूती का प्रमाण हैं। इसके साथ हुई उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा में प्रदेश में वॉलीबाल की स्थिति,

उत्तर प्रदेश वॉलीबाल दिवस-2026 पर डा. (मेजर) एनडी शर्मा खेल अलंकरण समारोह का आयोजन

प्रशिक्षण ढांचे, प्रतियोगिता आयोजन और प्रतिभा संवर्धन पर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. डा. (मेजर) एनडी शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी ने अतिथिगण का स्वागत करते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल के हुबली में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालक वॉलीबाल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम ने खिताब जीता था। टीम ने प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हुए जीत सुनिश्चित की।

मेघवाल ने रजत जीतकर रचा इतिहास, शाहनवाज को कांस्य

एजेंसी

यूजीन (अमेरिका)। बसंत कुमार मेघवाल विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं, जबकि शाहनवाज खान ने लंबी कूद में कांस्य पदक जीता, जिससे भारत के लिए यह दिन यादगार बन गया और प्रतियोगिता में उसके कुल पदकों की संख्या तीन पहुंच गई।

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के सीमावर्ती शहर अनूपगढ़ के रहने वाले 19 वर्षीय मेघवाल ने शनिवार को चैंपियनशिप के चौथे दिन 2.21 मीटर की कूद लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और रजत पदक जीता। अल्जीरिया के यूनेस अयाची ने स्वर्ण पदक, जबकि ग्रेट ब्रिटेन के ओटिस पूल ने कांस्य पदक हासिल किया। तीनों पदक विजेता केवल 2.21 मीटर की ऊंचाई तक कूद लगा सके और 2.24 मीटर की ऊंचाई पार करने में असफल रहे। ऐसी स्थिति में पिछली ऊंचाई को पार करने के प्रयासों की संख्या के आधार पर स्थानों का निर्धारण किया गया।

अयाची ने अपने पहले प्रयास में ही 2.21 मीटर की ऊंचाई पार कर ली थी, जबकि मेघवाल और पूल ने क्रमशः अपने दूसरे और तीसरे प्रयास में यह ऊंचाई हासिल की थी। भारतीय नौसेना में कार्यरत मेघवाल के रजत पदक ने उन्हें विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप में ऊंची कूद में पदक जीतने वाला पहला भारतीय भी बना दिया।

विश्व कप में 1971 से 2023 तक भारत का सफर

एजेंसी

नयी दिल्ली। पुरूष हॉकी विश्व कप के पांच दशक से अधिक के सफर में भारत को एकमात्र सफलता 1975 में कुआलालम्पुर में मिली जब अजित पाल सिंह की कप्तानी वाली टीम ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था लेकिन उसके बाद से आठ बार की ओलंपिक चैम्पियन भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रही है। टूर्नामेंट की सबसे कामयाब टीम पाकिस्तान रही है जिसने चार बार खिताब जीते जबकि नीदरलैंड, आस्ट्रेलिया और जर्मनी तीन तीन बार चैम्पियन रहे। बेल्जियम ने एक बार ट्रॉफी अपने नाम की। भारत और पाकिस्तान ने मिलकर मार्च 1969 में एफआईएच परिषद की बैठक में फुटबॉल की तर्ज पर हॉकी विश्व कप कराने का प्रस्ताव रखा जिसे अगले साल ब्रसेल्स में हुई बैठक में मंजूरी मिली। पाकिस्तान को मेजबानी दी गई लेकिन 1971 में दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के चलते पहला विश्व कप स्पेन के बार्सीलोना में हुआ। पांच उपमहाद्वीपों की दस टीमों ने एफआईएच के आमंत्रण पर इसमें भाग लिया। ओलंपिक की सबसे कामयाब टीम भारत पूल ए में फ्रांस, अर्जेंटीना, कीनिया और पश्चिम जर्मनी को हराकर शीर्ष पर रहा। सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 2-1 से हराया और फिर स्पेन को हराकर पहला विश्व कप जीता।

टीआरएयू एफसी ने भारतीय नौसेना को हराया

इंफाल। अफरीदी बुयामायुम के दो शानदार गोल की बदौलत टीआरएयू एफसी ने रविवार को डूरंड कप के ग्रुप-डी के अपने अंतिम मुकाबले में भारतीय नौसेना एफटी को कड़े मुकाबले में 2-1 से हराया।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांस्य पदक जीतने पर शाहनवाज खान को बधाई दी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2026 की पुरुष लंबी कूद स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरव दिलाने वाले प्रदेश के होनहार खिलाड़ी शाहनवाज खान को हार्दिक बधाई दी। पोस्ट में उन्होंने कहा संघर्ष, संकल्प और अथक परिश्रम से अर्जित आपकी यह उपलब्धि प्रदेश और देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। उत्तर प्रदेश और समूचे भारत को आप पर गर्व है।

मॉनसून बास्केटबॉल लीग के रोमांचक मुकाबले

खेल संवाददाता

लखनऊ। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस, मॉडर्न एकेडमी स्कूल, विनय खंड-2, गोमती नगर में चल रही मॉनसून बास्केटबॉल लीग-सीजन 1 के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबलों के बाद विभिन्न आयु वर्गों के फाइनल मुकाबले तय हो गए। अंडर-14 बालक वर्ग में अशोक अकादमी और अल्फा हूपर्स, अंडर-17 में क्लच स्क्वाड और अशोक अकादमी, जबकि अंडर-19 में वास्तेगुना हुईया और एबीए हूपर्स ने फाइनल में जगह बनाई।



वहीं, अंडर-14 बालिका वर्ग में जयपुरिया वॉरियर्स ने स्काईलार्क अकादमी को 6-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया के तत्वावधान में सुपर गोल्डन लीग द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 35 से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में जीत के लिए जोरदार संघर्ष किया। दूसरे सेमीफाइनल में अल्फा हूपर्स ने बेहद रोमांचक मुकाबले में एसटीपी को 15-14 से शिकस्त देकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। अंडर-17 बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में क्लच स्क्वाड ने एबीए को 5-3 से पराजित किया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में अशोक अकादमी ने टीएसजेड को 11-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अंडर-19 बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल में वास्तेगुना हुईया ने एएफएस को कड़े मुकाबले में 19-17 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में एबीए हूपर्स ने वेलोसिटी को 22-18 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 बालिका वर्ग के फाइनल में जयपुरिया वॉरियर्स ने एकतरफा मुकाबले में स्काईलार्क अकादमी को 6-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। दूसरे दिन के कार्यक्रम में मनोज बाजपेयी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उनके साथ खेल प्रमोटर अमित पांडे और खेल प्रमोटर अवनीश विद्यार्थी भी मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आनंद किशोर पाण्डेय, निदेशक, स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया ने की।

भुवनेश्वर की नजर खिताब पर, युवाओं के लिए बड़ा मंच आराध्य

खेल संवाददाता

लखनऊ। यूपी टी-20 लीग के चौथे सत्र के आगाज से पहले लखनऊ फाल्कन्स के कप्तान और भारतीय तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने टीम के इस बार खिताब जीतने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले सत्र के अनुभव से सीख लेते हुए टीम ने इस बार बेहतर संयोजन तैयार किया है और उसका लक्ष्य ट्रॉफी अपने नाम करना है। लीग का नया सत्र 14 अगस्त से शुरू होगा। इस बार मुकाबले लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम और कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। रविवार को इकाना स्टेडियम में मीडिया से बातचीत के दौरान भुवनेश्वर



यूपी टी-20 लीग : लखनऊ फाल्कन्स के खिलाड़ियों ने दिए सवालों के जवाब

कुमार और युवा क्रिकेटर आराध्य यादव ने लीग, युवा खिलाड़ियों के अवसर और लखनऊ फाल्कन्स की तैयारियों को लेकर अपनी बात रखी। भुवनेश्वर ने यूपी टी-20 लीग को प्रदेश के युवा क्रिकेटरों के लिए महत्वपूर्ण मंच बताते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में उन्हें अनुभवी और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का अवसर मिलता है।

इससे युवा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सीखने और अपनी क्षमता साबित करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इस लीग से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। यहां अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अपनी पहचान बना सकते हैं और आने वाले समय में इनमें से कई खिलाड़ी आईपीएल और भारतीय टीम तक पहुंच सकते हैं। भुवनेश्वर ने कहा कि लीग में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और उनके अनुभवों से सीखना युवाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने यूपीसीए की ओर से लखनऊ और कानपुर में मुकाबले आयोजित किए जाने को भी सकारात्मक कदम बताया। इससे दोनों शहरों के क्रिकेट प्रशंसकों को अपनी टीमों और खिलाड़ियों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा और प्रदेश में क्रिकेट को और बढ़ावा मिलेगा।

सीनियर खिलाड़ियों के साथ सीखने का अवसर : आराध्य यादव

लखनऊ फाल्कन्स के युवा खिलाड़ी आराध्य यादव ने भी लीग को अपने क्रिकेट करियर के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर कुमार जैसे अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ी सीख है। आराध्य ने कहा कि मैदान पर प्रदर्शन के अलावा सीनियर खिलाड़ियों की तैयारी, दबाव से निपटने और मैच की परिस्थितियों को समझने के तरीके से भी काफी कुछ सीखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस सीजन को लेकर टीम के युवा खिलाड़ियों में खासा उत्साह है।

पिछले सत्र की कमी दूर करने की कोशिश

लखनऊ फाल्कन्स की तैयारियों पर बात करते हुए भुवनेश्वर ने पिछले सत्र के प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने माना कि टीम ने लीग चरण में अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन फाइनल में खिताब से एक कदम दूर रह गई। उन्होंने कहा कि इस बार टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं और खिलाड़ियों का बेहतर संयोजन तैयार करने पर काम किया गया है। टीम अपनी पिछली कमियों से सीख लेकर मैदान में उतरेगी और कोशिश होगी कि इस बार अभियान को खिताबी जीत तक पहुंचाया जाए।

शाह ने पुडुचेरी पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण इस केंद्र-शासित प्रदेश को मजबूत करना रहा है : गृहमंत्री

एजेंसी

पुडुचेरी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पुडुचेरी पुलिस को राष्ट्रपति ध्वज (प्रेसिडेंट्स कलर) प्रदान किया। उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में बल की प्रतिबद्धता और समर्पण की सराहना की। शाह ने अंग्रेजों के जमाने के रद्द किए गए आपराधिक कानूनों का जिक्र किया, जिनमें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आईपीसी की जगह लागू की गई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) का उद्देश्य नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करना है।



पुडुचेरी के पुलिस बल को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान करने के बाद अपने संबोधन में शाह ने कहा कि नये आपराधिक कानून तीन स्तंभों प्रौद्योगिकी, समयसीमा और विश्वास पर आधारित हैं। पुडुचेरी के विकास के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता रेखांकित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण इस केंद्र-शासित प्रदेश को मजबूत करना रहा है। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी को मजबूत बनाने के लिए कई विकास योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें पिछले नौ वर्षों में 39,000 करोड़ रुपये का निवेश और हजारों करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के विस्तार से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। शाह ने कहा कि 1950 से 2014 के बीच पुडुचेरी को केंद्र की ओर से करीब 3,500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि 2014 से 2026 के बीच राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने केंद्र-शासित प्रदेश को 13,762 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी, उज्ज्वला और प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शौचालयों के निर्माण जैसी विभिन्न सरकारी पहलों से पुडुचेरी के सात लाख नागरिकों को लाभ मिला है। शाह ने कहा पुडुचेरी पुलिस को निशान (राष्ट्रपति ध्वज) मिला है। इस स्वर्णिम अवसर पर मैं प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार केंद्र-शासित प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुडुचेरी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की। शाह ने कहा कि भौगोलिक रूप से पुडुचेरी दक्षिण भारत के अलग-अलग राज्यों में फैला हुआ है और इसके कुछ हिस्से तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के यानम और केरल के माहे में स्थित हैं।

उन्होंने कहा राष्ट्रपति ध्वज मिलना किसी भी पुलिस बल के लिए सबसे सम्मानजनक पल होता है। पुडुचेरी पुलिस की संख्या करीब 5,000 है और वह केंद्र-शासित प्रदेश की सुरक्षा और आंतरिक सुरक्षा बनाए रख रही है। आप यह काम किसी फाइल या आदेश के कारण नहीं, बल्कि अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना से करते हैं। गृह मंत्री ने कोविड-19 महामारी के चुनौतीपूर्ण दौर को याद करते हुए कहा कि उस समय वह राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों की स्थिति की समीक्षा किया करते थे। उन्होंने कहा कि पुडुचेरी पुलिस ने लोगों, खासकर महिलाओं और बच्चों की सेवा के लिए अतिरिक्त प्रयास किए। शाह ने गोरिमेडु स्थित पुडुचेरी सशस्त्र पुलिस मैदान में आयोजित आधिकारिक समारोह में बल के एनसाइन ऑफीसर को राष्ट्रपति ध्वज प्रदान किया।

चीन ने तूफान डॉल्फिन के पूर्वी तट से टकराने पर जारी किया रेड अलर्ट



बीजिंग। तूफान डॉल्फिन के रविवार अपराह्न चीन के पूर्वी तट पर झेजियांग प्रांत से टकराने के बाद देश की राष्ट्रीय वेधशाला ने रेड अलर्ट जारी किया। चीन की तूफान चेतावनी प्रणाली में रेड अलर्ट सबसे उंचा स्तर है। चीन की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) ने बताया कि तूफान डॉल्फिन झेजियांग प्रांत के सानमेन से फुजियान प्रांत के फुदिंग तक देश के पूर्वी तट पर पहुंची है। एनएमसी के मुख्य पूर्वानुमानकर्ता वांग हाईपिंग ने कहा कि तूफान की वजह से भारी बारिश और इसके व्यापक तथा लंबे समय तक प्रभावी रहने की आशंका को देखते हुए रेड अलर्ट जारी करना जरूरी था। एनएमसी के मुताबिक, रविवार से बुधवार तक उत्तरी फुजियान, झेजियांग, शंघाई, उत्तरी जियांग्शी, जियांग्सू, अनहुई, पूर्वी हुबेई, मध्य और पूर्वी हेनान तथा दक्षिणी शानडोंग समेत कई इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य-पूर्वी झेजियांग और दक्षिणी अनहुई के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश हो सकती है। वांग ने बताया कि पूर्वी चीन के तटीय इलाकों और पूर्वी चीन सागर में तेज हवाओं से बचाव पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एनएमसी के अनुसार, टाइफून डॉल्फिन उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ेगा और तट से टकराने के बाद धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगा। बुधवार के बाद इसका कमजोर अवशेष उत्तर दिशा में मुड़ जाएगा।

संक्षेप

सोशल मीडिया के जरिए गुमराह करने वाली बाहरी ताकतों से सावधान रहें जेन जी : माझी

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जेन जी से अपील करते हुए रविवार को कहा कि वे उन्हें गुमराह करने और वैश्विक मंच पर भारत को कमजोर करने का प्रयास कर रही बाहरी ताकतों का शिकार न बनें। माझी ने राज्य स्तरीय हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन युवाओं को बाहरी ताकतों द्वारा गुमराह किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर बल दिया कि भारत के युवा देशभक्त हैं और देश को आगे ले जाने का प्रयास करते हैं। माझी ने कहा मैं जेन जी का आह्वान करता हूं कि वे उन बाहरी ताकतों और अदृश्य दुश्मनों से सावधान रहें जो विदेशी धरती से काम करते हैं और सोशल मीडिया के जरिए हमारे युवाओं को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के युवाओं को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन डिजिटल युग में युवाओं को बाहरी ताकतों द्वारा गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा लेकिन ये अदृश्य ताकतें अपने लक्ष्यों में कभी सफल नहीं होंगी। मेरी सलाह है कि युवा देशभक्ति को प्राथमिकता दें। युवाओं की एक ही आवाज है-हमारा देश सुरक्षित रहेगा।

छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने स्वतंत्रता दिवस के एट होम कार्यक्रम की निमंत्रण किट तैयार की

नयी दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के एट होम कार्यक्रम के लिए इस वर्ष हस्तनिर्मित निमंत्रण किट तैयार करने वाले 130 शिल्पकारों की टीम में कभी नक्सल प्रभावित रहे छत्तीसगढ़ के करीब 50 कलाकार शामिल हैं।

इस कार्यक्रम की मेजबानी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा की जाएगी। इस निमंत्रण किट में छत्तीसगढ़, गोवा, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश की समृद्ध शिल्पकला, परंपराओं व सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया है। राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों और अहमदाबाद स्थित राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) की एक टीम ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप इसकी परिकल्पना की है।

यह किट स्थिरता, समावेशिता और सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनआईडी के निदेशक अशोक मंडल ने बताया, निमंत्रण किट करीब 130 लोगों ने तैयार की है, जिनमें छत्तीसगढ़ के कभी वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित रहे बस्तर क्षेत्र के करीब 50 शिल्पकार शामिल हैं।

सरकार के रवैये से स्थानीय लोगों को होगा नुकसान

एजेंसी

रायगढ़। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को राज्य सरकार पर प्रस्तावित तीसरी मुंबई शहर से जुड़ी विकास योजनाओं को लेकर लोगों को अंधेरे में रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसके लिए जमीन तो स्थानीय लोग देंगे लेकिन फायदा बाहरी लोग उठायेंगे। तीसरी मुंबई या करनाला-साई-चिरनेर (केएससी) न्यू टाउन एक नियोजित स्मार्ट सिटी होगी, जो तटीय रायगढ़ जिले के 124 गांवों के लगभग 323-334 वर्ग किलोमीटर के इलाके में फैली हुई होगी। इस नए शहर को विकसित करने का उ[8360]देश्य मुंबई महानगर क्षेत्र में भीड़-भाड़ कम करना और इलाके में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। ठाकरे ने यहां प्रेसवार्ता में दावा किया कि आम लोगों को तीसरी मुंबई के बारे में सरकार की योजनाओं की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित शहर में एजुकेशन सिटी, मेडिकल सिटी, स्पोर्ट्स सेंटर, डेटा सेंटर ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और अनुसंधान केंद्र जैसी सुविधाएं होंगी। ठाकरे ने सवाल किया, क्या महाराष्ट्र को पता है कि सरकार का (तीसरी मुंबई के सिलसिले में) क्या करने का इरादा है? क्या हमारे युवा इसके लिए तैयार हैं? उन्होंने कहा कि रायगढ़ के पेन, पनवेल और उरण तालुका के स्थानीय लोगों से जमीन ली जा रही है। ठाकरे ने सवाल किया, राज्य सरकार स्थानीय लोगों के लिए क्या कर रही है?



तीसरी मुंबई बाहरियों को करेगी आकर्षित : राज ठाकरे

असम : बाढ़ के 20 दिन बाद भी पानी में डूबा हुआ है शिवसागर निवासी महिला का मकान

एजेंसी

शिवसागर (असम)। असम के शिवसागर कस्बे की निवासी नसीमन जमां भीषण बाढ़ के 20 दिन बाद रविवार को जब अपने घर वापस लौटीं तो वह खराब हो चुकी शादी की एलबम, दिवंगत मां की ओर से दिए गए डिनर सेट के बिखरे हुए टुकड़े, बेटियों की उलटी पड़ी हुईं पढ़ाई में इस्तेमाल होने वाली मेजें और अन्य सामान देखकर भावुक हो गईं। जमां 20 दिन पहले अपनी दो बेटियों के साथ घर छोड़कर सुरक्षित जगह चली गई थीं। घर के अंदर अब भी टखनों तक पानी भरा हुआ है। वह इस बात को लेकर चिंतित है कि वे वहां दोबारा कब रहने के लिए लौट पाएंगेअ लेकिन उससे भी बड़ी चिंता यह है कि जब फिर से तेज बारिश होगी तो उन्हें कौन भरोसा दिलाएगा कि ऐसी तबाही दोबारा नहीं होगी। जमां ने कहा, हमारा घर मेरे पति के परिवार की पुश्तैनी जमीन पर बना है। हमारे घर के बगल में मेरे देवर का घर है और उसके आगे उनके चचेरे भाई का घर है।

निकोबार परियोजना की रिपोर्ट को सार्वजनिक करे एनजीटी

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) से उच्चाधिकार प्राप्त उस समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक करने का रविवार को आग्रह किया, जिसे उसने पर्यावरण की दृष्टि से विनाशकारी ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को दी गई पर्यावरण संबंधी मंजूरियों की समीक्षा के लिए गठित करने का निर्देश दिया था। रमेश ने कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक होने पर यह स्पष्ट हो जाएगा कि इसमें गंभीर खामियां हैं। रमेश ने उम्मीद जताई कि विभिन्न न्यायाधिकरण और विशेष रूप से एनजीटी अपनी आवाज एवं प्राधिकार फिर से हासिल करेंगे और अपने कानूनी दायित्वों का अक्षरशः पालन करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा लोकसभा में कल न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026 पर चर्चा होने वाली है। यह विधेयक वर्षों के दौरान गठित 16 अर्द्ध-न्यायिक अधिकरणों के लिए नयी दिशा तय कर सकता है। इनमें अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) भी शामिल है जिसका गठन अक्टूबर 2010 में संसद के एक कानून के तहत हुआ था।

रमेश ने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य 19 नवंबर 2025 के ऐतिहासिक मद्रास बार एसोसिएशन फैसले में दिए उच्चतम न्यायालय के निर्देशों को लागू करना है। इस फैसले में न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के प्रमुख प्रावधानों को रद्द कर दिया गया था और नियुक्तियों के लिए एक स्वतंत्र राष्ट्रीय न्यायाधिकरण आयोग गठित करने को कहा गया था।

गृहमंत्री छात्रों पर हुए जुर्म का जवाब दें : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ पुलिस की कथित बर्बरता को लेकर गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर रविवार को सवाल उठाया और कहा कि देर-सबेर भाजपा नेता को इस जुर्म के लिए जवाब देना होगा। गांधी ने कहा कि शनिवार को प्रयागराज में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान एक छात्र ने उनसे कहा कि उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा। कांग्रेस नेता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कल प्रयागराज में एक छात्र ने मुझसे यही कहा। सालों की तैयारी, घर की जमीन बेची, मां-बाप का कर्ज, फिर भी हाथ में कुछ नहीं। यह हार उसकी नहीं है। यह उस व्यवस्था की हार है जिसने उसकी मेहनत का दाम देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों के आंदोलन को खत्म हुए कई दिन बीत चुके हैं लेकिन उनके खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्वाई को लेकर शाह के मुंह से एक शब्द नहीं निकला। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा मोदी जी माफी मांगने की जगह क्षमा बांट रहे हैं। उन्होंने कहा अमित शाह जी, यह मत समझिए कि हम जवाबदेही मांगना बंद कर देंगे। राजधानी की सड़कों पर बच्चों पर लाठियां और पैलेट गन चलीं- और आपने एक शब्द नहीं कहा। आज नहीं तो कल, इस जुर्म का जवाब आपको देना ही पड़ेगा। गांधी ने कहा कि छात्र देश की रोशनी हैं और वह पूरी ताकत से उनके साथ खड़े हैं। प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर 20 जुलाई को छात्रों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कथित बर्बरता पर शाह के दोनों सदनों में बयान देने की विपक्ष की मांग को लेकर संसद के दोनों सदनों में गतिरोध बना हुआ है। अधिकांश विधायी कामकाज हंगामे के बीच ही हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने छात्रों के खिलाफ पुलिस की कथित बर्बरता को लेकर संसद में बयान नहीं देने पर पिछले सप्ताह शाह की आलोचना की थी।



इंटरटेनमेंट...

'रामायण को ऑस्कर नहीं मिला तो होगी निराशा : फडणवीस



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि फिल्म रामायण को ऑस्कर नहीं मिलता है, तो उन्हें निराशा होगी। उन्होंने यह बात गुरुवार को फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियो के उद्घाटन के दौरान कही।

सीएम फडणवीस ने कहा, रामायण सिर्फ एक डिकेड (10 साल) की नहीं, बल्कि पूरे मिलेनियम (1000 साल) की फिल्म है। अगर इसे ऑस्कर नहीं मिला, तो मुझे अकादमी की ज्यूरी से निराशा होगी। उन्होंने मेकर्स से कहा, 'मैं आप सभी को बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने रामायण के निर्माण में अपना प्रयास किया और अब हम रामायण की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं और साथ ही हम प्राइम फोकस' के फेज 2 के उद्घाटन का भी इंतजार कर रहे हैं। फडणवीस ने इससे पहले मुंबई में डब्ल्यूएबीईएस समिट 2025 के दौरान फिल्म की क्वालिटी और टेक्नोलॉजी की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में कहानी कहने का एक पुराना रिवाज है और इन कहानियों को नई टेक्नोलॉजी की मदद से अगली पीढ़ी तक पहुंचाया जाना चाहिए। फिल्म रामायण के पहले पार्ट का ट्रेलर 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनियाभर में लॉन्च किया गया था। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया। शांत, तेजस्वी और मयार्दा पुरुषोत्तम की छवि में रणबीर कपूर का लुक प्रभावशाली नजर आया। भगवान राम के प्रति समर्पित लक्ष्मण के रोल में रवि दुबे का लुक दमदार नजर आया। माता सीता के किरदार में साई पल्लवी के लुक में सादगी और शालीनता नजर आ रही है। एआर रहमान और हैंस जिमर दे रहे म्यूजिक फिल्म के संगीत को लेकर भी काफी समय से चर्चा बनी हुई है। इस फिल्म में दो दिग्गज म्यूजिशियन एआर रहमान और ऑस्कर विजेता हैंस जिमर पहली बार एक साथ मिलकर बैकग्राउंड स्कोर और संगीत तैयार कर रहे हैं।

एक डिकेड की नहीं, बल्कि पूरे मिलेनियम की फिल्म

फिल्म का निर्माण नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और एक्टर यश के मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत किया जा रहा है। इस ग्रैंड प्रोजेक्ट को दो भागों में बनाया जा रहा है, जिसका पहला पार्ट नवंबर 2026 में दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगा। 4000 करोड़ के बजट में बन रही फिल्म 'दंगल' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बना चुके डायरेक्टर नितेश तिवारी पिछले कई सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

सोनाक्षी पर बीजेपी-सनातन विरोधी एजेंडा चलाने का दावा

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस बीजेपी और सनातन धर्म को बदनाम करने का एजेंडा चला रही हैं। पोस्ट में सीजेपी के छात्र प्रदर्शन को समर्थन देने, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा को कथित तौर पर धार्मिक वजह से अनफॉलो करने और फिल्ममेकर आदित्य धर के उनके बर्गर वाले पोस्ट पर हंसने वाले रिएक्शन का जिक्र है। साथ ही दावा है कि सोनाक्षी झारखंड के छात्रों के मुद्दे पर चुप हैं। हालांकि, फैक्ट-चेक में सामने आया कि इन घटनाओं में कुछ बातें सही हैं, लेकिन इन्हें जोड़कर सोनाक्षी के किसी बीजेपी या सनातन विरोधी एजेंडे का ठोस सबूत नहीं मिलता। वायरल पोस्ट में सोनाक्षी सिन्हा पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पुलिसकर्मी की मौत

मुंबई। बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर के बाहर तैनात पुलिसकर्मी की मौत हो गई है। रिपोर्ट में इसकी वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। आईएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि कॉन्स्टेबल गणेश सलमान खान के घर के बाहर तैनात थे। उनकी उम्र 41 साल थी। वे उन पुलिसकर्मियों में शामिल थे, जो लॉरेंस बिश्नोई से सलमान की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए थे। कॉन्स्टेबल गणेश अचानक बीमार होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी उन्हें पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई। सलमान खान के घर पर अभी निगरानी रखी जा रही है और उन्हें पुलिस सुरक्षा दी गई है। 2023 में लॉरेंस गैंग से धमकी मिलने के बाद ही सलमान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उन्हें महाराष्ट्र सरकार की तरफ से वाई+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है। 11 जवान हर समय साथ रहते हैं, इसमें एक या दो कमांडो और 2 पीएसओ भी शामिल होते हैं।

लॉरेंस गैंग से सुरक्षा के लिए तैनात थे, ऑन ड्यूटी गिरे, डॉक्टर्स ने मृत घोषित किया

असम बाढ़ पीड़ितों की सहायता में आगे आया बॉलीवुड

मुंबई। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एनजीओ ग्लोबल सिख्स के साथ हाथ मिलाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान ने बाढ़ से बेघर हुए लोगों के लिए 500 सेमी-पमार्नेट घर बनवाने का फैसला लिया है। रणदीप हुड्डा पहले ही राहत कार्य में जुटे हैं, जिसके बाद अब एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर भी जरुरत का सामान लेकर प्रभावित इलाकों में पहुंची हैं।

सलमान की संस्था बीइंग ह्यूमन इससे पहले भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में जरूरतमंदों तक भोजन और राहत सामग्री पहुंचाने में सहयोग कर चुकी है। अब राहत अभियान के दूसरे चरण में प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास पर फोकस किया जा रहा है। मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, असम के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में शामिल शिवसागर जिले के नेपाली खुटी गांव में अब तक करीब 220 सेमी-पमार्नेट घर बनाए जा चुके हैं। ये घर बांस और टिन की छत से तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की परिस्थितियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुनर्वास की योजना पहले से ही एनजीओ के राहत अभियान का हिस्सा थी।



असम बाढ़ पीड़ितों के 500 घर बनवाएंगे सलमान खान

हालांकि, जब सलमान खान ने अभिनेता रणदीप हुड्डा को मौके पर राहत कार्य करते देखा, तो उन्होंने इस अभियान से जुड़ने का फैसला किया। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि रणदीप हुड्डा ने सलमान को ग्लोबल सिख्स के राहत अभियान की जानकारी दी, जिसमें करीब 70 स्वयंसेवक काम कर रहे हैं।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com